ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant)
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology)

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 31.07.2023 | वर्ष 10, अंक 207

RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

असंभव शब्द का शब्द केवल कायर करते है, बहादुर और बुद्धिमान व्यक्ति अपना मार्ग खुद पक्का करते है।

## रांची का तापमान

अधिकतम $30^0$
न्युनतम $23^0$

## क्वीक न्यूज

### यूक्रेन ने रूस पर फिर किया ड्रोन से हमला, मॉस्को की दो इमारतें क्षतिग्रस्त

**मॉस्को :** रूस-यूक्रेन में जंग लगातार तेज होती जा रही है। रूसी हमलों के बाद अब यूक्रेन भी जवाबी कार्रवाई करने लगा है। यूक्रेन ने बीती रात एक बार फिर रूस की राजधानी मॉस्को पर ड्रोन से हमला किया है। यूक्रेनी ड्रोन ने मॉस्को की दो इमारतों को निशाना बनाया है। आधी रात यूक्रेन द्वारा किए गए इस हमले से अफरातफरी मची है।

### महिला कर्मचारी से सामूहिक दुष्कर्म



**तिनसुकिया (असम) :** बारिश के दौरान घर में घुस कर बदमाशों ने एक महिला के मुंह पर पट्टी बांध कर सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना से पूरा शहर हिला गया है। वारदात अंजाम देकर बदमाश भाग गए। पीड़ित ने तिनसुकिया सदर थाने में एफआईआर दर्ज करायी है।बताया गया कि किराए के मकान में एक स्कूल की महिला कर्मचारी अपनी बहन के साथ एक किराए के मकान में रहती थी, लेकिन गर्मी छुट्टी की वजह से बहन घर चली गई थी। पुलिस को रविवार को दी गई जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर को महिला घर में अकेली थी। उस समय बाहर जोरदार बारिश हो रही थी। इसी बीच कुछ बदमाश मुंह पर काली पट्टी बांधकर उसके घर में घुस गए और महिला के मुंह पर पट्टी बांध कर उसका पूरा चेहरे को ढक दिया और उसके साथ सभी ने बारी-बारी से बलात्कार किया। महिला चीख भी नहीं सकी क्योंकि मुंह पर पट्टी बंधी हुई थी। बदमाशों के जाने के बाद महिला ने आसपास के लोगों को बताया। पीड़ित महिला ने अपने परिजनों कर घटना की सूचना दी। परिजनों ने तिनसुकिया सदर थाने में इस संदर्भ में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस दर्ज प्राथमिकी के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

### पांच लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार



**गढ़वा :** गढ़वा पुलिस ने पांच लाख के इनामी उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर मनोज परहिया को गिरफ्तार किया है। मनोज परहिया रमकंडा थाना क्षेत्र स्थित गौरियाकरम का निवासी है। गढ़वा एसपी अंजनी कुमार झा को रमकंडा थाना क्षेत्र के पटसर, चेटे, सूली और गोरयाकरम के जंगल में जेजेएमपी के उग्रवादी के मूवमेंट की सूचना लगातार मिल रही थी। इस सूचना पर एसपी ने रंका एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया। इस क्रम में रविवार को अहले सुबह जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के एक सदस्य के चेटे-पटसर के जंगली क्षेत्रों में रुके होने की सूचना मिली। इस सूचना पर छापेमारी दल पटसर के जंगल पहुंचा। पुलिस बल को आते देख उग्रवादियों ने भागने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस जवानों ने सब जोनल कमांडर मनोज परहिया को दबोच लिया। मनोज परहिया पूर्व में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन से जुड़ा था। वर्तमान में जेजेएमपी संगठन के लिए सब जोनल कमांडर के तौर पर काम कर रहा था।

### मुहर्रम जुलूस के दौरान राष्ट्रध्वज के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में 18 पर मामला दर्ज

**पलामू :** मुहर्रम जुलूस के दौरान राष्ट्रध्वज के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में 18 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।बताया जाता है कि शुक्रवार पूर्वाह्न शाहपुर, कल्याणपुर-कंकारी से होकर मुहर्रम पर नौवीं का जुलूस निकाला गया था। जुलूस के दौरान राष्ट्रध्वज भी लहराया जा रहा था लेकिन उसके साथ छेड़छाड़ कर दी गई थी। राष्ट्रध्वज के रंग तो संबंधित थे लेकिन उजले रंग की पट्टी के बीच होने वाले अशोक चक्र को हटा दिया गया था। उसके जगह उर्दू के कुछ शब्द लिखे गए थे और नीचे में तलवार का निशान बना दिया गया था।

### प्रधानमंत्री ने मन की बात के 103वें एपिसोड को किया संबोधित

# 15 अगस्त से शुरू होगा मेरी माटी मेरा देश अभियान : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 103वें एपिसोड को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जुलाई का महीना मानसून और बारिश का महीना होता है, लेकिन बीते कुछ दिन प्राकृतिक आपदाओं के कारण चिंता और परेशानी से भरे रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर हम सभी पूरे उत्साह से 'अमृत महोत्सव' मना रहे हैं। 'अमृत महोत्सव' के दौरान देश में करीब-करीब दो लाख कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। ये कार्यक्रम एक से बढ़कर एक रंगों से सजे थे, विविधता से भरे थे। इन आयोजनों की एक खूबसूरती ये भी रही कि इनमें रिकॉर्ड संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान हमारे युवाओं को देश की महान विभूतियों के बारे में बहुत कुछ जानने को मिला।

आज जब देश में चारों तरफ 'अमृत महोत्सव' की गूंज है, 15 अगस्त पास ही है तो देश में एक और बड़े अभियान की शुरुआत होने जा रही है। शहीद वीर-वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान शुरू होगा। इसके तहत देश-भर में हमारे अमर बलिदानियों की स्मृति में अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

मैंने पिछले साल लाल किले से अगले 25 वर्षों के अमृतकाल के लिए 'पंच प्राण' की बात की थी। 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान में हिस्सा लेकर हम इन 'पंच प्राणों' को पूरा करने की शपथ भी लेंगे। आप सभी देश की पवित्र मिट्टी को हाथ में लेकर शपथ लेते हुए अपनी सेल्फी को http://yuva.gov.in पर जरूर अपलोड करें। पिछले वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा अभियान' के लिए जैसे पूरा देश एक साथ आया था, वैसे ही हमें इस बार भी फिर से, हर घर तिरंगा फहराना है और इस परंपरा को लगातार आगे बढ़ाना है।

### बिना मरहम के 4 हजार महिलाओं ने किया हज यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुस्लिम महिलाओं के बिना 'महरम' (पुरुष साथी) हज यात्रा करने को एक 'बड़ा बदलाव' करार देते हुए इसका श्रेय हज नीति में किए गए परिवर्तन को दिया. उन्होंने इन महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था करने के लिए सऊदी सरकार का आभार भी जताया.मोदी ने कहा कि इस बार उन्हें हज यात्रा से लौटी महिलाओं के कई पत्र भी मिले हैं, जो मन को बहुत ही संतोष देते हैं. उन्होंने कहा, ये वे महिलाएं हैं,जिन्होंने हज यात्रा बिना महरम पूरी की. ऐसी महिलाओं की संख्या 100-50 नहीं, बल्कि 4,000 से ज्यादा है. यह एक बड़ा बदलाव है.पीएम मोदी ने कहा कि पहले मुस्लिम महिलाओं को बिना महरम हज करने की इजाजत नहीं थी. इस्लाम में महरम वह पुरुष होता है, जो महिला का पति या खून के रिश्ते में हो. प्रधानमंत्री ने कहा, ÷बीते कुछ वर्षों में हज नीति में जो बदलाव किए गए हैं, उनकी भरपूर सराहना हो रही है.

### जल संरक्षण अभियान में हिस्सा लें देशवासी

प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए देश के विभिन्न इलाकों में हो रहे प्रयासों का जिक्र किया और देशवासियों से इन अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की.मोदी ने सावन के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को भी रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि इस वजह से देश के ज्योतिर्लिंगों में श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ भी हो रही है. पीएम मोदी ने कहा, बारिश का यही समय वृक्षारोपण और जल संरक्षण के लिए भी उतना ही जरूरी होता है. आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान बने 60 हजार से ज्यादा अमृत सरोवरों में भी रौनक बढ़ गई है. अभी 50 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर बनाने का काम जारी है. हमारे देशवासी पूरी जागरूकता और जिम्मेदारी के साथ जल संरक्षण के लिए नये-नये प्रयास कर रहे हैं.



## पाकिस्तान : खैबर पख्तूनख्वा में धमाका 35 मरे, 50 घायल



**जानकारी के मुताबिक जमीयत उलेमा इस्लाम-फजल के एक प्रमुख नेता मौलाना जियाउल्लाह जान की भी बम धमाके में मौत हो गई है.**


एजेंसी

**काबुल :** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में रविवार को जोरदार धमाका हुआ है. इस ब्लास्ट में 35 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 50 लोग घायल बताए जा रहे हैं, ये धमाका खैबर पख्तूनख्वा के बाजौर जिले की खार तहसील में हुआ है. बताया जा रहा है कि धमाका उस वक्त हुआ जब जमीयत उलेमा इस्लाम-फजल का सम्मेलन हो रहा था. इस घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया. लोग अपनी जान बचाने के लिए यहां-वहां भागने लगे. घायलों को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया. अधिकारियों का कहना है कि इस धमाके में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़ सकती है.जानकारी के मुताबिक जमीयत उलेमा इस्लाम-फजल के एक प्रमुख नेता मौलाना जियाउल्लाह जान की भी बम धमाके में मौत हो गई है. अधिकारी ने बताया कि घायलों को पेशावर और टिमरगेरा के अस्पतालों में ले जाया जा रहा है. पुलिस के हवाले से बताया गया कि लगभग 50 लोग घायल हो गए और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सुरक्षाकर्मियों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है.

रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता बिलाल फैजी ने बताया कि 5 एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गई हैं.

जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने पार्टी के मीडिया सेल की ओर से जारी एक बयान में घटना पर दुख व्यक्त किया. उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और स्थानीय सरकार से हमले की जांच की मांग की है. रहमान ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की. साथ ही जेयूआई-एफ कार्यकर्ताओं से तुरंत अस्पतालों में पहुंचने और रक्तदान करने की भी अपील की.

## झारखंड में सक्रिय हुआ मानसून



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। राजधानी रांची, लातेहार, पलामू सहित कई जिलों में शनिवार देर रात जमकर बारिश हुई। मौसम विभाग ने कहा है कि दो अगस्त तक मानसून सक्रिय रहेगा। इस कारण सभी जिलों में बारिश होगी। इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।बंगाल की खाड़ी में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। इसका करीब पांच दिनों तक असर रह सकता है।

रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्से में रविवार सुबह से बादल घिरे रहे। मौसम में उमस बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची के अलावा गुमला, सिमडेगा आदि जिलों में भी अच्छी बारिश हो रही है। मानसून की सक्रियता से अगले तीन दिन तक बारिश जारी रहने का अनुमान है। झारखंड में अभी औसत से 49 फीसदी कम बारिश हुई है। इसके कारण यहां धान की रोपनी भी प्रभावित हुई है। कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में अभी लक्ष्य से काफी कम मात्र 13 फीसदी ही धान की रोपनी हो सकी है। जानकारों के मुताबिक खेती के लिए बारिश अब तक 436 मिमी से ज्यादा होनी चाहिए थी। राज्य में कई जिले ऐसे हैं जहां अब तक रोपा नहीं हुआ है। इनमें खूंटी, गढ़वा, पलामू, लातेहार, सरायकेला, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो आदि जिले शामिल हैं।

## मणिपुर : विपक्षी सांसदों ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, राज्य में शांति बहाली की अपील की

एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में जारी हिंसा के बाद अब राजनीति भी चरम पर पहुंच गई है। इंडिया गठबंधन के सांसद हिंसा पीड़ितों से मिले। विपक्षी सांसदों ने बीते दिन मणिपुर में राहत शिविरों का भी दौरा किया और लोगों से उनकी तकलीफों के बारे में जाना।

इस बीच अब सभी सांसदों ने राज्यपाल अनुसुइया उइके से राजभवन में मुलाकात की। मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात के बाद इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने मीडिया को संबोधित किया। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने बताया कि सभी 21 सांसदों ने राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा।कहा कि मुख्य बात यह है कि मणिपुर को नजरअंदाज किया गया है।

उन्होंने कहा कि चूंकि राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने इसे नजरअंदाज किया है, इसलिए स्थिति बिगड़ रही है। जल्द से जल्द शांति बहाल होनी चाहिए। अधीर रंजन ने बताया कि सभी सांसदों ने राज्यपाल से अनुरोध किया जाता है कि वे केंद्र सरकार को पिछले 89 दिनों से मणिपुर में कानून और व्यवस्था के खराब हालात के बारे में अवगत कराएं।कांग्रेस सांसद फूलोदेवी नेताम ने कहा कि राहत शिविरों का दौरा कर पता चला कि एक हॉल में 400-500 लोग रह रहे हैं। राज्य सरकार उन्हें केवल दाल-चावल मुहैया करा रही है, बच्चों को पूरे दिन खाने के लिए और कुछ नहीं मिल रहा है। शौचालय या बाथरूम की भी कोई सुविधा नहीं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोग शिविरों में रह रहे हैं वह बहुत हृदय विदारक है।टीएमसी सांसद सुष्मिता देव ने कहा कि मणिपुर के हालात अच्छे नहीं हैं, हम राज्यपाल को एक संयुक्त ज्ञापन सौंपना चाहते हैं और शांति बहाल करने की अपील करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि हम राज्यपाल से राज्य की स्थिति के बारे में पीएम मोदी और अमित शाह को जानकारी देने के लिए कहेंगे।



## श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी56 रॉकेट को अंतरिक्ष भेजा गया

एजेंसी

**श्रीहरिकोटा:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) के श्रीहरिकोटा केंद्र से आज सुबह 6¬30 बजे पीएसएलवी-सी56 रॉकेट को अंतरिक्ष का सफल प्रक्षेपण किया गया। यह रॉकेट अपने साथ सिंगापुर के डीएस-एसएआर उपग्रह समेत सात उपग्रहों को लेकर गया है। डीएस-एसएआर उपग्रह का वजन 360 किलोग्राम है। यह प्रक्षेपण न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड का महत्वपूर्ण मिशन है। यह मिशन इसरो की वाणिज्यिक शाखा का हिस्सा है। पीएसएलवी-सी56 रॉकेट के सफल प्रक्षेपण में अन्य छोटे उपग्रह वेलोक्स एएम, आर्केड, स्कूब-2, नूलियोन, गेलेसिया-2 और ओआरबी- 12 स्ट्राइडर शामिल हैं। पीएसलएलवी रॉकेट से अप्रैल में दो उपग्रहों को प्रक्षेपित किया गया था। आज का प्रक्षेपण इसरो का तीसरा वाणिज्यिक मिशन है। इसरो ने मार्च में एलवीएम3 रॉकेट से ब्रिटेन के वनवेब से संबंधित 36 उपग्रहों को प्रक्षेपित किया था। डीएस-एसएआर को सिंगापुर की डिफेंस साइंस ऐंड टेक्नोलाजी एजेंसी (डीएसटीए) और सिंगापुर के एसटी इंजीनियरिंग के बीच साझेदारी के तहत विकसित किया गया है। इसमें सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) पेलोड भी शामिल है। यह सभी मौसम में तस्वीरें लेने में सक्षम है। इसे इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने विकसित किया है। वेलोक्स एएम सूक्ष्म उपग्रह है।



यह एटमास्फेरिक कपलिंग एंड डायनामिक्स एक्सप्लोलर (आर्केड) प्रायोगिक उपग्रह है। स्कूब-2 नैनो उपग्रह है। गेलेसिया-2 पृथ्वी की निचली कक्षा में परिक्रमा करेगा। ओआरबी- 12 स्ट्राइडर को अंतरराष्ट्रीय सहयोग के तहत विकसित किया गया है। वेलोक्स एएम, आर्केड, स्कूब-2 को रिंगापुर के नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी ने विकसित किया है। नूलियोन नुस्पेस पीटीई लिमिटेड से संबंधित है। गेलेसिया-2 को नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर और ओआरबी-12 स्ट्राइडर को अलीएना पीटीई लिमिटेड सिंगापुर ने विकसित किया है।

## पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य वेंटिलेटर पर

एजेंसी

**कोलकाता :** बायलेटरल निमोनिया से पीड़ित पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य को वेंटिलेटर पर रखा गया है। उन्हें शनिवार अपराह्न अलीपुर के वुडलैंड अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रातभर आठ चिकित्सकों की टीम ने उन पर निगरानी रखी। उन्हें मिक्स्ड रेस्पिरेट्री फेलियर हुआ है।

दो साल पहले कोरोना संक्रमित होने के बाद उन्हें अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखने की जरूरत पड़ी थी। तब उनके फेफड़े में भी संक्रमण हुआ था। अस्पताल के एक चिकित्सक ने रविवार सुबह बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री को सांस लेने पर दिक्कत है। लंबे समय से उम्र जनित बीमारियों से पीड़ित भट्टाचार्य का घर पर इलाज चलता रहा है। बालीगंज के पॉम एवेंयू स्थित आवास पर शनिवार सुबह उनकी तबीयत बिगड़ी। अपराह्न चिकित्सकों के परामर्श पर उन्हें तत्काल ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अलीपुर के वुडलैंड अस्पताल में भर्ती कराया गया।



# हरिहरगंज में शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में पहलाम के साथ मुहर्रम संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को कर्बला पर फतेहाख्वानी के साथ शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मुहर्रम संपन्न हो गया। हरिहरगंज शहर में अररूआ खुर्द, बेलौदर, बंजारी, सतगांवा, सियरभूंका, संडा,कटैया सहित कई स्थानों से मुस्लिम धर्मावलंबियों ने काबा तथा मदीना के प्रारुप वाली ताजिया और गाजे बाजे के साथ मुहर्रम की दसवीं का जुलुस निकाला। साथ ही कर्बला की जंग में शहीद हुए इमाम हुसैन की याद में मातम किया। जुलुस शहर के विभिन्न निर्धारित मार्गो से होते हुए देर रात कर्बला पर पहुंचा। जहाँ पहलाम के साथ ही समाप्त हो गया। इस दौरान कई स्थानों पर गोल लगाकर युवाओं ने करतब दिखाया। जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया गया था। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता बीडीओ जय प्रकाश नारायण, सीओ बासुदेव राय, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, पथरा पिकेट प्रभारी नीतीश कुमार, एसआई निर्भय कुमार, रंजीत कुमार, प्रकाश कुमार, शिवशंकर उरांव, एएसआई संजय सिंह, जितेंद्र कुमार, बीपीओ धर्मेंद्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा, मोहम्मद असलम, इरफान शाहिद, जेएमएम नेता अतहर हुसैन, मौलाना इफ्तिखार अहमद नूरी, मो0 जमील अहमद, इसरार आलम, शमशाद अंसारी, मोहम्मद एजाज सहित कई जनप्रतिनिधि तथा सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

# एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेशानुसार शहर थाना के एसआई महावीर एका के नेतृत्व में शहर थाना के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान महावीर एका के द्वारा सभी दो पहिया वाहनों को रोककर इनकी कागजात की जांच की गई।जिन वाहन चालको के पास वाहन से संबंधित कागजात नही पाया गया। उस वाहन को जब्त कर फाइन के लिए थाना में रखा गया है। इसके अलावा जो व्यक्ति हेलमेट नहीं पाने से उनका भी भाई को जब किया गया है। बताते चलें कि अभी नए एसपी के बाद आगमन के बाद सभी थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वही मौके पर उपस्थित महावीर एका ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक नहीं है। वाहन चेकिंग के दौरान उन्होंने लोगों को बाइक चलाते समय हेलमेट पहनना और वाहन से संबंधित कागजात साथ में रखने का आग्रह किया है।

## दहेज हत्या के आरोप में पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह पंचायत के तुरिया टोला गांव में शनिवार एक महिला फांसी के फंदे पर लटकी मिली थी। ससुराल वालों ने मामले को आत्महत्या बताया था। लेकिन मृतका महिला के पिता ने पति,सास व ससुर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह तुरीया टोला गांव में शनिवार सुबह 6 बजे एक 22 वर्षीय महिला का शव रोड़ी का पेड़ पर फंदे से लटका मिला था। ससुराल पक्ष के लोगो ने मामले को आत्महत्या बताया था, लेकिन मृतका महिला के पिता ने थाने में लिखित आवेदन में बताया है कि ससुराल पक्ष के लोग उनकी बेटी से लगातार दहेज मांगते नगद डेढ़ लाख रूपए और अपाची मोटरसाइकिल की मांग कर मारपीट रहे थे। दहेज नहीं देने पर उसका 1 पति चंदन भूईहर, 2 सास राजमती कुंवर, 3 बड़ा भाई राजू भूईहर, 4 बहु सुनंती देवी, 5 भतीजा सौरभ भूईहर इन पांचों ने उसकी बेटी रजंती देवी को हत्या कर फांसी के फंदे पर लटका दिया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ली है। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय ने बताया कि मृतका के पिता की लिखित आवेदन के आधार पर इन पांचों के खिलाफ दहेज हत्या में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## महत्वपूर्ण कार्यों को दी जा रही है प्राथमिकता : मीना



**पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड के पंचायत दलपतपुर के ग्राम धुसरुआ स्थित रेहडा पर 15 वें वित्त के मद से दिन रविवार को मुखिया मीना देवी ने पुल निर्माण का शिलान्यास किया। मीना देवी ने कहा कि पंचायत मे सर्वप्रथम महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। वही युवा नेता राजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि पुल निर्माण से ग्रामीणों को सहूलियत होगी। हम लोगों का इस कार्यकाल में पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने की कोशिश रहेगी। पंचायत के सम्मानित जनता से उन्होंने कहा है कि प्रखंड स्तर पर कोई भी परेशानी हो तो सीधा आकर मुझसे बताएं ।मैं आपकी समस्याओं का हर संभव निदान करने की कोशिश करूंगा। पुल निर्माण का शिलान्यास होने से ग्रामीणों में काफी हर्ष का माहौल था। मौके पर नंदलाल यादव संजय यादव सुदामा यादव राजू यादव दीपक यादव जितेंद्र यादव सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

# इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर, पलामू :** मणिपुर की घटना के विरोध में आईएनडीआईए आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। रविवार को स्थानीय परिसदन में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की बैठक हुई। इसमें सीपीआई के पूर्व राज्य सचिव केडी सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंहा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, राजद जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, राजद एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय पासवान, सीपीआई जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी, मुकेश सिंह, विद्या सिंह चेरो सहित कई लोग शामिल थे। बैठक में आंदोलन की रणनीति बनाया गया।इसके बाद प्रेस कांफ्रेंस में बताया गया कि एक अगस्त को इंडिया गठबंधन के बैनर तले विरोध प्रदर्शन एवं सभा किया जायेगा। शहर के छह मुहान से सुबह करीब 11.30 बजे विरोध मार्च शुरू होगा। इसमें शामिल घटक दल के लोग मुख्य मार्ग से होते हुए कचहरी परिसर में प्रदर्शन एवं सभा करेंगे। झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंहा ने कहा कि मणिपुर की घटना से पूरी मानवता शर्मसार हुआ है। इस मामले में केंद्र एवं मणिपुर की भाजपा सरकार चुप है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि मणिपुर की घटना भाजपा की सोची समझी राजनीतिक षडयंत्र का परिणाम है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने यह साजिश रची है। मणिपुर की घटना पर विपक्ष सदन में प्रधानमंत्री से जवाब मांगा है, लेकिन इसके लिए पीएम के पास समय नहीं है। सीपीआई के पूर्व राज्य सचिव केडी सिंह ने मणिपुर की घटना को भाजपा का राजनीतिक साजिश करार दिया। कांग्रेस प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी ने कहा कि मणिपुर की घटना से विश्व में भारत का छवि धूमिल हुआ है। सीपीआई के जिला सचिव ने कहा कि घटना के दो माह के बाद भी केंद्र सरकार का चुप रहना उनकी संलिप्तता को दर्शाता है। राजद जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा एवं एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय पासवान ने घटना की निंदा करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ मुखर आंदोलन की जरूरत बताया।

# मोहर्रम के जुलूस में ताजिया, लाठी, तलवार, भाला प्रदर्शन करने वाले को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मोहर्रम के अवसर पर सूर्य मंदिर परिसर में लोगों ने लाठी, तलवार, भाला आदि का प्रदर्शन किया . बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नाइस टेलर के द्वारा सम्मानित किया गया। ताजिया में प्रथम स्थान बगईयाटांड़ के अख्तर अंसारी, दूसरा बिशुनपुर के जाहिद हुसैन वहीं अखाड़ा में सद्दाम हुसैन डुबाट पर, लाठी, भाला, तलवार आदि खेल प्रदर्शन में प्रथम स्थान सोनबरसा निवासी महबूब आलम तथा दूसरे स्थान के लिये नरही निवासी शाहिद रजा को सम्मानित किया गया। बेहतरजुलूस लाने वाले कमेटी को भी सम्मानित किया गया जिसमें प्रथम माउंट हीरा ऑर्गेनाइजेशन सदर सद्दाम हुसैन, द्वितीय स्थान मोहर्रम शहादत सदर आजाद आलम के नाम शामिल है। इस अवसर पर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद, खान, नाइस टेलर के प्रोपराइटर अबूताज शहंशाह के द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान लाने वाले प्रतिभागियों को मोमेटो एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ मुहर्रम त्योहार को मनाते हैं. मौके पर पूर्व सरपरस्त तस्लीम खान, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी सदर मुराद खान, खजांची लालबाबू खान, सरपरस्त शमीम खान, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, झामुमो नेत्री किरण देवी, खुशदिल सिंह, कांग्रेस जिला महासचिव ओमप्रकाश चौबे, समाजसेवी आमीन खान, डॉ कुतबुद्दीन अंसारी, डॉ कैसर आलम, शोएब आलम, नरही सदर नसीर अंसारी, फुलटून खान, अजूबा खान, अयुब अंसारी, इम्तियाज अंसारी, तुफैल खान, बबलू खान, तौवाब खान, सलातीन खान, सुहैल आलम, सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अध्यक्ष व सचिव पद के चुनाव को लेकर रविवार को नामांकन दाखिल करने की तिथि समाप्त



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष व सचिव पद के चुनाव को लेकर रविवार को नामांकन दाखिल करने की तिथि समाप्त हो गई। अध्यक्ष पद के लिये शम्भूनाथ सौदागर व सचिव पद के लिये गोपाल प्रसाद जायसवाल ने चुनाव पदाधिकारियों के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है.चुनाव अधिकारियों के अनुसार नियमानुसार स्कूटनी सोमवार को होगा.लेकिन अध्यक्ष व सचिव पद के लिये एक एक नामांकन पत्र दाखिल होने के कारण दोनों पदों पर अध्यक्ष व सचिव का निर्विरोध चयन तय है। मौके पर चुनाव पदाधिकारी तस्लीम खान, ओमप्रकाश चौबे, आनन्द अग्रवाल, विनोद कुमार, राजन कुमार, मनोज कुमार, अजय प्रसाद तथा पर्यवेक्षक धर्मचन्दलाल अग्रवाल उपस्थित थे।

# कजरी में मुखिया ने किया पीसीसी पथ का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** प्रखण्ड क्षेत्र के कजरी में पीसीसी पथ का उदघाटन कजरी पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष रंजना कुमारी सिंह ने किया। एनएच 75 से प्रदीप सिंह के घर तक 15 वें वित्त से 248000 की लागत से बने पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया है। उदघाटन के बाद आयोजित समारोह में मुखिया रंजना सिंह ने कहा कि चुनाव में किया वादों को पूरा करने का प्रयास कर रही हूं ।आमजनों से किये गये वादों को धीरे द्व धीरे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। पीसीसी पथ नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानी होती थी। चुनावी दौरा के दौरान ही ग्रामीणों ने बताया था कि टोला तक जाने के लिए पथ नहीं रहने से काफी परेशानी होती थी। ग्रामीणों के परेशानी को देखते हुए पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया। मुखिया रंजना ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के लोगों को मुलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वह निरंतर सक्रियता के साथ लगी हुई है। गांव के जरूरतमंदों तक बिना किसी भेदभाव के सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए वह सक्रियता के साथ काम कर रही है। इस मौके पर युवा समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह, उपेन्द्र सिंह, महेंद्र पासवान, विकास सिंह, प्रदीप सिंह, विमला देवी, गीता देवी, मीना देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# पूरन चंद फाउंडेशन संस्था द्वारा पूरन चंद की पुण्यतिथि मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पूर्व मंत्री एवं पलामू के समाजवादी नेता पूरन चंद की पुण्यतिथि के अवसर पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने डाल्टनगंज स्थित पंच मुहान में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके पर पूरन चंद फाउंडेशन संस्था के द्वारा भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर पूरन चंद के पोता अभिजीत कुमार ने कहा कि पूरन चंद के अधूरे सपने को पूरा किया जाएगा। पूरन चंद की हार्दिक इच्छा थी कि पलामू जिले में लोहिया आश्रम बनाया जाए। इसके साथ ही फाउंडेशन द्वारा पूरन चंद एजुकेशनल सेंटर पलामू जिले के चैनपुर थाना अंतर्गत शाहपुर में नदी किनारे 27 डिसमिल जमीन में बनाया जाएगा। जिससे बच्चों को ऐसी व्यवहारिक शिक्षा दी जाएगी। जिससे उन्हें तत्काल रोजगार मिल सके। इसके लिए कई कंपनियों से एमओयू किया गया है। इसका शिलान्यास पूरन चंद जी के जन्म तिथि के अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा में किया जाएगा। इस मौके पर जदयू के पूर्व जिला अध्यक्ष राज नारायण पटेल, अंकित कुमार, अधिवक्ता शशि भूषण, प्रिया कुमारी, गौतम कुमार, सुनील प्रसाद, महेश प्रसाद, अमन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# तिरंगा झंडा के साथ छेड़छाड़ मामले में नामजद समेत 18 पर एफआईआर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मुहर्रम जुलूस के दौरान राष्ट्रध्वज के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सही पाया गया है. पुलिस जांच में पुष्टि होने के बाद इस संबंध में 1 दर्जन से अधिक नामजद समेत 18 के खिलाफ चैनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. पूरे मामले की छानबीन में पुलिस जुटी हुई है. जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की बात पुलिस की ओर से कही गई।बताते चलें कि गत शुक्रवार को जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर, कल्याणपुर, कंकारी से होकर निकाले गए मोहर्रम जुलूस के दौरान राष्ट्रध्वज के साथ छेड़छाड़ कर उसे लहराते एक वीडियो सामने आया था. इस पर पुलिस ने संज्ञान लिया और छानबीन करते हुए 13 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई, वहीं 4 से 5 अज्ञात के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।बताया जाता है कि शुक्रवार पूर्वाहन में शाहपुर, कल्याणपुर-कंकारी से होकर मुहर्रम पर नौवी का जुलूस निकाला गया था. जुलूस में कई प्रोसेशन शामिल थे. डीजे बजाए जा रहे थे। जुलूस के दौरान राष्ट्रध्वज भी लहराया जा रहा था, लेकिन उसके साथ छेड़छाड़ कर दी गई थी. राष्ट्रध्वज के रंग तो संबंधित थे, लेकिन उजले रंग की पट्टी के बीच होने वाले अशोक चक्र को हटा दिया गया था. उसके जगह उर्दू के कुछ शब्द लिखे गए थे और नीचे में तलवार का निशान बना दिया गया था।आस पास के लोगों ने जब तिरंगे में बदलाव देखा तो उसकी तस्वीरें ले ली और उसे सोशल मीडिया में वायरल किया. हालांकि तबतक इसकी सूचना पुलिस को मिल गई थी।सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने रविवार को बताया कि अनुसंधान के क्रम में राष्ट्रध्वज के साथ छेड़छाड़ का मामला सही पाया गया. मामले में इंसल्ट टू फ्लैग अधिनियम एवं भावनाएं आहत करने के संबंध में नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और अनुसंधान किया जा रहा है. चैनपुर के थाना प्रभारी रूपेश कुमार दुबे ने बताया कि मोहर्रम कमेटी के 13 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## पुलिस ने अवैध 55 पेटी शराब को किया जब्त

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलाम हुसैनाबाद एसडीपीओ सह आईपीएस अधिकारी पूज्य प्रकाश को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उनके निर्देशानुसार हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने एसआई जिम्मी हासदा के नेतृत्व में टीम गठित कर बेनिकला सिड़हा गांव में छापेमारी की। जिसमे मिट्टी के एक घर से अंग्रेजी शराब के 55 पेटियां जब्त की गई। जिसमे चंडीगढ़ निर्मित ब्लू स्ट्रोक नामक शराब के 55 पेटियों में बंद 180 एमएल के 2640 बोतले बरामद किया गया । बरामद सभी शराब के पेटियों को हुसैनाबाद थाना लाया गया वही कारोबार में समलित नीतीश तिवारी नामक युवक पुलिस को देख अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। जिस घर से शराब बरामद हुआ है अयोध्या उपाध्याय नामक व्यक्ति का घर बताया जा रहा है।

# किसी भी परिस्थिति में मंत्र की, संत की तथा भगवान की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए : जीयर स्वामी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि मंत्र संत एवं भगवांन की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए. उन्होंने बताया कि इसी मर्यादा का पालन कुंती ने नहीं किया था, जिसके चलते उनको विवाह से पहले पुत्र को प्राप्त करना पड़ा. कुंती ने मर्यादा का पालन नहीं किया और मंत्र की परीक्षा लेनी शुरू कर दी, जिसका परिणाम यह हुआ की कुंवारी अवस्था में हीं उसे कर्ण के रूप में पुत्र को प्राप्त करना पड़ा.अतः किसी भी व्यक्ति को मर्यादा का ख्याल रखना चाहिये.किसी भी परिस्थिति में मंत्र की संत की तथा भगवान की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। हर व्यक्ति को मर्यादा के अंतर्गत अपने जीवन को जीना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में मर्यादा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। विषम परिस्थिति में भी मर्यादा का पालन करते रहना चाहिए, क्योंकि मर्यादा ही पुरुष की शोभा है। मनुष्य की शोभा है संसार की शोभा है राष्ट्र की शोभा है। कुल की शोभा है इस जगत की शोभा है.बिना मर्यादा का मनुष्य जानवर से भी गया गुजरा है। जिस प्रकार जल विहीन नदी का कोई अस्तित्व नहीं रह जाता, उसी प्रकार मर्यादा के बिना मनुष्य का भी कोई अस्तित्व नहीं है। जो विषम परिस्थितियों में भी मर्यादा का पालन करते हैं धर्म का पालन करते हैं ,माता-पिता का कद्र करते हैं, स्त्री का सम्मान करते हैं, बुजुर्गों का सम्मान करते हैं उन पर लक्ष्मी नारायण भगवान की कृपा बनी रहती है. उनका परिवार विकास करता है. उन्होंने कहा कि सबको आपस में प्रेम और सद्भाव के साथ जीवन जीना चाहिए। भरत के चरित्र को जीवन में उतारना चाहिए। भाई भरत के चरित्र का पूजा किया जाए और एक भाई से बेईमानी किया जाए यह उचित नहीं है। जिस प्रकार त्रेता द्वापर में एक भाई दूसरे भाई के लिए त्याग की भावना रखते थे, उसको जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने परिवार के लिए, अपने भाई के लिए, अपने समाज के लिए मन में त्याग की भावना रखनी चाहिए. स्वामी जी महाराज ने कहा कि एक भाई से बेईमानी कर कबूतर को दाना खिलाने से कोई फायदा नहीं हो सकता.

## केतार में कांस से निर्मित बाबा साहब का भव्य हुआ प्रतिमा अनावरण

# बाबा साहब प्रतिमा अनावरण में शामिल हुए भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** मुख्य बाजार के पुरानी बस स्टैंड चौक पर स्थित बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रत्तिमा अनावरण भीम आर्मी के राष्टीय अध्यक्ष रत्न कुमार सिंह, अनवारण समिति के सयोजक अजय वर्मा, प्रोफसर लक्ष्म यादव ने सयुक्त रूप से फूल के माला चढ़ाकर किया। इसके पश्चात लोहिया समता उच्य विद्यालय में सर्वप्रथम डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर, गौतम बुद्ध, करीब दास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर सम्मानित अतिथियों को एक्कीस किलो का फूल माला से ओढ़ाकर कार्यक्रम की सुरुआत की गई। अनवारण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रतन कुमार सिंह ने बाबा साहेब के प्रत्तिमा लगाने के दौरान जेल गए पांच लोगों को अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया साथ ही अपने संबोधन में कहा कि आज देश चलाने वाले लोग धर्म के नाम पर सत्ता में आगए और बेटी बचाव बेटी पड़ाव के नाम पर सत्ता हथिया लिए परन्तु आज उन्ही के सरकार में हम आदिवासी, दलित, की बहन बेटी सुरक्षित नही है जिसका साक्ष्य वर्तमान मणिपुर कि घटना है आज हम सबो को धर्म नही शिक्षा हासिल कर सविधान पढ़ने की जरूरत है। वही इस मौके पर प्रोफेसर लक्ष्मण यादव ने कहा कि आज बाबा साहेब की प्रत्तिमा का आगाज हुआ है आगे आप सभी कमिटी को ज्योति बाई फुले के नाम से पुस्कालय खोलने की जरूरत है। ताकि बाबा भीम राव अम्बेडर की बातों को घर घर तक पहुचाई जा सके। इस राज्य में विरसा मुंडा के द्वारा संदेश अबुआ देश अबुआ राज÷ के यादों को साकार करना है। आज कलम एवं किताबो की जरूरत है तभी आप सभी एक जुट होकर संगठित होकर विकास कर पाएंगे। आज शिक्षा की जरूरत है। इस कार्यक्रम को बिरहा कलाकार ओमप्रकाश दीवाना ने समय समय पर लोगो को मनोरजन किया। इस कायर्क्रम को शांति व्यवथा के लिए बीडीओ सह सीओ मुकेश मछुआ, थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने दल बल के साथ मुस्तैदी से शामिल रहे। इस सभा को अरजक संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, शत्रुध्न कुमार शत्रु, मोमताज खान, सिराज खान, केपी यादव, सुषमा बौद्ध, ईश्वरी प्रसाद यादव, रवि पाल, नान्हू राम ने सम्बोधित किया। इस मौके पर अनावरन समिति के अध्यक्ष विंदु राम, कोषाध्यक्ष रामविचार साहू, लालेश्वर राम, जीतन राम, विनोद कुमार, शम्भू सिंह, शिवकुमार सिंह, मनोज फौजी, लल्लू राम, कृष्णा राम, सहित हजारो लोग उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### कराटे में कैम्ब्रियन काठीटांड़ का शानदान प्रदर्शन

**राँची ।** रांची जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप 2023 प्रतियोगिता जो निर्मला कॉलेज डोरंडा में आयोजित किया गया था, उसमें कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल, काठीटीड़रातू के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया और विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रधानाचार्य जेराल्ड पैट्रिक पी को गेस्ट ऑफ ऑनर और बेस्ट रेफरी अवार्ड का खिताब शिक्षक शहजाद कुरेशी को प्राप्त हुआ । विद्यार्थियों में खुशनुमा परवीन को अंडर 14 इयर्स गर्ल्स कुमिते में तृतीय स्थान, जूनियर गर्ल्स काता में द्वितीय स्थान श्रुति उराँव, अंडर 12 इयर्स गर्ल्स कुमिते में स्नेहा कुमारी को द्वितीय स्थान और दिलकश नाज को 14 इयर्स गर्ल्स कुमिते में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। ओवर ऑल सेकेंड रनर का पुरस्कार केम्ब्रियन पब्लिक स्कूल काठीटांड़, रातू को प्राप्त हुआ।इस सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक परमा सिंह सहित विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना के साथ हार्दिक शुभ- कामनाएँ और प्रसन्नता व्यक्त किया।

### प्रदेश भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 103वें एपिसोड को राज्य के 29 हजार बूथों सहित 5800 शक्ति केंद्र पर भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं एवं आम जनता ने सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने देवघर प्रवास के दौरान देवघर विधानसभा क्षेत्र के आम गाछी शक्ति केंद्र स्थित मलहारा बूथ संख्या 347 पर मन की बात को सुना। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास रांची के धुर्वा में, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा रांची स्थित आवास में और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह हरमू के बूथ में शामिल हुए।

# मानसून सत्र में विधायकों के वेतन बढ़ोतरी का प्रस्ताव लाने की तैयारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में मंत्रियों और विधायकों की वेतन बढ़ोतरी से संबंधित प्रस्ताव सदन में लाने की पूरी तैयारी है। भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने इस साल बजट सत्र के दौरान सदन में विधायकों की वेतन बढ़ोतरी की मांग की थी। उनकी इस मांग पर पक्ष और विपक्ष के सदस्य सहमत दिखे थे। हालांकि, सरकार की ओर से इस विषय में कोई स्पष्ट उत्तर नहीं आया था। इसलिए इसपर कोई फैसला नहीं लिया जा सका था।बजट सत्र के दौरान भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने महंगाई बढ़ने के कारण समय की मांग को आधार बनाकर सदन में विधायकों की वेतन बढ़ोतरी की मांग की थी। इसके बाद भाजपा के वरिष्ठ विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की अध्यक्षता में विधानसभा की एक समिति का गठन किया गया, जिसको विधायकों के वेतन बढ़ाने को लेकर एक रिपोर्ट विधानसभा को सौंपनी थी। बताया जा रहा है कि समिति ने अपनी रिपोर्ट विधानसभा को सौंप दी है, जिसमें विधायकों का वेतन 40 हजार से बढ़ाकर 55 से 60 हजार रुपये प्रतिमाह करने की अनुशंसा की गई है। अब चालू मानसून सत्र में इस प्रस्ताव को लाने की तैयारी की जा रही है।पिछली बार वेतन में बढ़ोतरी रघुवर दास सरकार में साल में 2015 में हुई थी। तब मुख्यमंत्री की बेसिक सैलरी 70 हजार से बढ़ाकर 80 हजार रुपये किया गया था। विपक्ष के नेता का वेतन 50 हजार प्रतिमाह से बढ़ाकर 65 हजार कर दिया गया था। विधानसभा अध्यक्ष का मूल वेतन 55 हजार किया गया। इसी तरह उप मुख्य सचेतक को 50 हजार और सचेतक का 45 हजार रुपये वेतन दिया जाता है। विधायकों का वेतन 40 हजार किया गया था।

# सफलतापूर्वक मुहर्रम संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन बधाई के पात्र हैं : मुजीब कुरैशी

**प्रभाम मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कोविड संक्रमण के कारण करीब 3 सालों के बाद रांची में भव्य मुहर्रम का जुलूस बड़े धूमधाम के साथ 29 जुलाई 23 को रांची शहर के विभिन्न गली, मोहल्लों से ढ़ोल,बाजार के साथ निकाला गया , जो अपने-अपने निर्धारित मार्गो से होते हुए अपर बाजार से उर्दू लाइब्रेरी और कर्बला होते हुए देर रात अपने-अपने घर वापस लौट गए। इस मुहर्रम के जुलूस में लाखों की भीड़ अस्त्र-शस्त्र के खेल, झांकियां, घोड़े आदि के साथ लोग सड़क पर उतर आए और अपना खेलों का जमकर प्रदर्शन किया। इस पूरे जुलूस को बेहतर तरीके से सफल बनाने के लिए रांची वासियों का आभार जिन्होंने अपने खलिफाओं की बातों को माना और जिला प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश का अनुपालन किया । उक्त बातें झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कही। मुजीब कुरैशी ने आगे आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मुहर्रम के जुलूस को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा निर्देश को डीजीपी अजय सिंह ने अमली जामा पहनाया और रांची जिला के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल को इसके लिए बधाई के पात्र हैं। साथ ही नगर पुलिस अधीक्षक शुभांशु जैन , ग्रामीण एसपी के पद पर पदस्थापित सह यातायात पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, यातायात डीएसपी जीत वाहन उरांव,शहर डीएसपी दीपक कुमार , कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, हटिया डीएसपी राजा मित्रा, रातू डीएसपी प्रवीण कुमार, बेडो डीएसपी रजत बाखला, सदर डीएसपी प्रभात रंजन , खिलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी, नामकुम डीएसपी मोमुल राजपुरोहित, सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर सहित सभी थाना के थानेदार मुख्य रूप से लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद, खादगढ़ा टीओपी प्रभारी आकाश, मंटू सिंह,कोतवाली थाना प्रभारी शैलेश कुमार, हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी विनय कुमार, लालपुर थाना प्रभारी ममता , नामकुम थाना प्रभारी सह आईपीएस प्रशिक्षु रितिक श्रीवास्तव, डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, सदर थाना प्रभारी श्याम महतो, गोंदा थाना प्रभारी रवि ठाकुर ,अरगोड़ा थाना प्रभारी ब्रिज कुमार ,खिलारी फरीद अहमद, मैक्लुस्कीगंज थाना जंग बहादुर, सहित कांके,अनगडा सभी क्षेत्रों के थाना प्रभारी और सिपाही ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर तैनात रहे। वहीं सौहार्द, एकता के प्रतीक श्री महावीर मंडल, श्री दुर्गा पूजा समिति खासकर राजीव रंजन मिश्रा,अजीत साहय,रामधन वर्मा,जय सिंह यादव, लीलू अली अखाड़ा, धवताल, सेंट्रल मुहर्रम कमेटी सहित कई संगठनों के गणमान्य लोग अपना सहयोग दिए। किसी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी,इसके लिए सभी धर्मो, समाजिक संगठनों और रांची जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन आभार के पात्र हैं। इसी तरह से सभी रांची वासियों के सूझबूझ से आगे भी इसी तरह का भीड़-भाड़ वाला पर्व पूरे सौहार्द, एकता भाई चारे और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में मिलजुलकर योगदान देंगे।

## सूखे की चपेट में झारखण्ड : बंधु तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड के 24 लाख से अधिक किसानों को पिछले वर्ष घोषित सूखा राहत की राशि अबतक नहीं मिली है। और यह गंभीर चिन्ता की बात है। जबकि इस वर्ष फिर से कम वर्षा के कारण झारखण्ड का अधिकांश हिस्सा सूखे की चपेट में है। अपने भविष्य के प्रति किसान बहुत अधिक व्याकुल एवं आशंकित हैं। तिर्की ने कहा कि राज्य के कुल 33 लाख 62 हजार 823 से पिछले वर्ष सरकार की घोषणा के बाद राहत के लिये आवेदन किया था जिनमें से लगभग 10 लाख किसानों को ही राज्य सरकार ने साढ़े तीन हजार रूपये की सहायता राशि दी है और बाकी किसान मदद की आस लगाये बैठे हैं।तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार के आँकड़ों के अनुसार आवेदन करनेवाले किसानों में 17 लाख 49 हजार 806 वैसे हैं जिन्होंने कम बारिश के कारण बुवाई ही नहीं की जबकि 10 लाख 259 किसानों ने फसल तो लगाई पर उनकी एक तिहाई फसल क्षतिग्रस्त हो गयी, जबकि 6 लाख 12 हजार 758 वैसे भूमिहीन कृषक मजदूर हैं जो इस आपदा से प्रभावित हुए।

# अमृत दही हांडी प्रतियोगिता मे रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अमृत दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष गोविंदा टीम व महिला गोविंदा टीम भाग ले सकेंगे। जिसका रजिस्ट्रेशन समिति में गोबिंदाओ की टीम को करवाना अनिवार्य होगा।

समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय, तृतिय व् सांत्वना पुरस्कार भी रखा जायेगा। अमृत दही हांडी प्रतियोगिता में कुछ नियम व् शर्ते भी रहेगी।

पुरुष गोविंदा टीम के लिए हांडी 25 फीट पर वह महिला गोविंदा के लिए 15 फीट पर बांधी जाएगी वही पुरुष गोविंदा को हांडी फोड़ने का समय 5 मिनट वह महिला गोविंदा को 3 मिनट का समय दिया जाएगा। जो सबसे कम समय में हांडी फोड़ेगा उसे क्रमवार प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा। 18 साल से ऊपर के पुरुष एवं महिला गोविंदा हांडी फोड़ प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

इस बार पूरी रांची कृष्ण मय हो जाएगी। कृष्ण जन्म उत्सव पर रंग बिरंगी पताकाओ और फूलों से स्थल को सजाया जाएगा। इस अवसर पर संरक्षक सीपी सिंह, अजय मारू ने भी प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

इस अवसर पर संरक्षक संजय सेठ,अध्यक्ष मुंकेश काबरा ने कहा कि अगली बैठक में समिति के अन्य पदों व कार्यो के लिए सदस्यो के नाम देकर समिति का बृहत् विस्तार किया जायेगा। समिति के संरक्षक सह सांसद संजय सेठ,सी पी सिंह, अजय मारू,अध्यक्ष मुकेश काबरा महासचिव जवाहर तनेजा , प्रमोद सारस्वत,कमलजीत सिंह शंटी ,राम बांगड़, ,सतीश सिन्हा, नीरज चौधरी, संजय पोद्दार, ललन श्रीवास्तव, मनोज तिवारी,विपिन वर्मा, नरेंद्र लाखोटिया ,किशन साबु, गोवर्धन भाला, रमेन्द्र कुमार,राजकुमार सोमानी, शिव शंकर साबू, राजीव सहाय , जुगल दरगड़,मनीष लोधा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात का 103 वां संस्करण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची महानगर के सभी बूथों के कार्यकर्त्ता एवं स्थानीय नागरिकों के साथ शक्ति केन्द्रों के किसी एक स्थान पर बैठकर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात का 103 वां संस्करण देखा और सुना। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास धुर्वा मंडल में, भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह , पांकी के विधायक शशिभूषण मेहता भाजपा महानगर अध्यक्ष के.के. गुप्ता हरमु मंडल के बुथ संख्या 309 एवं 310 नव प्राथमिक विद्यालय आनन्दपुरी, रांची के लोकप्रिय विधायक सी पी सिंह अपर बाजार मंडल के बुथ संख्या 152 एवं 153 के गाड़ीखाना शक्ति केन्द्र में हटिया के विधायक अरगोड़ा मंडल में अपने आवासीय कार्यालय में, समरी लाल बरियातु मंडल में मन की बात सुनी। इन कार्यक्रमो में मुख्य रूप से बालमुकुंद सहाय,सुबोध सिंह गुड्डू, सत्यनारायण सिंह,वरूण साहु, बलराम सिंह, राजु सिंह,रमेश सिंह, रोमित नारायण सिंह , अनिता वर्मा, रामलगन राम, प्रमोद नाथ शहदेव, ओमप्रकाश पाण्डेय, सुवेश पाण्डेय, बिनोद महतो, इंद्रजीत यादव,संतोष मिश्रा,उमेश यादव, रामजी प्रसाद, पप्पु जायसवाल, पप्पु वर्मा, सुजीत शर्मा, विकास रवि, दीपक साह, सुभाष अग्रवाल, सूर्यप्रताप, सूर्यप्रभात, मुनेश्वर साहु, निलेश सिंह,आनन्द वर्मा, उपस्थित रहें।

# कस्टोडिएल डेथ व थाने में यातना उत्पीड़न पर वेबीनार के माध्यम से हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सहित भारत के अन्य राज्यों में जेल में हो रहें मौत व थाना में यातना के गम्भीर व अनेको घटना अखबारों सोशल मीडिया के माध्यम से देखते सुनते होंगे। इस तरह के मौत मानवाधिकार,व्यक्ति के अधिकार का हनन माना गया है।भारत के सभी संस्थान भारत के संविधान से चलते हैं। संविधान के अन्तर्गत बहुत से संस्थान मानव हित के मानव सुधार के लिए बनाए गयें हैं। जिसमे जेल और थाना भी एक है। ये जेल और थाना हमारे समाज में अपराध व अन्य असमाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए बनाए गये है। विगत कई सालों से थाना कि भूमिका मनुष्य के साथ यातना उत्पीडन् का रहा है। जिससे थाने के अंदर कई मौत हुई है। इस तरह की समस्याओं से आदिवासी, किसान, मजदूर ,ग्रामीण, व अन्य वर्ग के लोग अधिक है। इन चुने हुए गम्भीर मुद्दे पर चुने हुए मानवाधिकार कार्यकर्ता के बीच वेबीनार के माध्यम से कस्टोडिएल डेथ व थाने पर यातना, उत्पीडन÷, ञ्च डी के वासु गाइड लाइन का उपयोग झारखंड व देश भर के थाना में कितना हो रहा है? पर चर्चा की गई। मुख्य रूप से हेनरी टीफाग्ने तमिलनाडु स्थित एक मानवाधिकार वकील और पीपुल्स वॉच के कार्यकारी निदेशक हैं,मो0 शादाब अंसारी पी यू सी एल व रांची हाई कोर्ट के वकील,ओंकार विश्वकर्मा मानवाधिकार कार्यकर्ता विषय ञ्च वासुदेव गार्डलाइन पर काम करते है,इसके साथ समाजसेवी आलोका सहित कई लोगों ने चर्चाएं की और सुझाव भी दिया।

# सखी मंडल की महिलाओं को मिला रिसोर्स पर्सन्स का प्रमाण पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य सरकार के अधीन इंडियन बैंक द्वारा प्रायोजित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) दुमका में एफएलसीआरपी का छह दिवसीय निश्शुल्क आवासीय प्रशिक्षण का समापन हुआ।

इस अवसर पर आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वित्तीय साक्षरता संपूर्ण क्षेत्र में समावेशन करना,बहुउद्देशीय योजना में शामिल हैं,इन योजनाओं में विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा,बैंकिंग सुविधा एवं वित्र संबंधी बेहतर प्रबंधन की जानकारी प्रदान करना एवं लोगों को इस सुविधा का लाभ दिलाना ही सरकार का मुख्य उद्धेश्य हैं, इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के लोगों एवं स्वयं सहायता को साक्षरता के माध्यम से जानकारी उपलब्ध करावे ताकि वह केंद्रीयकृत योजनाओं का लाभ उठा सके। .इस कार्यक्रम में सफल 35 प्रशिक्षणार्थियों को आरसेटी के निदेशक ने प्रमाण पत्र व एफएलसीआरपी के किट वितरित किये व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

.ज्ञात रहे कि उक्त किट में सरल व सहज तरीके से ग्रामीण परिवेश के असाक्षर लोगों को बैंकिंग संबंधी योजनाओं से अवगत कराने हेतु विभिन्न प्रकार के 15 पोस्टर एवं सांप -सीड़ी खेल का बैनर,रजिस्टर टी शर्ट- कैप किट के माध्यम से उपलब्ध करवाई। महिला प्रशिक्षिका ज्योत्स्ना दास ने प्रशिक्षणार्थियों को जीवन में आगे बड़ने व उनमें आत्मनिर्भर बनने के लिए व्यक्तित्व विकास , समय प्रबंधन,समस्या समाधान, उद्यमशील व्यक्ति की योग्यता पहचान, आत्मविश्वास रखना, जोखिम लेना, कार्य में गुणवत्ता के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर संकाय सदस्य अमरदीप कुमार,रवि रंजन एवं अन्य उपस्थित थे।

# मुहर्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर सभी का जताया आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व झारखंड राज्य हज समिति के सदस्य व मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी, अंजुमन ए जाफरिया व समस्त शिया समुदाय ने मुहर्रम वर्ष 2023 के सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिंहा, एस एस पी किशोर कौशल, लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद,हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी विनय ,डेली मार्केट थाना प्रभारी शैलेश का आभार व्यक्त करते हुए उनका शुक्रिया अदा किया। मौलाना तहजीब ने कहा कि हम सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अकील उर रहमान, मो इस्लाम, मो आफताब, मो सईद और समस्त सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के पदाधिकारीगण, मरहबा ह्यूमन सोसाइटी के डॉक्टर असलम परवेज, नेहाल अहमद उनकी टीम, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मुख्तार, डॉक्टर तारिक उनकी टीम, कर्बला चौक दुकानदार समिति के अध्यक्ष हाजी माशूक उनकी टीम, अंसारी पंचायत, जमीयतुल इराकीन सैफुल हक उनकी टीम, श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव, सागर कुमार, उनकी टीम समेत समस्त रांची वालों का आभार और शुक्रिया अदा करते हैं। पुलिस पदाधिकारीगण, बिजली विभाग, पानी विभाग, नगर निगम, सहित समस्त विभाग के पदाधिकारीगण, विशेष रूप से प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, वेब मीडिया और हमारे जुलूस में शामिल तमाम लोगों के साथ साथ विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के लोगों का भी आभार व्यक्त करते हुए उनका शुक्रिया अदा किया।

## रांची की लोजपा (रामविलास ) कमेटी भंग

**रांची :** रांची के ड्यूक मेंशन लाइन टैंक रोड स्थित लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास ) कार्यालय में रविवार को अहम बैठक हुई। इसमें रांची जिला कमेटी को भंग कर दिया गया है। जिलाध्यक्ष दिनेश सोनी ने बताया कि जिले के कुछ पदाधिकारी निष्क्रिय हैं और कुछ पदाधिकारी पार्टी को तोड़ने में लगे हैं। इस वजह से उपस्थित पदाधिकारियों ने रांची जिला लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास ) कमेटी को भंग करने का निर्णय लिया है। इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अगर वाहनों में पार्टी पदाधिकारी का बोर्ड लगाकर कोई भी घूमते मिला, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# मतलब नहीं हिन्दू और मुसलमान से मेरा, एक दर्द का रिश्ता है हर इंसान से मेरा : अजफर जमील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मतलब नहीं हिन्दू और मुसलमान से मेरा, एक दर्द का रिश्ता है हर इंसान से मेरा ये शेर है दिवंगत अजफर जमील की।कर्बला चैक, रांची स्थित इराकी लाइब्रेरी व स्टडी सेंटर में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कर अजफर जमील को याद किया गया। उर्दू के मशहूर शायर तो थे उन्हें श्रद्धांजलि देकर उन्हें न सिर्फ याद किया गया बल्कि ऐसे शख्सियत का खोने से समाज का जो नुकसान हुआ इस पर भी चर्चा की गई। मौके पर कई प्रमुख व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके साहित्यिक योगदान पर चर्चा किया। इस अवसर पर शोक सभा की अध्यक्षता कर रहे माही एवं समझ के संयोजक इबरार अहमद ने कहा अजफर जमील ने उर्दू के कदीम शायरी रिवायात और उस दौर के शोरा-ए-कराम का गहरा मोताला (अध्ययन) किया था। तरक्की पसंद तहरीक से भी उनकी वाबस्तगी (संबंध) रही थी और प्रकाश फिकरी, सिद्दीक मुजीबी, वहाब दानिश, सरवर साजिद, अनवर ईरज जैसे जदीद शोरा-ए-कराम के भी हम असर रहे हैं। ये तमाम चीजें इनकी शायरी के कैन्वस को बहुत वसी (विस्तृत) करती है और साथ में इनके निजी जिन्दगी का तर्जुबा और समाज का बारीक बीनी से किया गया मुशाहिदा उन्हें एक बड़ा और मुनफरिद (अद्वितीय) शायर बनाता है। हसीब अख्तर जावेद (सेवानिवृत्त डीडीसी) ने कहा कि अजफर जमील एक उम्दा शायर थे और आम लोगों के दुख दर्द उनकी शायरी में देखने को मिलती है।

**डॉ. एम. एन. जुबैरी (एसोसिएट प्रोफेसर) रांची विश्वविद्यालय ने उनकी महानता की प्रशंसा की और कहा कि अजफर एक जदीद शायर ही नहीं बल्कि एक आम आदमी भी थे।**

डॉ. एम. एन. जुबैरी (एसोसिएट प्रोफेसर) रांची विश्वविद्यालय ने उनकी महानता की प्रशंसा की और कहा कि अजफर एक जदीद शायर ही नहीं बल्कि एक आम आदमी भी थे।

कार्यक्रम का संचालन सोहैल सईद ने की जबकि आने वाले तमाम अतिथियों का धन्यवाद मुजाहिद इस्लाम ने किया।

# आजसू जनता के विश्वास को एकत्रित कर नेतृत्व देगी : सुदेश

**अशोक गहलोत सहित कई जनप्रतिनिधियों ने ली पार्टी की सदस्यता**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी जनता के विश्वास को एकत्रित कर नेतृत्व देगी। लोग पद में रहना पसंद करते हैं लेकिन दायित्व बोध नहीं करा पाते, जहां अभाव है। वही आजसू पार्टी के नेतृत्व की जरूरत है। हम अपना भाग्य अपने कलम से लिखना चाहते हैं। महतो रविवार को रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में चतरा के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज की राजनीति योग्यता पर नहीं दूसरे की कमी पर चल रही है। राजनीति ही सभी समस्याओं को हल करने का कुंजी है। सरकार की जिम्मेदारी होती है अपने लोगों को सुरक्षित वातावरण दें लेकिन आज घर से निकल रहा हर एक व्यक्ति भयभीत और असुरक्षित महसूस कर रहा है। सरकार एक शक्ति है सरकार को निर्णय नहीं कर पाने का भी अपराध स्वीकार करना चाहिए। इस अवसर पर अशोक गहलोत ने कहा कि मैं अपने पुराने घर में आकर खुशी महसूस कर रहा हूं और पूरी ऊर्जा के साथ चतरा की जनता की आवाज को बुलंद करूंगा। पार्टी के विचारों को हर घर तक पहुंचाने का काम करूंगा। आज के मिलन समारोह में चतरा जिला के अधिवक्ता, जिला के जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पूर्व मुखिया, वार्ड पार्षद सहित विभिन्न दलों के लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# ब्रह्मलीन स्वामी श्री राधिकादास जी महाराज का जन्म पर हुआ भोग वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** संस्था की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल ने गौतम स्नेह मोदी को अंग वस्त्र देकर अन्नापूर्णा भंडारे का राधा कृष्ण भगवान का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। ब्रह्मलीन स्वामी श्री राधिकादास जी महाराज का जन्म 29 जुलाई 1922 को भिवानी (हरियाणा) के जुई गाँव मे हुआ था। स्वामी राधिकादास जी 10 वर्ष की आयु मे ही घर परिवार को त्याग दिये और पश्चिम बंगाल के पहाड़ी क्षेत्र कालिंम्पोंग पहुंचकर ध्यान साधना शुरू की स्वामी जी समाज सेवा मे भक्ति खोजते थे। 99वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे मे जैसे पीठी कचोडी, आलु काबुली चना की सब्जी, भेजिटेबल पुलाव, खीर, जलेबी का वितरण का कार्य मंगला देवी मोदी एवं उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा वहाँ की सेवाधारी संस्था के सदस्यों के द्वारा किया गया।गुरु जी महाराज के जन्मदिवस पर आज भोजन वितरण के महान कार्य मे संस्था के उपाध्यक्ष निर्मल जालान,राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,सचिव मनोज कुमार चौधरी,नन्द किशोर चौधरी, बिजय जालान मनीष सोनी,अरविंद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी,दिलीप अग्रवाल,पुर्णमल सर्राफ, विशाल जालान,निर्मल छावनिका,मनीष जालान, विष्णु सोनी,सरिता अग्रवाल, मंगला मोदी, इनके अलावा भी संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस कमिटी का किया गया विस्तार

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के निर्देश पर तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नीतीश पांडे ने तमाड़ विधानसभा कमिटी का विस्तार किया है। कमेटी में दो उपाध्यक्ष चार महासचिव आठ सचिव और एक मीडिया प्रभारी मनाया गया। नीतीश पांडे ने कहा कि बहुत जल्द तमाड़ बुण्डू और अड़की प्रखंड अध्यक्षों सहित कमिटी की घोषणा होगी। विधानसभा कमिटी इस प्रकार है। अध्यक्ष नीतीश पांडे उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह मुण्डा,कुदरत हुसैन महासचिव उमेश चन्द्र महतो राजीव कुमार मुण्डा, राजकुमार सत्कार्मकार,शंकर महतो,सचिव प्रदीप सेठ,सोहन मुण्डा,राजीव कुमार पुरान,राजेश सिंह मुण्डा,लखिन्द कुमार लोहरा,जगदीश महतो,तौसिफ अहमद, जितेंद्र मुण्डा।मिडीया प्रभारी दीपचंद मधेशिया व मधुसूदन प्रमाणिक बनाए गए हैं।

## इनमोसा कार्यालय का उद्घाटन आज सारी तैयारी पूरी

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** इनमोसा पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय का आज समारोह पूर्वक उद्घाटन किया जाएगा।समारोह को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।कार्यालय उद्घाटन को लेकर रविवार की शाम इनमोसा के केंद्रीय नेताओं का आगमन पिपरवार मे हो चुका है।जानकारी के अनुसार इनमोसा के केन्द्रीय महामंत्री पीएन मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष बिजय सिंह,सीसीएल अध्यक्ष रामराज सिंह,डीपी मौर्य, अनिल कुमार सिंह,समीर चक्रवर्ती,डीके पांडेय सहित कई केंद्रीय नेता रविवार की शाम बचरा संगम विहार पहुंचे,जहां इनमोसा पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा बुके देकर एंव माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया गया।मौके पर अनिल कुंवर,एसडी राम,इक़बाल हुसेन,मानोज सिंह,रुपलाल महतो,जोधन प्रसाद,सुरेश कुमार,सिध्नाथ सिंह,उमेश उंराव,मोजहिद इमाम,सुबोध कुमार,देवेन्द्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो छात्र घायल, रिम्स रेफर

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर थाना क्षेत्र के एनएच 75 धोबी चढ़ान के समीप एक अज्ञात कार की चपेट में आने से दो छात्र घायल हो गए, घायलों में शिवप्रसाद मुंडा 18 वर्षीय और मनजीत कश्यप 18 वर्षीय दोनों ही हातमा निवासी हैं। ग्रामीणों द्वारा उन्हें मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए शिवप्रसाद मुंडा को रिम्स रेफर कर दिया। सूचना के अनुसार दोनों छात्र अपने घर से ट्यूशन के लिए जा रहे थे, अचानक धोबी चढ़हान के पास सड़क पार करने के क्रम में एक अज्ञात कार की चपेट में आने से दोनों घायल हो गए, घटना सुबह 7:00 बजे का बताया जाता है।

## पिपरवार के बहेरा में मुहर्रम सद्भावना मेला आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा गांव में आज बहेरा अंजुमन और नौजवान कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में मुहर्रम सद्भावना मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।इस कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजन समिति के अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना ने बताया कि इस कार्यक्रम में कई इलाकों की टीम के द्वारा खेल प्रदर्शन किया जाएगा।इससे पूर्व बहेरा और कल्याणपुर गांव के द्वारा संयुक्त रूप से जुलूस निकाला जाएगा।उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## चान्हो में मोहर्रम मेला का हुआ आयोजन

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो में लगने वाले मोहर्रम मेला का आयोजन रविवार को क्या गया मेले का उद्घाटन झारखंड के पूर्व मंत्री बन्धु तिर्की और सेंट्रल मोहर्रम कमेटी चान्हो के अध्यक्ष जुल्फान अंसारी के द्वारा क्या गया मेले में अश्त्र शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन क्या गया प्रतियोगिता में प्रखण्ड के कई गांव के टीमों ने हिस्सा प्रतियोगिता में अच्छे खेल का प्रदर्शन करने वाले टीमों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथियों को मोहर्रम कमेटी की ओर से पगड़ी बांध कर उनका स्वागत क्या गया कार्यक्रम में खलारी पुलिस उपाधीक्षक अनिमेष नैथानी ओ मांडर पुलिस अंचल निरीक्षण अवधेश ठाकुर शामिल हुए। वंही दूसरी और चान्हो कर्बला एक्शन कमेटी के पंडाल में मांडर के पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो चान्हो पूर्वी के जिला परिषद असतोश तिवारी मुख्य रूप से शामिल हुए जिनका सौगात भाजपा नेता ओ कर्बला एक्शन कमेटी के अध्यक्ष शफ़ीक़ अंसारी के द्वारा पगड़ी बांध कर और तलवार देकर सौगत क्या गया। मोहम्मद मोजिबुल्लाह परवेज़ आलम जुल्फान अंसारी मोहम्मद गयासुद्दीन तबरेज खान अब्दुल्ला अंसारी शमीम अंसारी जुल्फाकार अंसारी अब्दुल्लाह अंसारी अजित कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा की बन्दी स्थगित

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रैयत विस्थापित मोर्चा तथा एनके प्रबंधन के साथ सकारात्मक वार्ता के बाद 31 जुलाई को घोषित बन्दी को स्थगित कर दिया है.इसको लेकर एनके प्रबंधन ने रविवार को मोर्चा के साथ वार्ता की.महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि सीआईएसएफ एव पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में रोड सेल चालू किया जाएगा और अगर कोई बन्द करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ प्रबंधन कार्रवाई करने के लिए तैयार है.महाप्रबंधक ने खदान विस्तारीकरण में मोर्चा एव प्रतिनिधियों से सहयोग करने की अपील की.उन्होंने मोर्चा से बन्दी स्थगित करने का आग्रह किया और कहा कि प्रबंधन हमेशा रैयत विस्थापित के समाधान के लिए हमेशा तैयार रहता है.इसलिए मोर्चा बन्दी को वापस ले.वही मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन रैयत विस्थापित के प्रति पूरी ईमानदारी से उनके हर समस्या का समाधान करने के लिए तैयार रहे तो मोर्चा भी प्रबंधन के साथ खड़ा है.जिन रैयत विस्थापित ने अपना जमीन दिया कोयला खनन के लिए उसके रोजगार के लिए भी प्रबंधन को तैयार रहना होगा.कहा की रैयत विस्थापित के बगैर कोयला खदान चलाना और विस्तारीकरण नही हो पायेगा . कोई गैर रैयत बेवजह खदान या कांटा बन्द कराने का काम करता है तो प्रबंधन को इसमे पूरी तरह सख्ती से काम करना होगा कि कोई भी जो यहाँ के रैयत नही है और वो लोग कंपनी को नुकसान पहुंचा रहे है तो प्रबंधन को इस पर कड़ी कारवाई करना चाहिए.मोर्चा भी चाहता है कि शांतिपूर्ण तरीके से कोयला खदान चले लेकिन रैयत विस्थापितों के रोजगार को छिनने की कोई कोशिश करेगा तो मोर्चा बर्दाश्त नहीं करेगा और एक भी कोयला खदान प्रबंधन को चलाना मुश्किल हो जाएगा.क्योंकि सभी खदान विस्तारीकरण में रैयतों की वजह से जमीन मिलेगा और खदान आगे बढ़ेगा.बैठक में केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह, एसओपी ज्योति कुमार, साइडिंग मैनेजर राजीव रंजन एव मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, केंद्रीय सदस्य रंथू उरांव, प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव,मुखिया शांति देवी, दीपमाला कुमारी, संतोष महली,सचिव जगरनाथ महतो,कार्यकारी अध्यक्ष जालिम सिंह,नरेश गंझू,विनय ख़लखो,रामलखन गंझू,अमृत भोगता,प्रभाकर गंझू,दामोदर गंझू,इंदिरा देवी,अनिता गंझू, सुनीता देवी,सहदेव महली,सलामत असारी,शिवनाथ भोगता, दशरथ तुरी,किसुन गंझू, चंद्रदीप गंझू, धर्मराज गंझू,संजय गंझू,शिवनारायण लोहरा,विनय उरांव,रामधारी गंझू, राजेन्द्र उरांव सहित कई लोग मौजूद थे.

## चार्टर्ड इंजीनियर बने अभय वर्मा

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल एनके एरिया में कार्यरत सिविल इंजीनियर अभय कुमार वर्मा को सिविल इंजीनियर संस्थान भारत की ओर से चार्टर्ड इंजीनियर की उपाधि दी गई है. इसके लिए वर्ष 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर साक्षात्कार आयोजित की गई थी. जिसमें उनका बेहतर प्रदर्शन को लेकर चार्टर्ड इंजीनियर की उपाधि दी गई और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. अभय कुमार वर्मा को चार्टर्ड इंजीनियर की उपाधि मिलने पर क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने उन्हें बधाई दी. इस दौरान महाप्रबंधक ने कहा कि जिस तरह चार्टर्ड अकाउंटेंट आइटीआर और जीएसटी भुगतान के समय मार्गदर्शन करते हैं, ठीक उसी तरह चार्टर्ड इंजीनियर संबंधित क्षेत्र में प्राप्त विशेषताओं की निगरानी कर के प्रशिक्षण और मौजूदा समस्याओं के उपयुक्त समाधान विकसित कर क्षमता का प्रदर्शन करते हैं. इनके कुशल इंजीनियरिंग से क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा.हमारे लिए गौरव की बात होगी कि हमारे पास चार्टर्ड इंजीनियर मौजूद है.आने वाले दिनों में खुलने वाली नई परियोजनाओं में इनका पूरा सहयोग लिया जाएगा.

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी ने विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** नालसा दिल्ली एवं झालसा राँची के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में आज रविवार को विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन खूँटी जिले के सभी छः प्रखण्डों में किया गया। झालसा राँची के द्वारा विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का उद्देश्य सुदूरवर्तीय क्षेत्र के ग्रामीणों को मुख्य धारा से जोड़ना है। विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का उद्देश्य यह है कि सभी ग्रामीणों को अपने निकटवर्ती प्रखण्ड कार्यालय में ही सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त हो सके। उक्त विधिक सेवा सह राशक्तिकरण शिविर में सभी प्रखण्डों में व्यवहार न्यायालय खूँटी के सभी न्यायाधीशगण एवं सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों तथा अंचलाधिकारियों द्वारा सरकार की ओर से आमजनों के लाभ के लिए चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं = जैरो कि- प्रधानमंत्री आवास योजना (कुल लागुक - 47.) सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना (कुल लागुक- 38 ) कृषि एवं वाणिकी से संबंधित योजना ( कुल लागुक - 104 ) श्रम एवं रोजगार योजना (कुल लागुक - 50 ) पशुपालन ( कुल लागुक - 51 ).. दिव्यांग यंत्र ( कुल लाभुक - 10 ) . जेएसएलपीएस (कुल लागुक- 49), चेतना, कर्तव्य, जन शिशु शक्ति एवं अन्य का लाभ आमजन को दिया गया। यह जानकारी डालसा संचिव मनोरंजन कुमार, ने दी।

# आरोपी इरशाद को भेजा गया जेल, मृतिका के शव को कब्रिस्तान में किया गया दफन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी में आदिवासी महिला की दुष्कर्म के बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देने पर खुदकुशी करने के मामले में आरोपी इरशाद अंसारी को रविवार को जेल भेज दिया गया है. शनिवार देर रात मृतिका के देवर अमित तिर्की के बयान पर मामला दर्ज किया गया. खलारी पुलिस के द्वारा कांड संख्या 50/23 धारा 376, 306 तथा एसी, एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. इधर रविवार की शाम मृतिका उर्मिला तिर्की का शव पोस्टमार्टम के बाद खलारी पहुंचा. रविवार शाम ही परिजनों के द्वारा जेहली कब्रिस्तान में शव को दफनाया गया. उसके अंतिम संस्कार में फादर ऑस्कर टोप्पो, फादर हिलारियुस तिग्गा रोबिन एक्का, ज्ञान कुजूर, जुवेल खलखो,प्रदीप टोप्पो ,दीपक टोप्पो, गाजा,राजेश तिर्की, अमित तिर्की, जगदीश तिर्की, संजय एक्का ,संजय टोप्पो, संतोष कुजूर, शोभा खलखो,मटिल्डा , टेरेसा तिग्गा,सीशिल्या,एक्का सहित उसके तीनों वच्चे भी शामिल थे.

**घटना के दूसरे दिन भी चौकस रही पुलिस :** घटना के दूसरे दिन भी खलारी पुलिस चौकस दिखी. मृतका के गांव से लेकर खलारी बाजार तक लगातार पुलिस के द्वारा पेट्रोलिंग की जाती रही है. शनिवार को हुई घटना में पुलिस की तत्परता के कारण ही खलारी में दो संप्रदायों के बीच होने वाली बड़ी घटना को रोका गया. इधर थाना प्रभारी फरीद आलम ने क्षेत्र के लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है.

# सिल्ली प्रखण्ड कंग्रेस कमिटी की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** प्रखंड कांग्रेस कमिटी की विस्तारित समिति की बैठक प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के वरीय उपाध्यक्ष सह अध्यक्ष, अनुशासन समिति की देखरेख में आयोजित हुई। बैठक में प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी की मजबुती पर विस्तार से चर्चा हुई। रांची जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रखण्ड कमिटी को पुनर्गठित करने के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में नये प्रखण्ड अध्यक्ष के लिए इच्छुक कांग्रेस जनों से प्रस्ताव मांगा गया।दावेदारी करने वाले पांच लोगों में मुख्य रूप से पूर्व महिला प्रखण्ड अध्यक्ष उर्मिला देवी, जिला सचिव कार्तिक चंद्र महतो, निशाकर महतो, वाहिद अंसारी एवं षष्ठी देवी शामिल थी। सम्यक् विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी की जिम्मेदारी कार्तिक चन्द्र महतो,उर्मिला देवी एवं निशाकर महतो को दी गई। सर्वसम्मति से चुने गए पदाधिकारियों ने अपने दायित्वों को गंभीरता पूर्वक निभाने का वादा किया। उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने नवनियुक्त तीनों पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक के मुख्य रूप से रांची जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी,सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, श्रीप्रसाद बड़ाईक , रोहित सिंह मुंडा, सुरेश मुंडा, राघव सिंह मुंडा, रामू मोदक, रसराज लोहरा, घासीराम पातर, अरविंद महतो, नीलकमल महतो, चंदन महतो, अक्षय महतो, सुनील महतो, शैलेन्द्र महतो,रविन्द्र महतो, प्रेम महतो, पवन महतो, भोंदू हजाम, साहिल जमाल, अभय, रहमत शेख, , रविन्द्र नाथ प्रमाणिक, बलराम महतो, प्रकाश मुंडा, मनीराम दास, संजय मंडल, गूहीराम महतो, षष्ठी देवी, भूतनाथ मंडल, निताई महतो, पिनाकी बनर्जी, गुलाम रसूल, मोमिन, सदानंद सोनार, तापस पोद्दार, दलगोबिंद कुशवाहा, रोहित कुमार महतो, सफिरुद्दिन अंसारी, अरुण कुमार धान, सुधीर कुमार हजाम सहित सैकड़ों सिल्ली प्रखंड कांग्रेस के कांग्रेस जन बैठक में उपस्थित थे।

# आदिवासी भाई-बहन की रक्षा नहीं कर सकते तो दो इस्तीफा : कमलेश राम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** खलारी में एक आदिवासी महिला ने दुष्कर्म के बाद फोटो,वीडियो वायरल करने तथा धमकी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है।कि राज्य की सरकार के तुष्टिकरण की राजनीति करने के कारण इस प्रकार के अपराधी एवं बलात्कारियों का मनोबल ऊंचा हुआ है।जिस प्रकार से खलारी थाना के ड्राईवर रहे इरशाद नामक युवक ने इस प्रकार का कुकृत्य किया है। ये कहीं से भी माफी योग्य नहीं है। इसपर श्री राम ने आरोपी को पकड़कर फांसी की सजा देने की मांग रखी है। ऐसे तो पूरे राज्य में इस प्रकार की घटना आम हो चुकी है। हेमंत सोरेन से अब राज्य नहीं चलेगा। इसलिए इन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।झारखंड में निरन्तर आदिवासियों पर अत्याचार हो रहे हैं। आदिवासी नेताओं की हत्या हो जा रही है। साथ ही आदिवासियों की जमीनों को भी छिनने का काम किया जा रहा है। परंतु खुद को आदिवासी और आदिवासियों के हितैषी कहने वाली निक्कमी हेमंत सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठे पूंजीपतियों के गोद में बैठकर सत्ता का आनंद ले रही है। झारखंड में जिस तरह से क्करूरता हो रही है उसके खिलाफ अगर हेमंत सरकार चुप्पी साधे हुए है। तो वो भी एक अपराध है। ऐसा लगता है राज्य को हेमंत सोरेन नहीं अपराधी चला रहे हैं।राज्य में आदिवासी असुरक्षित हैं, उनकी बहू-बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। उनकी हत्याएं हो रही हैं। आरोपियों को पकड़ने की जगह सरकार में शामिल लोग उन्हें बचा रहे हैं। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हेमंत सरकार में खनिज संपदा की लूट मची है। ट्रांसफर-पोस्टिंग उद्योग बन गया है।

### युवा मोर्चा सदस्य ने रघुवर दास और आशा लकड़ा को दी बधाई, कहा

# लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का लहरेगा परचम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** झारखंड प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर एवं रांची की पूर्व महापौर आशा लकड़ा राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर भाजपा रांची जिला कार्यसमिति युवा मोर्चा के सदस्य सह नव विकास जागृति संस्था के सचिव लीलावती महतो ने शुभकामनाएं और बधाई दी।साथ ही उन्होंने कहा कि इनके नेतृत्व में झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी दिन दुगनी रात चौगुनी प्रगति कर रहा है। और आगे भी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराएगा। रांची जिला कार्यसमिति युवा मोर्चा के सदस्य लीलावती महतो ने कहा कि रघुवर दास झारखंड के राजनीति में एक लंबा अनुभव रहा है। साथ ही आशा लकड़ा कुशल संगठन करता के साथ-साथ सबको साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता से भरपूर हैं।जिसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भारतीय जनता पार्टी रांची जिला की ओर से हृदय से साधुवाद देता हूं कि आपने झारखंड के उक्त दोनों नेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेवारी देकर हम सभी को गौरवान्वित किया है। पूरे झारखंड प्रदेश का मान बढ़ाया है।

# राजा उलातू में एक्यूप्रेशर सेंटर का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** एकु प्रेशर परिषद झारखंड शाखा द्वारा राजा उलातू मे महेश एक्यूप्रेशर सेंटर का उद्घाटन भूतपूर्व विधानसभा सचिव एवं लोकायुक्त झारखंड विद्युत बोर्ड श्री महेंद्र प्रसाद एवं एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे के द्वारा किया गया । इस अवसर पर निशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया ,जिसमें आसपास के गांव के 70 मरीज का इलाज एवं जांच किया गया। जिसमें शुगर, थायराइड ,बीपी ,कमर दर्द ,घुटना दर्द ,सर्वाइकल ,माइग्रेन, पेट दर्द संबंधित रोगों के मरीज सर्वाधिक थे । अपने उद्घाटन भाषण में श्री महेंद्र प्रसाद ने बताया की एक्यू प्रेशर जनोपयोगी पद्धति है ,कम खर्च में असाध्य से असाध्य रोगों का इलाज किया जा सकता है। वही एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा सचिव डॉ मधुसुदं पांडे ने एकुप्रेशर के बारे मे सबको अवगत कराया ,साथ ही साथ निशुल्क एक्यूप्रेशर ट्रेनिंग की व्यवस्था भी किया जाएगा एवं एक्यूप्रेशर को घर घर पहुंचाने के दिशा में सराहनीय कदम है । इस अवसर पर एक्यूप्रेशर परिषद के सदस्य बलराम महतो, नरेश महतो ,रुक्मिणी कुमारी, सरस्वती कुमारी मौजूद थी । कार्यक्रम का संचालन महेश प्रजापति ने किया धन्यवाद ज्ञापन बलराम महतो ने किया।

# पिपरवार के कल्याणपूर में दीवार तोड़कर चोरों ने की चोरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर चौक के समीप राजधर रोड मे लाईफ स्टाईल नामक कपड़ा दुकान मे बीती रात्री में अज्ञात चोरो ने दीवार तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया।घटना के संबंध मे भुक्तभोगी दुकान संचालक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि रोज की तरह वह दुकान बंद कर घर चला गया था,जिसके बाद सुबह मे दुकान आने पर चोरी की घटना की जानकारी मिली। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पिपरवार पुलिस को दी।उन्होंने बताया कि चोर दुकान का दीवार तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।भुक्तभोगी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि चोरो ने सब्बल,गैंता से दिवाल को तोड़कर अंदर घुसा और दुकान में रखे ब्राडेड जींस,टीसर्ट,सर्ट, जुत्ता,सूट सहित अन्य समानो की चोरी कर चंपत हो गए और सारा समान इधर उधर फेंक दिए।भुक्तभोगी की पत्नी ने बताया कि महिला मंडल से कर्जा लेकर व्यवसाय को बढाया दिया था।उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी चोरी की घटना हो चुकी है।इधर आए दिन कल्याणपुर चौक में चोरी की वारदात बढते जा रही है। दुकानदारों ने प्रशासन से मांग किया कि रात्री में पेट्रोलिंग गश्ती बढाया जाय।वही सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली।

# बचरा रेलवे साइडिंग के पास बेपटरी हुआ मालगाड़ी का डिब्बा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा रेलवे साइडिंग के समीप रविवार की सुबह मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया।घटना की सुचना मिलते ही रेलवे के परिचालन निरीक्षक उमेश कुमार द्वारा तत्काल इसकी सूचना रेलवे के वरीय अधिकारियों को दी,जिसके बाद कई अधिकारी मौके पर पहुंच कर बेपटरी हुए डिब्बे को ट्रैक पर लाकर उसे भेजा गया।इस घटना में रेलवे को कोई खास नुकसान नहीं हुआ है।इस संबंध में जानकारी देते हुए टीआई उमेश कुमार ने बताया कि प्वाइंट बदलते समय ट्रैक में कुछ तकनीकी कारणों से पुरे रैक का सिर्फ एक डिब्बा पटरी से उतर गया था जिसे तत्काल पटरी पर लाकर उसी रैक से संबद्ध कर दिया गया।चुकी यह घटना मेन लाइन पर ना होकर मालगाड़ी की साइडिंग में प्लेसिंग करने पर ट्रैक पर हुई थी जिसमें किसी भी अन्य ट्रेनों का परिचालन बाधित नहीं हुआ ना ही रेलवे को कोई आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है।रेलवे अधिकारियों और कर्मियों की तत्परता से तुरंत उक्त लाइन पर मालगाड़ियों की आवाजाही शुरू हो गई।

# पिपरवार में हुई आजसू पार्टी की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पंचवटी सभागार में आजसू पार्टी पिपरवार नगर कमेटी की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह और संचालन मोहन कुमार ने किया।इस बैठक में आगामी 2 अगस्त को केरेडारी प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में आजसू पार्टी की ओर से आयोजित हल्ला बोल कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चर्चा किया गया।साथ ही पिपरवार नगर में आजसू पार्टी को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।बैठक मे सैकड़ों की संख्या में आजसू पार्टी के कार्यकर्ता हल्ला बोल कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने का निर्णय लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित रहेंगे।बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष विनोद सिंह,प्रखंड सचिव मोहन कुमार,अशोक रवि,अर्जुन महतो,प्रभाकर वर्मा,उमेश मेहता,काशीनाथ महतो, रमेश महतो,गणेश महतो, कौलेश्वर महतो,आदेश महतो,अनिल यादव, राजकुमार महतो,कमल सिंह, रामचरण महतो,फुलेश्वर महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गणेश पूजा को लेकर बचरा बाजार टांड़ हनुमान मंदिर में कल होगी बैठक

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ स्थित हनुमान मंदिर में गणेश पूजा को लेकर कल एक अगस्त को बैठक बुलाई गई है।बैठक में प्रत्येक साल की भांति इस वर्ष भी गणेश पूजा मनाने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।बैठक में पिछले साल के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा।जिसके बाद बैठक में मौजूद सभी लोगों से पुजा के आयोजन को लेकर राय शुमारी की जाएगी।

## भाजपा सोनारी मंडल में 32 शक्ति केंद्रों पर पीएम के मन की बात सुना



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को भारतीय जनता पार्टी सोनारी मंडल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 103वें एपिसोड को भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में 32 शक्ति केंद्रों पर सुना गया। कार्यक्रम में 200 से ज्यादा पार्टी के कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध जनों ने इस में शामिल होकर मन की बात को सुना। इसमें मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, जिला कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह, निपेन्दर सिन्हा पूरण वर्मा,विरेन्द्र प्रताप सिंह, गोपाल लहरी, महावीर सिंह, रिता सिंह, सुदीप चौधरी, सोनू ठाकुर,अमिताभ सेनापति, महामंत्री नारायण प्रसाद, किशोर साहू, संजय रजक, सतेन्द्र सिंह यादव, कृष्णा यादव, शंकर सिंह,नरेश प्रसाद, राहुल सिंह,सुजीत आदित्य,राहुल तिवारी आदि शामिल हुए।

## बिष्टुपुर में बोल बम बाल कांवड़ यात्रा में शामिल हुए 201 बच्चे



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की ओर से रविवार सुबह निकाली गयी बोल बम बाल कांवड़ यात्रा में बोल-बम उद्घोष के नारों के साथ नन्हे-नन्हे 201 शिवभक्तों ने कावड़ उठाकर महाकाल मदिर में भोले बाबा को जल चढ़ाया। यह बाल कांवड़ यात्रा बिष्टुपुर राम मंदिर से सुबह 7.30 बजे निकली, जो विभिन्न मार्ग से होते हुए महाकाल मदिर पहुँचकर संपन्न हुई। भगवान शिव की श्रद्धा में डूबे नन्हे कांवड़ियों के पांवों में कंकड़-पत्थर की चुभन भी उनका रास्ता रोक नही पायी। इसे सफल बनाने में जेसीआई अध्यक्ष संगीता काबरा, सचिव चांदनी अग्रवाल, कविता धुत, मंजु अग्रवाल, पूजा मोदी, प्रीति बुधिया, सीमा अग्रवाल, बीना, सोनल, किरण, सुजीता, सोनिया, खुशबू, शिल्पी, अंजू, आकांक्षा, स्वाति, कृतिका, नेहा, नीमा, जितेन्द्र धूत, प्रदीप अग्रवाल, दीपक गोयल आदि का योगदान रहा।

## एसपी डॉ.बिमल कुमार के निर्देश पर 2 अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तिरुलडीह थाना की पुलिस ने शनिवार देर रात सरायकेला खरसावां जिले के नए पुलिस अधीक्षक डॉ.बिमल कुमार के निर्देश पर छापेमारी करते हुए बिरसा चौक डाटम के पास से दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। वहीं अंधेरा का फायदा उठाकर दोनों ट्रैक्टर के चालक फरार हो गए। जानकारी के अनुसार दोनों ट्रैक्टर से चोरी छिपे स्वर्णरिखा नदी से बालू लोड कर पश्चिम बंगाल ले जा रहा था। तिरुलडीह थाना प्रभारी चित्तरंजन कुमार ने बताया कि दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर तिरुलडीह थाना में रखा गया है ओर आगे की करवाई के लिए कुकड़ू के अंचलाधिकारी को प्रतिवेदन भेजा गया है।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन सीनी शाखा के अध्यक्ष बने पूरन अग्रवाल



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष बसंत मित्तल के सरायकेला जिला दौरा के क्रम में जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी की अगुवाई में एक बैठक सिनी में रखी गई। जिसमें मुख्य रुप से प्रांतीय महामंत्री दीपक परिक एवं प्रांतीय कार्यसमिति सदस्य बलराम अग्रवाल उपस्थित रहे। सिनी एवं दुगनी के मारवाड़ी समाज के लोगों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पूरन अग्रवाल को सिनी शाखा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही 10 नए सदस्य भी जोड़े गए। बैठक में मुख्य रूप से अनिल गोयल, रतन अग्रवाल ,प्रियंका गोयल, चंद्रेश अग्रवाल ,एकता अग्रवाल, दीपक गोयल, अर्जुन अग्रवाल, मुन्ना अग्रवाल सहित मारवाड़ी समाज के वरिष्ठ गण उपस्थित रहे।

## ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन ने बच्चों को कराया जूलॉजिकल पार्क की सैर




**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुलडीह टोला स्थित शिशु शिक्षा निकेतन के बच्चों को विश्व बाघ दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन की ओर से जमशेदपुर स्थित टाटा जूलॉजिकल पार्क का भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों ने जेआरडी टाटा के 119वीं जयंती पर गोपाल मैदान में आयोजित एयरोमॉडलिंग शो देखा। साथ उन्हें जुबिली पार्क का भ्रमण भी कराया गया। इस दौरान फाउंडेशन के झारखंड राज्य प्रभारी आकाश महतो द्वारा बच्चों को संबंधित चीजों के बारे में भी जानकारी दी गई। अंत में विद्यालय प्रभारी गोपाल महतो ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इसके आयोजन में संस्था के दीपक महतो, तरुण महतो, तारा महतो, मनीषा कुमारी, जोगेंद्र कालिंदी, राधिका महतो, पायल महतो, निशा महतो, तनु महतो, प्रवीण गोराई, गुंजन महतो व देवनारायण महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जिले के नव पदस्थापित एसपी से शिष्टाचार मुलाकात



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रभात मंत्र संवाददाता सह आल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जॉर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के सरायकेला ग्रामीण सचिव संतोष साहू एवम आल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जॉर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के सरायकेला के अन्य सदस्यों ने आज सरायकेला खरसावां एसपी डॉ बिमल कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की और पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया।

## ब्रह्मकुमारीज के शिविर में 51 यूनिट रक्त संग्रह

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय गम्हरिया शाखा की ओर से रविवार को छोटा गम्हरिया दुर्गापूजा मैदान स्थित सामुदायिक भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन सरायकेला के अनुमंडल पदाधिकारी रामकृष्ण कुमार ने विधिवत दीप प्रज्जवलित कर किया। इस शिविर के माध्यम से कुल 51 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर के सफल आयोजन में ब्रह्मकुमारीज की गम्हरिया शाखा प्रमुख पूनम बहन, कविता बहन, सुधा बहन, मारवाड़ी युवा मंच के विमल अग्रवाल, महिला मंच की सुमित्रा गुप्ता आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### सचिव, ग्रामीण विकास विभाग ने किया विकास योजनाओं का अवलोकन, बोले

# जिले में विकास कार्यों की गति संतोषजनक

**जमशेदपुर सदर एवं घाटशिला प्रखण्ड में मनरेगा, रूर्बन मिशन की विभिन्न योजनाओं का किया गया स्थलीय निरीक्षण**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चन्द्रशेखर द्वारा शनिवार देर शाम तक पूर्वी सिंहभूम जिले में क्रियान्वित विभिन्न विकास योजनाओं का अवलोकन किया गया। उनके साथ उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, बीडीओ जमशेदपुर प्रवीण कुमार, बीडीओ घाटशिला कुमार एस अभिनव व डीआरडीए की टीम मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में सचिव, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अमृत सरोवर, मनरेगा का बिरसा हरित ग्राम योजना, रूर्बन मिशन के अंतर्गत कला मंदिर द्वारा बनाये गए हेरिटेज विलेज, फ्लाई ऐश, टेलरिंग यूनिट आदि का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में जमशेदपुर सदर प्रखंड में बिरसा हरित ग्राम योजना का मुआवना किया गया। पूर्व में क्रियान्वित बिरसा हरित ग्राम योजना को देखकर संतुष्टि जतायी तथा इस वित्तीय वर्ष के योजना के चयन पर जिला प्रशासन एवं विशेषकर उप विकास आयुक्त को बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार से इस जिला में गड्ढ़ा खुदाई के कार्य में अच्छी उपलब्धि है, पौधरोपण करते हुए गड्ढ़ा भराई के कार्य को भी ससमय पूर्ण कर लिया जाए। उप विकास आयुक्त द्वारा आवास योजनाओं में प्रगति की जानकारी देते गया कि पूरे राज्य में प्रधानमंत्री आवास की प्रगति में यह जिला पहले नम्बर पर है वहीं बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर आवास में पिछले एक महीने में अपेक्षित प्रगति लाते हुए 10वें स्थान से 4वें स्थान पर पहुंचे हैं। सचिव, ग्रामीण विकास विभाग चन्द्रशेखर ने कहा कि जिले में विकास कार्य की गति काफी अच्छी है इसे जारी रखते हुए सभी इंडिकेटर में और बेहतर करने का प्रयास किया जाए। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से वार्ता करते हुए उनकी कार्यशैली को जाना की किस तरह से क्लस्टर और एस.एच.जी ग्राम स्तर पर कार्य कर रहे हैं तथा समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। सचिव, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पलाश मार्ट का भी अच्छे से संचालन का निर्देश देते हुए कहा गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को बेहतर प्लेटफार्म देने का अच्छा माध्यम है।

## कांड्रा के मथुरा स्टोर में चोरों ने नकद समेत कई सामानों की चोरी की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बीते शनिवार की रात कांड्रा बाजार के मुख्य पथ स्थित मथुरा स्टोर में चोरों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोरों ने दुकान की छत में लगे हुक को तोड़ कर टीना हटाकर अंदर घुसकर वहां कैश बॉक्स में रखा खुदरा पैसा कई सामानों की चोरी कर ली। दुकानदार के अनुसार बीते शनिवार की रात 11 बजे के करीब वह दुकान बंद कर घर चला गया था। सुबह करीब पांच बजे दुकान खोलने आया तो दुकान में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ पाया. साथ ही, दुकान से कई सामान भी गायब पाया गया। तत्पश्चात उन्होंने चोरी की सूचना फोन के माध्यम से कांड्रा थाना प्रभारी को दी। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

## बेलटांड़ में आयोजित दुर्गा पूजा समिति के शिविर में 57 यूनिट रक्त संग्रहित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लावा (बेलटांड़) के तत्वावधान में रविवार को बेलटांड़ बाजार में आयोजित रक्तदान शिविर में एसडीपी रक्तदान के साथ 57 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसमें प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन, जमशेदपुर ब्लड सेंटर, डालमिया सीमेंट व संजीवन पॉली क्लीनिक का सहयोग रहा। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्वी सिंहभूम के पूर्व जिप उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता राजकुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के प्रति लोगों का उत्साह देखकर अच्छा लग रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, ग्राम प्रधान बृंदावन दास, मृत्युंजय महतो व फूलचांद महतो आदि ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। मौके पर मुख्य रूप से दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप, महासचिव विजय कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मंडल, मिहिर कुमार प्रमाणिक, शिशुपाल सिंह सरदार, रांगा सिंह सरदार, चक्रधर मुदि, सुनील कुमार, सुकदेव गोराई, डॉ कालीपद दास, विजय कुमार पंडित, राजू मंडल, गोपाल कुमार, मुचीराम बाउरी, महाबीर महतो, आदि थे।

# नारायणा का स्कालास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट के 18वें संस्करण का हुआ अनावरण

**एनएसएटी के टॉप रैकर्स को मिलेगा करोड़ों कैश अवार्ड व कोर्स में 100प्रतिशत तक स्कॉलरशिप**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (एनएसएटी) के 18वें संस्करण का अनावरण हुआ। परीक्षा का आयोजन 27 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में 300 शहरों के 3000 से अधिक स्कूलों में 01 अक्टूबर, 15 अक्टूबर एवं 29 अक्टूबर 2023 को ऑफलाईन और 08 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2023 तक ऑनलाईन मोड में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के लिए वेबसाईट (**nsat.narayana-group.com**) पर ऑनलाईन आदेवन कर सकते है या नजदीकी नारायणा केन्द्र पर जाकर परीक्षा से 5 दिन पहले तक आवेदन कर सकते है, परीक्षा शुल्क 100/- रूपया है तथा उपरोक्त वेबसाईट पर परीक्षा का सिलेबस, सेम्पल प्रश्न पत्र तथा परीक्षा की सारी जानकारी उपलब्ध है। जमशेदपुर केन्द्र के निदेशक सह नारायणा कोचिंग सेन्टर के नेशनल एकेडिक हेड श्याम भूषण ने बताया कि यह परीक्षा ऑबजेक्टीव टाईप का होगा एवं इसमें साइन्स, मैथ्स एवं मेन्टल एबिलिटी से प्रश्न पूछे जाएगें। श्री भूषण ने बताया, राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष रैंक पाने वाले छात्रों को लाखों कैश अवार्ड पाने का अवसर मिलेगा, साथ ही जो विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उन्हे नारायणा के किसी भी कोर्स में दाखिला लेने पर 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के निदेशक, डॉ. पी. सिंधुरा और पी. शरानी ने कहा, एनएसएटी 2023 का 18वां संस्करण पहले से कहीं ज्यादा बड़ा और बेहतर होगा। एनएसएटी 2023 का एक मुख्य आकर्षण छात्रों के लिए छात्रवृत्ति सुरक्षित करने का अवसर है। 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति उपलब्ध होने से, योग्य उम्मीदवार अपनी शैक्षिक आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता से लाभ उठा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि समूह के पास 23 भारतीय राज्यों में 750 से अधिक स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग सेंटर्स और प्रोफेशनल संस्थानों का विशाल नेटवर्क है। इसमें गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के अलावा 50,000 से अधिक उच्च अनुभवी शिक्षकों, अनुसंधान एवं विकास प्रमुखों और विषय वस्तु विशेषज्ञों की एक टीम है। जो किंडरगार्टन से लेकर स्नातकोत्तर अध्ययन तक हर साल 6,00,000 से अधिक छात्रों को उनकी शिक्षा में मदद करते हैं।

## प्रतिकार वाहन यात्रा में भारी संख्या में शामिल हुए कांग्रेसजन

**मणिपुर नरसंहार एवं माता बहनों के चीरहरण के खिलाफ जारी रहेगा आंदोलन : आनन्द बिहारी दुबे**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जेम्को मण्डल कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में तथा टेल्को प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के सहयोग से नव नियुक्त जेम्को मण्डल अध्यक्ष संजय कुमार के नेतृत्व में प्रतिकार वाहन यात्रा का आयोजन मणिपुर में नरसंहार एवं माता बहनों के चीरहरण, अत्याचार के खिलाफ निकाला गया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने जगह जगह सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मणिपुर की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है, भाजपा कहती है, डबल इंजन की मजबूत सरकार है परन्तु लगभग तीन माह से मणिपुर में एक आदमी दुसरे आदमी का खुन का प्यासा है, नरसंहार को हर हाल में मोदीजी और शाहजी रोकने का कार्य करें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रखण्ड अध्यक्ष राजेश कुमार, जेम्को मण्डल अध्यक्ष संजय कुमार, टेल्को मण्डल अध्यक्ष देवाशीष घोष, जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार, सुनील प्रसाद लाली, सचिव एस पी सिंह, सरोज पाण्डेय, अभय पाण्डेय, सन्नी सिंह, एनएसयुआई अध्यक्ष सचिन कुमार सिंह, अजय महतो, कुलदीप सिंह, निखिल तिवारी, श्रीराम प्रसाद, सरवन सहानी, संतोष कुमार आदि शामिल थे।

## बिष्टुपुर मिलानी हॉल में काबुम धूम मचा ले का हुआ ऑडिशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** नवीन कला केंद्र की ओर से नृत्य, गायन व चित्रांकन प्रतियोगिता का मेगा आयोजन 'काबुम धूम मचा ले' किया जाएगा, जिसका फाइनल नवंबर में होगा. इस हेतु आज बिष्टुपुर के मिलानी हॉल में नृत्य व गायन हेतु प्रतिभागियों का ऑडिशन लिया गया. चित्रांकन के इच्छुक प्रतिभागियों का ऑडिशन आगामी 6 अगस्त को होगा. इस ऑडिशन में शहर के अलावा रांची, कोलकाता व आसपास के क्षेत्र के 470 से अधिक बच्चों ने भाग लिया. फिनाले में विजेताओं में 2 लाख की राशि पुरस्कार स्वरुप प्रदान किये जाएंगे. आज के ऑडिशन में तीन तीन आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लिया. केन्द्र की निदेशक मोनिका घोष ने बताया कि बारिश की वजह से कई बच्चे आज के ऑडिशन से वंचित रह गये हैं, उनके लिये आगामी सितंबर माह में पुन~ तीनों प्रतियोगिता के लिये ऑडिशन होगा. मोनिका ने बताया कि आगामी ऑडिशन 13 अगस्त को पुरुलिया में होगा. इसके अलावा रांची, घाटशिला व राउरकेला में भी ऑडिशन होगा. ऑडिशन का विधिवत शुभारंभ समाजसेवी अपर्णा गुहा ने किया. इस दौरान निर्णायक के रुप में संजय, एचपी मुखी, श्रेया पाल, देवश्री चौधरी आदि शामिल थीं. समारोह में केन्द्र के बच्चों ने गणेश वंदना की प्रस्तुति आकर्षक ढंग से की, जिसमें प्रत्युषा घोष, ईशान, श्रेया पांडे, सात्विक, श्रेयांश, अदिति, आदित्य व परिधि ने अपना परफॉर्मेंस दिया.

## झारखंडी भाषा खतियान समिति ने चलाया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निमडीह :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखण्ड अंतर्गत लाकड़ी पंचायत के बांदू गांव में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का पंचायत स्तरीय बैठक शनिवार को हुई, जिसमें झारखंड के तमाम मुद्दों जैसे खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति एवं विस्थापन नीति एवं झारखंड के अन्य तमाम तरह के समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। अजीत मुदी की अध्यक्षता में ग्रामीणों संघ पंचायत कमिटियों का विस्तार पर चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित फुलचंद महतो, गोपेश महतो, आदित्य महतो पूर्णसाशी महतो विष्णु महतो ,गंभू मूदी, बुधुराम गोप, राजेश गोप, संजय मंडल ,राजीव महतो, मुकेश गोप , आदित्य महतो, चिरंजीत महतो, सरकार महतो एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# टाटा ब्लूस्कोप स्टील बनी निर्माण क्षेत्र की समाधान प्रदाता कंपनी

**ग्राहकों को प्रदान किए जाएंगे एन्ड-टू-एन्ड समाधान**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारत में कलर-कोटेड स्टील उद्यम की प्रमुख कंपनी, टाटा ब्लूस्कोप स्टील ने अपनी व्यावसायिक रणनीति में महत्वपूर्ण परिवर्तन की घोषणा की है। कंपनी उत्पाद-उन्मुख कंपनी से समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करने वाली कंपनी के रूप में विकसित हो रही है। जमशेदपुर में हाल ही में हुई, चैनल पार्टनर्स के सम्मलेन आकार में इन योजनाओं की घोषणा की गयी। टाटा ब्लूस्कोप स्टील इकोसिस्टम के सभी हितधारकों को एक प्लेटफार्म पर लाकर स्टील बिल्डिंग समाधानों में एक हरित भविष्य साथ मिलकर बनाया जाएं यह इसका उद्देश्य है। टाटा ब्लूस्कोप स्टील के एमडी अनूप त्रिवेदी ने कहा, कलर-कोटेड स्टील उद्योग की बदलती गतिशीलता और ग्राहकों की बढ़ती मांगों के अनुरूप हमने यह निर्णय लिया है। व्यापक समाधानों पर ध्यान केंद्रित करके, उच्च स्तर का मूल्य, नवाचार और ग्राहक संतुष्टि प्रदान करना टाटा ब्लूस्कोप स्टील का लक्ष्य है। टाटा ब्लूस्कोप स्टील के मार्केटिंग, सॉल्यूशन और स्ट्रैटेजिक सोर्सिंग के उपाध्यक्ष सी आर कुलकर्णी ने कहा, यह बदलाव ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने, टिकाऊ और व्यापक समाधान देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# मणिपुर घटना से झारखंड के आदिवासी समुदाय आहत : ग्राम सभा

**यूसीसी आदिवासी विरोधी, फॉरेस्ट संशोधन बिल पूंजीपतियों के हित में, ग्रामीणों मोदी सरकार से नाराज**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** देश के पूर्वोत्तर राज्य स्तर मणिपुर की घटना से झारखंड के आदिवासी समुदाय काफी आहत है। इसको लेकर जादूगोड़ा के राजदोहा गांव में शनिवार को ग्राम सभा आयोजित की गई। माझी बाबा युवराज टुडू की अगुवाई में आयोजित इस ग्राम सभा में मणिपुर की घटना की निंदा की गई। इस मौके पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को भी आदिवासी विरोधी बताया गया। फॉरेस्ट संशोधन बिल पर भी माझी बाबा युवराज टुडू बोले व इसे पूंजीपतियों के हित में बताया। इस ग्राम सभा में राजदोहा गांव के माझी बाबा युवराज टुडू, सीमल हेंब्रम, सुपाई टुडू, फागू हेंब्रम, सुनील टुडू, राजाराम सोरेन, बसंत सोरेन, सुनाराम मुर्मू, कृष्ण गोपाल टुडू समेत ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

## संपादकीय

# आर्थिक भुगतान की बिजली

**पंजाब** पुनर्गठन के अपने अधिकार के करीब खड़े हिमाचल के तर्क, कम से कम बीबीएमबी एरियर के भुगतान को लेकर न्याय का आश्वासन पा रहे हैं। इस भुगतान को लेकर 2011 में सुप्रीम कोर्ट का फैसला तो आ चुका था, लेकिन कानूनी दांव पेंच में फार्मूले को घसीटते-घसीटते बारह साल गुजर गए। अंततः माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार द्वारा मामले को आगे सरकाने की आखिरी कोशिश को दरकिनार करते हुए इनसाफ की कमान खुद संभाल ली है। उम्मीद है अब नियमित सुनवाई से एरियर भुगतान का कोई न्यायपूर्ण फार्मूला सामने आएगा। जाहिर है 7.19 प्रतिशत की हिस्सेदारी हासिल करने की सारी दरख्वास्तें भंवर में हैं। पंजाब पुनर्गठन से जो इलाके हिमाचल में आकर मिले, उन्हें शक्ति मानने की कोताही तत्कालीन राजनीति से कहीं न कहीं हुई है या होती रही है, वरना 7.19 प्रतिशत की हिस्सेदारी संसाधन विहीन पर्वतीय प्रदेश की मिलकीयत में आर्थिक बढ़ोतरी कर देती। अगले दस सालों में तेरह हजार मिलियन यूनिट फ्री बिजली लगभग छह हजार करोड़ लाने का वादा कर रही है। यह फैसला आर्थिक पहिया घुमाने की एक जोरदार पेशकश है और जो आगे चलकर वाटर सैस लगाने के तर्क को अंगीकार करता है। बीबीएमबी की परिपाटी में 7.19 की दर से ही भले भुगतान हो रहा है, लेकिन आगे चलकर पंजाब पुनर्गठन में एक पक्ष हिमाचल के नसीब से जुड़ता है जिसकी आर्थिक, भौगोलिक, सामाजिक और राजनीतिक विवेचना जरूरी हो जाती है। इस दौरान भले ही महत्त्वपूर्ण बांध परियोजनाओं के माध्यम से काफी पानी बह गया, लेकिन आधी सदी के बाद अधिकारों की व्याख्या, कानून की परिभाषा और राष्ट्रीय नीतियों के संदर्भ बदल चुके हैं। यह मामला उस वक्त के विस्थापन की पीड़ा को भी हरा कर देता है, जो वक्त गुजरने के बावजूद आज भी तकलीफदेह है। आज भी विस्थापित परिवार भाखड़ा बांध और खास तौर पर पौंग बांध के अस्तित्व के लिए अपनी कुर्बानियों से हुई बदसलूकी को याद करके भटक रहे हैं। राजस्थान की रेत में उगे खेत को जिंदगी देने वाले हिमाचली आज भी अगर खानाबदोश हालत में हैं, तो न्याय की परिपाटी अभी बाकी है। यही नहीं, उनके किस्से-कहानियों में रेगिस्तान का अन्याय कहीं मुजरिम बना है, तो सुनवाई का मानवीय पहलू जरूरी हो जाता है। हैरानी होती है कि बड़े बांधों में बरसात की बाढ़ जब उफनती है, तो पड़ोसी राज्य यह चाहते हैं कि गेट चाहकर भी न खुलें, लेकिन इस पार दफन आहों की फरियाद नहीं सुनना चाहते। पर्वत के लिए जंगल होना अगर प्राकृतिक अनिवार्यता है, तो मौसम का पानी-पानी होना, उसकी त्रासदी है। जलवायु संतुलन के लिए पहाड़ को पूजना पड़ेगा, पर्वत की अहमियत के दीप जलाने पड़ेंगे। ऐसे कानून व ऐसी नीतियां लागू करनी होंगी जो पर्वत को भी जीने का एहसास दे। पर्वतीय खेती, बागबानी, ग्रामीण व शहरी आर्थिकी, विकास की गति और नवाचार से अनुसंधान तक की मर्यादा अगर केंद्र सुनिश्चित करता है, तो पहाड़ को समझने के लिए एक अदद स्वतंत्र केंद्रीय मंत्रालय का गठन किया जाए। इस मंत्रालय के तहत अगर विकास का मॉडल तय होता है, तो पहाड़ से निकलती हवाओं, पानी और जंगल की तासीर का उल्लंघन मैदानी इलाकों की राजनीति नहीं कर पाएगी। पहाड़ तो हर साल बरसात में अपनी उर्वरता, खेती में इस्तेमाल खाद-बीज और श्रम को बहाकर मैदान की झोली में डाल देता है, लेकिन बदले में उसे मिलता क्या है। पर्वतीय आर्थिकी की राष्ट्रीय प्राथमिकता में कई तरह के हस्तक्षेप चाहिए। बहरहाल बीबीएमबी के एरियर पर आया फैसला हिमाचल को आत्मबल दे रहा है, लेकिन पंजाब पुनर्गठन की लिखावट में जब 7.19 प्रतिशत हिस्सेदारी मिल जाएगी, तो आर्थिकी के अन्य शिलालेख भी मुकम्मल होंगे।

अगले दस सालों में तेरह हजार मिलियन यूनिट फ्री बिजली लगभग छह हजार करोड़ लाने का वादा कर रही है। यह फैसला आर्थिक पहिया घुमाने की एक जोरदार पेशकश है और जो आगे चलकर वाटर सैस लगाने के तर्क को अंगीकार करता है। बीबीएमबी की परिपाटी में 7 .19 की दर से ही भले भुगतान हो रहा है, लेकिन आगे चलकर पंजाब पुनर्गठन में एक पक्ष हिमाचल के नसीब से जुड़ता है जिसकी आर्थिक, भौगोलिक, सामाजिक और राजनीतिक विवेचना जरूरी हो जाती है। इस दौरान भले ही महत्त्वपूर्ण बांध परियोजनाओं के माध्यम से काफी पानी बह गया, लेकिन आधी सदी के बाद अधिकारों की व्याख्या, कानून की परिभाषा और राष्ट्रीय नीतियों के संदर्भ बदल चुके हैं। यह मामला उस वक्त के विस्थापन की पीड़ा को भी हरा कर देता है, जो वक्त गुजरने के बावजूद आज भी तकलीफदेह है। आज भी विस्थापित परिवार भाखड़ा बांध और खास तौर पर पौंग बांध के अस्तित्व के लिए अपनी कुर्बानियों से हुई बदसलूकी को याद करके भटक रहे हैं। राजस्थान की रेत में उगे खेत को जिंदगी देने वाले हिमाचली आज भी अगर खानाबदोश हालत में हैं, तो न्याय की परिपाटी अभी बाकी है।

### विपक्षी दलों की चिंता मात्र एक दिखावा ही अधिक प्रतीत हुई है

# अब सार्थक बहस हो एवं संसद सुचारु चले

ललित गर्ग

आइएनडीआइए भले ही अविश्वास प्रस्ताव को अपनी जीत समझ रहा हो और यह मानकर चल रहा हो कि उसे संसद में अपनी एकजुटता एवं ताकत दिखाने का अवसर मिलेगा, लेकिन एक तो इस प्रस्ताव का गिरना तय है, दूसरा विपक्षी एकता एवं शक्ति के दावे भी खोखले साबित होने है। जब प्रस्ताव का गिरना पहले से ही तय है तो क्यों विपक्ष अपनी किरकिरी कराने पर तूली। विपक्षी दलों का मणिपुर पर प्रधानमंत्री के वक्तव्य की अपनी मांग पर अडे रहना भी हास्यास्पद है। क्योंकि प्रधानमंत्री ने पहले ही मणिपुर के हालात पर क्षोभ व्यक्त करते हुए संसद भवन परिसर में कहा था कि यह घटना किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है और इससे पूरे देश की बेइज्जती हुई है। बावजूद विपक्ष की जिद्द इसलिये भी बचकानी एवं बेहूदी कही जायेगी क्योंकि कोई भी मामला जिस मंत्रालय संबंधित होता है, उसके ही मंत्री को उस पर वक्तव्य देना होता है।

**विपक्षी** गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का निर्णय लेकर अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता, नासमझी एवं विवेकहीनता का ही परिचय दिया है, यह प्रस्ताव स्वीकार भी हो गया। अब प्रतीक्षा है उस पर बहस की। आइएनडीआइए भले ही अविश्वास प्रस्ताव को अपनी जीत समझ रहा हो और यह मानकर चल रहा हो कि उसे संसद में अपनी एकजुटता एवं ताकत दिखाने का अवसर मिलेगा, लेकिन एक तो इस प्रस्ताव का गिरना तय है, दूसरा विपक्षी एकता एवं शक्ति के दावे भी खोखले साबित होने है। जब प्रस्ताव का गिरना पहले से ही तय है तो क्यों विपक्ष अपनी किरकिरी कराने पर तूली। विपक्षी दलों का मणिपुर पर प्रधानमंत्री के वक्तव्य की अपनी मांग पर अडे.रहना भी हास्यास्पद है। क्योंकि प्रधानमंत्री ने पहले ही मणिपुर के हालात पर क्षोभ व्यक्त करते हुए संसद भवन परिसर में कहा था कि यह घटना किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है और इससे पूरे देश की बेइज्जती हुई है। बावजूद विपक्ष की जिद्द इसलिये भी बचकानी एवं बेहूदी कही जायेगी क्योंकि कोई भी मामला जिस मंत्रालय संबंधित होता है, उसके ही मंत्री को उस पर वक्तव्य देना होता है। सोचने वाली बात है कि विपक्ष यदि वास्तव में मणिपुर पर दुःखी होता तो चार दिन संसद का काम रोक कर न तो नारेबाजी और न हठधर्मिता में अपनी ऊर्जा खपा रहा होता और न ही गृह मंत्री को सुनने से इन्कार कर रहा होता। विपक्षी दलों की चिंता मात्र एक दिखावा ही अधिक प्रतीत हुई है। विपक्ष का चेहरा जनता के सामने बेनकाब हुआ है, जो कुछ बाकी रहा है प्रधानमंत्री अविश्वास प्रस्ताव पर अपने वक्तव्य में उसे उघाड़ देंगे, इस नए गठबंधन की कथित एकजुटता की पोल भी खोल ही देंगे और उसकी आपसी खींचतान को भी उजागर कर ही देंगे। विपक्षी गठन इंडिया के गठन के बाद वे कितने राजनीतिक रूप से शक्तिशाली हुए है और प्रधानमंत्री को चुनौती देने की स्थिति कितने सक्षम बने हैं, इन स्थितियों का भी पर्दापाश होगा। बात जब तीर से निकली है तो दूर तक जायेगी, अविश्वास प्रस्ताव की बहस केवल मणिपुर तक सीमित नहीं रहने वाली, क्योंकि हालिया पंचायत चुनावों के दौरान बंगाल में जो भीषण हिंसा हुई, कोई भी उसकी अनदेखी नहीं कर सकता-मोदी सरकार तो बिल्कुल भी नहीं। यह सही है कि अविश्वास प्रस्ताव लाकर विपक्ष ने अपने इस उद्देश्य को हासिल कर लिया कि मणिपुर के मामले में प्रधानमंत्री को सदन में बोलना ही पड़ेगा,




लेकिन उसने उन्हें अपनी राजनीतिक हठधर्मिता को बेनकाब करने का अवसर भी दे दिया है। एक तरह से अपने पांव पर खुद कुल्हाड़ी चला दी है। यह पूरे देश की जनता को मालूम है कि इस अविश्वास प्रस्ताव से मोदी सरकार को कोई खतरा नहीं है क्योंकि इसके पास अपने बूते पर सदन में जबर्दस्त बहुमत है और 538 की वर्तमान सदस्य संख्या वाली लोकसभा में भाजपा व इसके सहयोगी दलों के 332 सांसद हैं जबकि इंडिया दलों के 142 व निरपेक्ष या संकट के समय मोदी सरकार का साथ देने वाले दलों के सदस्यों की संख्या 64 है। यह अविश्वास प्रस्ताव सांकेतिक है और इस बात का प्रयास है कि इसके माध्यम से विपक्षी गठबन्धन देश के लोगों के बीच अपने समर्थन में 'जन-अवधारणा' का निर्माण कर सके। लेकिन विपक्षी दलों का यह न्यूसेंस भरा ध्येय अधूरा ही रहने वाला है। अविश्वास प्रस्ताव संसदीय लोकतन्त्र में प्रायः सरकारों के खिलाफ जन अवधारणा सृजित करने के लिए ही लाये जाते हैं क्योंकि भारत के संसदीय इतिहास में अब तक 28 अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये, जिनमें केवल तीन बार ही सत्तारूढ़ सरकारें इनके माध्यम से सत्ता से बेदखल की गई हैं। मोदी सरकार अपने इस कार्यकाल में पहली बार अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रही है, इसके पहले 2018 में भी मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, तब भी उसे पराजय का सामना करना पड़ा था और उस समय ही मोदी ने भविष्यवाणी करते हुए कहा था कि 2023 में फिर से अविश्वास प्रस्ताव लाने का आपको मौका मिले।' मौका तो विपक्ष को मिल ही गया है, पिछली बार की तरह इस बार भी ऐसा ही सुनिश्चित सा दिख रहा है, कि प्रस्ताव औधे मूंह गिरेगा। हालांकि लोकतंत्र के सर्वोच्च मंच संसद पर सत्ता पक्ष और विपक्ष की ऐसी रस्साकशी कोई नई बात नहीं है। इसे स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण भी कहा जा सकता है। लेकिन इस तरह की कवायद एवं मंथन से जनता के हित में कुछ निकलना चाहिए, वह निकलता हुआ दिख नहीं रहा है। मणिपुर में जिस तरह के दृश्य पिछले दिनों देखने को मिले, उसके मद्देनजर इस तरह की रस्साकशी की बजाय सार्थक बहस का माहौल बनाकर समस्या के समाधान का रास्ता निकला जाता तो वह आशा की किरण बनता। बेहतर तो यही होता कि विपक्ष और सरकार आपस में बातचीत से सहमति की कोई सूरत निकाल कर मणिपुर पर विस्तृत चर्चा कर लेते और इसके लिए अविश्वास प्रस्ताव की नौबत न आती। अविश्वास प्रस्ताव से तीन बार ही सत्तारूढ़ सरकारें सत्ता से बेदखल की गई हैं। इनमें सभी सरकारें गठबंधनों की खिचड़ी सरकारें थीं और एक बार 1999 में तो अटल बिहारी वाजपेयी की साझा सरकार केवल एक वोट से ही गिर गई थी। जबकि इससे पहले 1990 में वीपी सिंह की 'दो खड़ाऊ' भाजपा व वामपंथियों के समर्थन पर खड़ी सरकार बुरी तरह लोकसभा में हार गई थी और 1997 में कांग्रेस के समर्थन पर टिकी देवेगौड़ा सरकार का हश्र भी ऐसा ही हुआ था। मगर मोदी सरकार में तो भाजपा के ही 301 सांसद हैं। अब जबकि अविश्वास प्रस्ताव पर बहस होना निश्चित हो गया है तो यह बहस लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित एवं सार्थक बहस हो। आदर्श मूल्यों की वाहक बने। मणिपुर जैसी जटिल समस्या के साथ अन्य समस्याओं के समाधान की प्रेरक बने। संविधान पक्ष एवं विपक्ष को केवल अधिकार नहीं देता, उनसे शुद्ध आचरण की अपेक्षा भी करता है। अब संसद में कामकाज सुचारू ढंग से शुरू हो, इसकी व्यवस्था होनी चाहिए मगर साथ ही ध्यान रखा जाना चाहिए कि उच्च सदनों में विपक्ष के नेताओं को भी अपनी बात रखने का समुचित अवसर सम्मानजनक तरीके से दिया जाये। संसदीय प्रणाली में विपक्ष के नेता का महत्व भी कोई कम नहीं होता क्योंकि वह भी उन करोड़ों लोगों की आवाज होता है, जिनको अपनी आवाज संसद में रखने के लिये जनता ने ही चुना है। भाजपा सरकार पर संसद में रवैया बहुत एकपक्षीय और मनमाना होने का आरोप भी निराधार साबित होना चाहिए। न्यूसेन्स में जैसे कोई आधार नहीं होता, कोई तथ्य नहीं होता, कोई सच्चाई नहीं होती तो दूसरों के लिए खोदे गए खड्डों में स्वयं एक दिन गिर जाने की स्थिति बन जाती है। विपक्ष इस न्यूसेन्स स्थिति से बाहर आये, विपक्ष में अपनाई जा रही इस न्यूसेन्स वाली नुकसानदेय एवं उकसाने वाली नीति से आक्रमण करना आसान है, क्योंकि आक्रमण में बुद्धि और ताकत कम लगती है जबकि बचाव में ज्यादा। विपक्ष की भूमिका को सार्थक करने के लिये ताकत भले ज्यादा लगे, लेकिन वही जनता के दिलों पर राज एवं जन अवधारणा सृजित करती है।

## कुछ अलग

# पापा की परी पर हंसते मां के लाडले

**सोशल** मीडिया एक ऐसा समंदर है, जहां मस्ती मज़ाक में शुरू हुई चीज़ों को हदें पार करते देर नहीं लगती। अब पापा की परी टाइटल का ही उदाहरण ले लीजिए। ठीक से टूवीलर न चला पाने वाली लड़कियों के विडियो पर इस हैशटैग के साथ हंसने से शुरुआत हुई, लेकिन अब उनसे जुड़े हर किसी मामले में पापा की परी लिखकर यंग गर्ल्स को कठघरे में खड़ा किया जाने लगा है। दरअसल, कुछ समय पहले एक काफी वायरल हो गया, जिसमें स्कूटी चलाती एक लड़की ब्रेक लगाने के बजाय दोनों पैरों से उसे रोकने की कोशिश कर रही है। पहली नज़र में सबको विडियो फनी लगा और खूब शेयर हुआ। फिर तो सोशल मीडिया पर ऐसे सीसीटीवी फुटेज की बाढ़ आ गई, जिनमें टूवीलर चलाती लड़कियों को ट्रैफिक के बीच घबराहट में गिरते-पड़ते-भिड़ते दिखाया गया है। पापा की परी हैशटैग के साथ डाले गए इन विडियो पर हर उम्र के लोगों ने खूब चटखारे लिए। सवाल यह है कि बहुत से लड़के भी गाड़ी चलाते वक्त ऐसी ही गलतियां करते होंगे, पर मां के लाडले हैशटैग के साथ कभी उनका मज़ाक तो नहीं उड़ाया गया? चलिए मान भी लिया कि दस में से एक लड़की स्कूटी चलाते वक्त वह कॉन्फिडेंस नहीं ला पा रही, जिसकी अपेक्षा ये समाज उससे कर रहा है तो इसमें उसकी ग़लती क्या है। वो तमाम जोखिम लेकर यह कोशिश आखिर क्यों कर रही है, कभी इसकी वजह जानने की कोशिश किसी ने की? वो लड़कों की तरह बाइक पर स्टंट या टशन दिखाने या अपने शौक की वजह से ऐसा नहीं कर रही, वो यह कोशिश इसलिए कर रही है कि शांति और इज्जत के साथ अपने स्कूल, कॉलेज या काम पर जा सके। इस फिक्र के बिना कि कोई गंदी नज़रों से उन्हें घूर रहा या टच कर रहा है, जो हर दूसरी महिला बस, रेल, ऑटो, मेट्रो जैसे सभी पब्लिक ट्रांसपोर्ट में आए दिन फेस करती है। घूरती नज़रों ने उसे अपनी गली में साइकिल भी तो कभी शांति से नहीं चलाने दी होगी। उसका सारा कॉन्फिडेंस तो वहीं खत्म हो जाता होगा। अब वर्षों बाद वह किसी तरह भारी भरकम टू वीलर को लेकर ट्रैफिक से भरी सड़क पर तमाम बाधाओं से जूझती हुई जाएगी तो शुरू में दिक्कत आ ही सकती है। पापा भी अपनी परी में आत्मविश्वास भरना चाहते होंगे कि किसी पर निर्भर होने की ज़रूरत नहीं, अपनी उड़ान खुद भरना सीखो। पापा ने अपने लाडले को भी कभी ऐसे ही हैंडल पकड़कर पहले साइकिल चलाना और फिर पीछे बैठकर स्कूटर या बाइक चलाना और बगल में बैठकर कार चलाना सिखाया होगा। सोशल मीडिया पर मज़े लेने वाले यही लोग उस बस या ट्रेन में भी होते हैं, जहां किसी लड़की के साथ गलत हरकत होती है, पर उस वक्त उनके मुंह से चूं तक नहीं निकलती। तब इनमें से एक भी आदमी आगे बढ़कर उस व्यक्ति को रोकने की हिम्मत क्यों नहीं करता? दिल्ली की व्यस्त गली में सरेआम एक लड़का छात्रा की चाकू गोदकर और पत्थर से सिर कुचलकर नृशंस हत्या कर देता है, तब तमाशबीन बने लोग पापा की उस परी को बचाने आगे क्यों नहीं आए। आप कह सकते हैं कि मस्ती-मज़ाक के लिए डाले गए विडियो पर मैं इतना सीरियस क्यों हो रहा हूं? तो देखिए, बात सिर्फ स्कूटी से फिसलने वाले विडियोज़ तक सीमित रहती तो शायद मैं इतना लंबा-चौड़ा लेख लिखता ही नहीं। लेकिन मुझे कष्ट तब हुआ, जब हाल ही में किसी कार्यक्रम में सैंकड़ों महिलाओं की भीड़ में बैठी एक नवयुवती का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। विडियो देख साफ लग रहा है कि यह उसके किसी परिचित ने ही बनाया है। विडियो बनाने वाले ने ज़ूम कर फोकस घूंघट में बैठी इस युवती के चेहरे पर कर दिया है, जो आंखों ही आंखों में उसे छेड़ती सी दिख रही है।

# हिमालय राष्ट्रीय मुद्दा है, राजनीतिक नहीं

भारत खास तौर पर बाढ़ों के साल दर साल शिकार हो रहे हैं, किन्तु हम न तो अपनी गलतियां मानने को तैयार हैं और न ही उन्हें पहचानने को तैयार हैं। तकनीक के अहंकार ने हमें अंधा बना दिया है। हम सोचते हैं कि हम इस नाजुक पर्वत से मनमानी छेड़छाड़ करके इसकी नाजुकता पर पार पा सकते हैं। किन्तु साल दर साल बढ़ती जाती तबाही से भी हम सीखने को तैयार नहीं हैं। चीन जो आर्थिक रूप से शक्तिशाली देश है, वह भी इस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं कर पा रहा है, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीनहॉउस गैसों का उत्सर्जक बन गया है। उसकी होड़ में बाकी एशियाई देश भी पीछे रहने के लिए तैयार नहीं हैं। वैश्विक तापमान वृद्धि में लगातार अपना योगदान बढ़ाते जा रहे हैं, जिसके कारण जलवायु परिवर्तन का जिन्न हमारे सामने मुंह बाए खड़ा हो गया है।

**हिमालय** की पर्यावरणीय और पारिस्थितिकीय सुरक्षा एक राष्ट्रीय मुद्दा है और सीमाओं की सुरक्षा जितना ही महत्वपूर्ण भी है। आखिर हम सीमाओं की सुरक्षा अपनी मानव आबादी की खुशहाली, संसाधनों के सदुपयोग और सुरक्षा एवं सतत विकास के लिए ही तो करते हैं। हिमालय एक सबसे कम आयु की पर्वत श्रृंखला है जो अभी तक भी निर्माण की अवस्था में है। इस कारण इसकी चट्टानें अभी तक भी भुरभुरी और नाजुक हैं। हिमालय की पारिस्थितिकीय सुरक्षा का मसला एक देशीय भी नहीं है। हिमालय के आगोश में बसे अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, भूटान, बांग्लादेश और म्यांमार तक सभी हिमालय में हो रही पर्यावरणीय गड़बडियों के शिकार हो रहे हैं। होना तो यह चाहिए था कि हम सभी हिमालयी परिस्थिति से प्रभावित देश आपस में मिलकर कोई सांझा कार्यक्रम बनाने की समझदारी विकसित करते, किन्तु स्थिति तो यह है कि हम अपने देश के अंदर ही हिमालय के स्वास्थ्य के लिए चिंतित नहीं हैं। झेल तो सभी देश रहे हैं। चीन, पकिस्तान, बांग्लादेश और भारत खास तौर पर बाढ़ों के साल दर साल शिकार हो रहे हैं, किन्तु हम न तो अपनी गलतियां मानने को तैयार हैं और न ही उन्हें पहचानने को तैयार हैं। तकनीक के अहंकार ने हमें अंधा बना दिया है। हम सोचते हैं कि हम इस नाजुक पर्वत से मनमानी छेड़छाड़ करके इसकी नाजुकता पर पार पा सकते हैं। किन्तु साल दर साल बढ़ती जाती तबाही से भी हम सीखने को तैयार नहीं हैं। चीन जो आर्थिक रूप से शक्तिशाली देश है, वह भी इस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं कर पा रहा है, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीनहॉउस गैसों का उत्सर्जक बन गया है। उसकी होड़ में बाकी एशियाई देश भी पीछे रहने के लिए तैयार नहीं हैं। वैश्विक तापमान वृद्धि में लगातार अपना योगदान बढ़ाते जा रहे हैं, जिसके कारण जलवायु परिवर्तन का जिन्न हमारे सामने मुंह बाए खड़ा हो गया है। पिछले साल की बाढ़ों से हुई तबाही से पाकिस्तान आज दिन तक नहीं उबर पाया है, किन्तु इन सब देशों के प्राथमिकता वाले मुद्दे अपने अपने हिमालय की संभाल करने के आसपास भी नहीं हैं। हम भी कहां पीछे रहने वाले हैं। बेतरतीब सडक निर्माण, बड़े, छोटे बांध निर्माण, हिमालय के सीने तक रेल ले जाने की योजना, पर्यटन का मनमाना स्वरूप, नदी किनारे तक आवास बनाने की अहंकारी सोच, सारे विकास के नाम पर, बिना पूरी वैज्ञानिक समझ से किए जा रहे काम हिमालय की नाजुक ढलानों को अस्थिर करते जा रहे हैं। भगवान कृष्ण ने गीता में कहा कि 'मैं स्थिर रहने वालों में हिमालय हूं।' उस स्थिर हिमालय को हमने अस्थिर कर दिया है। इस वर्ष लगती बरसात में ही हिमाचल में प्रकृति ने अपना रौद्र रूप दिखाया, जिससे 150 से ज्यादा जानें चली गईं। 8000 करोड़ रुपए की निजी और सार्वजनिक संपत्ति की हानि हो चुकी है। बरसात तो अभी सिर पर ही है। कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर और कांगड़ा जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। हिमालय में पहले भी बाढ़ का प्रकोप होता रहा है, किन्तु जलवायु परिवर्तन ने उसकी तीव्रता को और बढ़ा दिया है। हम इस तथ्य से भली भांति परिचित भी हैं, फिर भी उस ओर ध्यान देने की हमारी मंशा ही नहीं होती है। हमारी लड़ाइयां राहत राशि ज्यादा से ज्यादा लेने तक सीमित हो जाती हैं। और केंद्र सरकारें भी कुछ राहत राशि देकर अपनी जिम्मेदारी का इतिश्री कर लेती हैं। बरसात निकल गई और सब भूल जाते हैं। हमने अपनी गलत हरकतों को छुपाने के लिए प्राकृतिक आपदा को बहाने की तरह प्रयोग करने की कला सीख ली है। इसलिए सरकारें और निहित स्वार्थ, भारी बरसात के कारण तबाही हुई, ऐसा साबित करने में अपनी शक्ति लगा देते हैं। हमने अपनी गैर जिम्मेदार ढांचागत विकास गतिविधियों के कारण तबाही को कितना आमंत्रित किया है, इस बात को सामने लाने से बचते रहते हैं। जो लोग इस तरह के विकास की कमियों को उजागर करने का साहस करते हैं, उन्हें विकास विरोधी घोषित कर दिया जाता है। यह एक आधुनिक गाली की तरह उपयोग होने वाला शब्द बन गया है। किन्तु सच देखने-दिखाने के लिए और स्थिति का वैज्ञानिक विश्लेषण करने के लिए हमें यह गाली खाने का खतरा तो उठाना ही चाहिए। हम विकास विरोधी हैं भी नहीं। केवल गलत दिशा और तकनीकों के विरोधी हैं। हमारी आवाज हर सरकार के समय एक ही रही है, चाहे भाजपा हो या कांग्रेस। इसलिए हमें किसी दल का समर्थक या विरोधी मानने की गलती भी न की जाए, क्योंकि इससे हम एक राष्ट्रीय मुद्दे को दलगत राजनीति में घसीट कर महत्वहीन बनाने का गुनाह कर रहे होंगे। हम भारतीय परंपरा का गर्व करते हैं, किन्तु यह भूल जाते हैं कि भारतीय परंपरा तो मूल रूप से पर्यावरण मित्र जीवन पद्धति अपनाने पर बल देकर ही गौरवमय हुई है। 2012 में शिमला में हिमालयी राज्यों का जलवायु परिवर्तन पर कॉनक्लेव हुआ था जिसमें उत्तराखंड, हिमाचल के मुख्यमंत्रियों के साथ तत्कालीन केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने भी शिरकत की थी। इसमें हिमालय नीति अभियान द्वारा हिमालय में अवैज्ञानिक तरीके से विकास के कारण होने वाली तबाहियों के बारे में प्रदेश की जनता की चिंताओं से संबंधित ज्ञापन कॉनक्लेव में दिया गया था, जिसके बाद सरकार द्वारा जलवायु परिवर्तन के सन्दर्भ में एक्शन प्लान बनाया गया था। उसमें भी दरपेश खतरों को चिन्हित किया गया था और सुधार के लिए एक कार्ययोजना बनाई गई थी।

## नागरिक बोध

# बिहार में 'मौत राज'

**बिहार** में 'जंगल राज' का विशेषण लंबे अंतराल तक चला। यह विशेषण उसकी छवि और पहचान बन गया था। इसकी चर्चा आजकल भी सुनाई देती है, लेकिन अब विशेषण बदल कर 'मौत राज' कर दिया जाना चाहिए। बिहार पुलिस इतनी असहिष्णु और इतने क्रोध, आवेश में रहती है कि विरोध करने वालों की लाशें ही बिछा देती है। कभी लाठियां बरसा कर, तो कभी गोली दाग कर उन नागरिकों को मौत के घाट उतारा जा रहा है, जिन्हें देश के संविधान ने मौलिक अधिकार प्रदान कर रखे हैं। संविधान के अनुच्छेद 19 में अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार दिया गया है, तो शांति से विरोध-प्रदर्शन, धरना, आंदोलन के अधिकार का भी प्रावधान किया गया है। यदि मौलिक अधिकार और मानवाधिकारों को ही कुचला जाएगा, तो उसकी सजा क्या होगी? 'सुशासन बाबू' मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके 'उप' तेजस्वी यादव तो खामोश हैं। पुलिस के हत्यारे प्रहारों की जांच पुलिस ही करेगी, तो सोच लीजिए कि इंसाफ की नियति क्या होगी? बिहार के संदर्भ में हमारी चिंता और सरोकार इसलिए अधिक है, क्योंकि बिहार देश के सबसे गरीब और पिछड़े राज्यों में एक है। इसकी फितरत ही आपराधिक है। सत्ता पर वे दल और चेहरे काबिज हैं, जिन्हें बुनियादी जनादेश नहीं मिला था। लिहाजा लोकतंत्र और संविधान को ठेंगा दिखाया जा रहा है। ऐसी गठबंधन सरकारें कई राज्यों में बनी हैं, जिसके नेता 'मौसेरे भाई' की भूमिका में हैं। दो और दो मिला कर 22 करने की कोशिशें की जाती रही हैं, लिहाजा संविधान में संशोधन करने की जरूरत है। बहरहाल यह भारी उमस और गर्मी का मौसम है। जुलाई सबसे गरम महीना आंका गया है। यह जलवायु-परिवर्तन का ही फलितार्थ है। बेशक बारिश और बाढ़ ने बहुत कुछ तबाह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की अग्रिम घोषणा बड़े गुमान-भाव से की है। आंकड़े गिनाए जा रहे हैं कि देश 4 लाख मेगावाट से अधिक बिजली का उत्पादन कर रहा है। भारत सरकार ने 3.5 करोड़ से ज्यादा लोगों को बिजली के उजाले मुहैया कराए हैं। यह भी तथ्य है कि देश के 40 फीसदी घरों में औसतन 2-8 घंटे तक बिजली गुल रहती है। बिहार के कई हिस्सों में तो बदतर हालात हैं। यदि बिजली की मांग या समस्या को लेकर नागरिकों ने विरोध-प्रदर्शन किया था और बिजली विभाग के दफ्तर पर धावा बोल कर कुछ तोड़-फोड़ की थी, पथराव किया था, तो प्रतिक्रिया में क्या पुलिस उन प्रदर्शनकारियों को गोली मार कर ढेर कर देगी? क्या प्रदर्शनकारी आतंकवादी, नक्सलवादी, गुंडे-बदमाश थे कि पुलिस ने उन पर गोली चलाई? क्या पुलिस का प्रशिक्षण और संयम सिर्फ गोली दागने तक ही सीमित है? गोली चलाने से पहले चेतावनी, पानी की बौछार, आंसू गैस, हवाई फायर सरीखे विकल्प क्या नुमाइश के लिए रखे गए हैं? पुलिस ने कमर के नीचे गोली मारने की बजाय सीधे माथे पर ही निशाना साधा था, लिहाजा दो मासूम युवाओं की मौत हो गई। उनके परिजन रोते-बिलखते इंसाफ मांग रहे हैं और प्रधानमंत्री तक आने की गुहार लगा रहे हैं। क्या उन्हें इंसाफ मिलेगा? यदि पुलिस ऐसे ही प्रहार करती रही, तो देश के नागरिक जिंदा कैसे बचेंगे? बीते वर्ष ही बेरोजगार युवाओं ने नौकरी और भर्ती के लिए प्रदर्शन किया था, तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर उनकी हड्डियां ही तोड़ दी थीं। अभी 13 जुलाई को पुलिस ने इस तरह लाठियां भांजी कि भाजपा के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई। दरअसल बिजली संकट देश के अधिकतर राज्यों में है। उप्र में भी बिजली घंटों गायब रहती है। यह स्थिति तो सरकार के सुधार करने के दावों के बाद की है। गुरुग्राम 'साइबर शहर' है। बहुत महंगा भी है। वहां भी अक्सर बिजली कटौती की जाती रही है। थोड़ी-सी बारिश होती है, तो सडकें 'तालाब' बन जाती हैं और बिजली गुल कर दी जाती है। क्या अब भी हम 'पाषाणकालीन तकनीक' के साथ जी रहे हैं? संकट और अभाव के मायने ये नहीं हैं कि पुलिस 'असंतुष्ट जमात' की लाशें ही बिछाती रहे।

## देश दुनीया से

# न्यूजीलैंड की पूर्व मंत्री से सबक सीखें

**वैश्विक** राजनीति में शुचिता और नैतिकता के उच्च मानदंड स्थापित करते हुए न्यूजीलैंड की न्याय मंत्री किरी एलन ने एक कार को टक्कर मारने के आरोप में अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह हादसा वेलिंग्टन में हुआ। इतना ही नहीं, घटना के बाद पुलिस ने मंत्री को हिरासत में ले लिया। स्वच्छता की राजनीति के सिक्के का एक उज्ज्वल पहलू न्यूजीलैंड में देखने को मिला। इस सिक्के का दूसरा काला पहलू भारत की राजनीति में देखा जा सकता है जहां जनप्रतिनिधियों पर हत्या, बलात्कार, लूट, डकैती और अपहरण जैसे संगीन मामले होने के बावजूद संसद और विधानसभाओं में जमे हुए हैं। देश में वर्तमान में कुल 4001 विधायक हैं जिनमें से 1777 यानी 44 फीसदी नेता हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसे अपराधों में लिप्त रहे हैं। वहीं वर्तमान लोकसभा में भी 43 फीसदी सांसद आपराधिक मामलों में घिरे हैं। देशभर में माननीयों के खिलाफ कुल 5097 मुकदमे लंबित हैं। इनमें 40 फीसदी पांच साल से ज्यादा पुराने हैं। नौ साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि सांसदों-विधायकों के खिलाफ मामलों का निपटारा त्वरित गति से कर एक साल के अंदर निपटाया जाना है। यहां तक कहा गया था कि अगर निचली अदालतें ऐसा करने में असफल रहती हैं तो हाईकोर्ट के समक्ष स्पष्टीकरण देना होगा। इसके लिए विशेष अदालतों का भी प्रावधान हो गया। लेकिन स्थिति यह है कि वर्तमान में पांच हजार से ज्यादा ऐसे केस लंबित हैं और 40 फीसदी केस पांच साल से ज्यादा वक्त से लटके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 10 अगस्त 2021 को सांसदों-विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मुकदमों की जल्द सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया था कि इन विशेष अदालतों के जजों का ट्रांसफर सुप्रीम कोर्ट की इजाजत के बगैर नहीं किया जाएगा। इसके बाद से हाई कोर्ट समय-समय पर अर्जी दाखिल करते हैं और प्रशासनिक आवश्यकता या अन्य आधार पर जज को ट्रांसफर करने की इजाजत मांगते हैं। इसे देखते हुए न्यायमित्र हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल 18वीं रिपोर्ट में 10 अगस्त 2021 के आदेश में संशोधन का सुझाव दिया था। न्यायमित्र की रिपोर्ट में एडीआर की जुलाई 2022 की रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि लोकसभा के 44 फीसदी सांसद और राज्यसभा के 31 फीसदी सांसदों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे लंबित हैं। अपराधों के मामलों में सांसदों के साथ राज्यों के विधायक भी पीछे नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट की एक शर्त के मुताबिक किसी भी नेता को विधायक बनने से पहले एक स्वघोषित हलफनामा फाइल करना होता है जिसमें उस पर कितने आपराधिक मामले दर्ज हो चुके हैं इसकी विस्तृत जानकारी दी जाती है। इसी हलफनामे के अनुसार भारत के कुल विधायकों में से 44 प्रतिशत विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं। देश में वर्तमान में कुल 4001 सिटिंग विधायक हैं जिसमें से 1777 यानी 44 फीसदी नेता हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसे मामलों के आरोपों का सामना करना रहे हैं। नेताओं पर लगे कुछ आरोप तो मामूली या राजनीतिक हैं, लेकिन ज्यादातर विधायकों के खिलाफ हत्या की कोशिश, सरकारी अधिकारियों पर हमला और चोरी जैसे गंभीर आरोप हैं। सन् 2004 में जनप्रतिनिधियों पर आपराधिक मामलों की संख्या 22 फीसदी थी, जो कि अब दोगुनी हो गई है। ये आंकड़े बताते हैं कि राजनीति को अपराधमुक्त बनाने की लाखों कोशिशों के बावजूद ऐसे विधायकों, सांसदों की संख्या बढ़ती ही जा रही है जिनके खिलाफ आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं। आपराधिक मामलों का सामना कर रहे इन 1777 नेताओं पर कोई छोटे-मोटे आरोप नही हैं।

भारतीय जनता पार्टी की भारत के 15 राज्यों में सरकारें हैं। इनमें बीजेपी बहुमत के साथ 6 राज्यों में और सहयोगी पार्टियों के साथ 9 राज्यों में सरकार चला रही है। इन राज्यों में बीजेपी में कुल 479 विधायक हैं, जिनमें से 337 विधायकों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। आपराधिक मामले वाले विधायकों की सूची में दूसरा स्थान कांग्रेस का है। कांग्रेस के 334 विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें से 194 विधायकों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। अन्य पार्टियों में द्रविड़ मुनेत्र कडग़म (डीएमके), तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, वाईएसआर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, भारत राष्ट्र समिति (पूर्व में तेलंगाना राष्ट्र समिति), राष्ट्रीय जनता दल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माक्र्सवादी) और बीजू जनता दल शामिल हैं।

# मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र में आयोजित वन महोत्सव का किया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राज्य के मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार श्री सत्यानन्द भोक्ता अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय कान्हाचट्टी में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल के द्वारा आयोजित 74वां वन महोत्सव 2023 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुएं।कार्यक्रम में मंत्री भोक्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । मंत्री श्री भोक्ता के विद्यालय परिसर आगमन पर विद्यालय के छात्राओं ने पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। इसके उपरांत मंत्री समेत गणमान्यों ने विद्यालय परिसर में पौध रोपण किया।तत्पश्चात मंत्री श्री भोक्ता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी को वन महोत्सव की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि वन जीवन का आधार है। हमसब को कम से कम खास मौके जैसे शादी सालगिरह, जन्मदिन, त्यौहार आदि पर जरूर से जरूर पौधा लगाने चाहिए एवं उसका संरक्षण करना चाहिए। पेड़ पौधों को अपने बच्चों की तरह देखभाल करनी चाहिए। वह हैं तभी जीवन सम्भव है। आज पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग की समस्या विकराल रूप धारण करते जा रही है। इनसब से बचने का एक मात्र उपाय है पेड़ पौधे और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण।उक्त वन महोत्सव शुभारंभ कार्यक्रम में चतरा उपायुक्त श्री अबु इमरान, वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा, जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, 20सूत्री प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर यादव, मंत्री प्रतिनिधि राजेन्द्र राम, मुखिया छोटू सिंह, मुखिया सुप्रिया कुमारी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

# परसाही में शिव चर्चा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कामता पंचायत के परसाही स्कूल प्रांगण में शिव चर्चा और भजन का आयोजन किया गया। शिव चर्चा का संचालन तिर्पू प्रजापति कर रहे थे इस शिव चर्चा का आयोजन प्रदीप साव ने किया था। इस चर्चा में बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता दीपू कुमार सिन्हा ने कहा कि इस सृष्टि में जब भी कोई संकट आया है उसे भगवान शिव ही दुर किए हैं, सास्त्रों के अनुसार जब समुद्र मंथन हुआ तो सबसे पहले जहर निकाला जिससे तीनों लोकों आकाश पृथ्वी पताल में हाहाकार मच गया, ऐसे में भगवान शिव ने बिस जहर को अपने गले में धारण कर पुरी सृष्टि का कल्याण किया इसी के बाद निलकंठ कहलाए, इस प्रकार शिव ही पुरे सृष्टि के रक्षक हैं, शिव भगवान काफी दयालू हैं जो भी इनको याद करते हैं उनके संकट दूर करते हैं। तिर्पू प्रजापति, चंद्रिका वर्मा, अरुण कुमार विश्वास, नुनू मल्हार, मुकेश कुमार सिंह, गुरू बहन आरती विश्वास, अंजू देवी, शीला देवी, दिनेस साव, गोपाल प्रसाद गुप्ता ने शिव पर चर्चा करते हुए कहा कि शिव को गुरु मानकर उनके महिमा का गुणगान करें, दुख होने पर शिव भगवान को याद करें, अंधविश्वास झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़ें शिव ही दुख को हरने वाले हैं, शिव भक्ति का मार्ग कल्याण कारी है, इसे जनजन में पहुंचाने की आवश्यकता है, शिव सबके साथ सामान्य रूप से प्रेम और दयालु के भाव रखते थे।अंत में सभी के बीच प्रसाद वितरित की गई।इस चर्चा में कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, आयोजक प्रदीप साव, राजू साव, महेंद्र गंझु, विजय शर्मा, पवन कुमार, रविशंकर गंझु, राधेश्याम साव, राजेश गंझु समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

# झमा झम बारिश से लौटी किसानों के चेहरे पर मुस्कान



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमण्डल क्षेत्र में बीते शाम से झमाझम बारिश शुरू हो गयी है। जैसे हीं मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने मुहर्रम का पर्व मना कर्बला से लौटे की झमाझम बारिश शुरू हो गयी है और लगातार बारिश जारी है। झमाझम बारिश से अब किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। किसानों का कहना है कि इस तरह बारिश होता रहा तो दो से तीन दिन के अंदर में धन रोपनी कार्य शुरू हो जाएगा। चुकी किसान अपने अपने बिचड़े को सुविधा के अनुशार पानी पटा कर मरने से बचा रखा था। किसानों को चिंता थी की पिछले वर्ष के तरह यदि इस वर्ष भी पानी के वजह से धन रोपनी नहीं हुई तो लोगों के बीच खाने के लाले पड़ जाएगा। चुकी बचाखुचा पहले का अनाज किसानों के पास से अब खत्म हो चुका है वैसे में वर्षा के वजह से धान की पैदावार नहीं हुई तो समस्या हीं समस्या उतपन्न होगी।

# आजीविका कर्मचारी संघ की हुई बैठक

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ होटल लोटस हट में रविवार को झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ की बैठक जिला अध्यक्ष विपिन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में पांच बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा अभिलंब बहाल करना, महंगाई भत्ता एवं यात्रा भत्ता में नियमित वृद्धि करना, जेएसएलपीएस के कर्मियों की सेवा नियमित करने एवं अन्य विभागों का लाभ देना, जेएसएलपीएस के तहत कार्यरत कर्मियों को पदोन्नति व आरक्षण देना समेत कई मांगे शामिल है। इस बैठक में जिला सचिव अनिल कुमार, मीडिया प्रभारी संजय यादव, बालूमाथ मॉडल राजन यादव, विवेक कुमार, अखिलेश सिंह, घनश्याम तूरी, अशेश्वर कुमार, आशीष कुमार, मोहन कुमार ,अनिल कुमार, दिलीप कुमार प्रतिमा देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

# भाजपाइयों ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना




**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना 7 भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के निर्देश पर बालूमाथ प्रखंड के मुरपा, मारंगलोइया, झाबर, धाधु, भगिया, रजवार, मासियातु समेत कई पंचायतों में मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए टीवी लैपटॉप रेडियो की व्यवस्था की गई थी। जिसके माध्यम से लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना ।मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के नागरिकों से अपील करते हुए देश को सशक्त बनाने की अपील किया गया। और देश की सशक्तिकरण को लेकर अपने विचार रखें। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, विजय यादव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष, रघुनंदन सोनी, सोहराय भगत, लखन महतो मनोज यादव, थॉमस कुजूर, नरेंद्र रजक भारत नारायण तिवारी, राजकुमार तिवारी, राजन लाल, अनिल प्रजापति, विशाल तिवारी, तुलसी प्रसाद समेत कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

# सड़क का 20 फीट हिस्सा बहा, बरनी गांव का मुख्य सड़क से टूटा संपर्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारीयातु प्रखण्ड मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्र मे बीते शनिवार रात्रि मे हुई भारी मूसलाधार बारिश से साल्वे पंचायत अंतर्गत बरनी गाँव का सड़क का करीब 20 फीट हिस्सा बह गया है। यह सड़क के बहने से गांव का संपर्क मुख्य सड़क, व प्रखण्ड मुख्यालय से टूट गया। ग्रामीण मंगर गंझु, सोमर गंझु, कोलेश्वर गंझु, मुकेश गंझु, बंधन गंझु, सहादेव गंझु, प्रेम गंझु, जैठन गंझु, अजय गंझु, फुल देव गंझु, बिरेंद्र गंझु सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि बरनी गाँव मे लगभग 20 वर्ष पूर्व का बना ग्रेडवन रोड बीते रात्रि हुई तेज वर्षा के कारण लगभग 20 फीट बह गया है.इस कारण यहां यातायात पूरी तरह ठप हो गया है जिससे गाँव के लोगों को परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। सड़क का हिस्सा टूटने के कारण गाँव का संपर्क प्रखण्ड मुख्यालय व एन एच 99 से पुरी तरह टूट गया है. बच्चों की पढाई, मरिजो का इलाज, सहित अन्य कार्य को लेकर मुख्य सड़क पर आने मे लगभग तीन किलोमीटर अधिक दुरी तय करना पड रहा है. ग्रामीणों ने रविवार को सडक बहने की जानकारी पंचायत के मुखिया राजीव भगत को दिया. सुचना पा कर मुखिया भगत बरनी गाँव पहूंचे और सडक का जायजा लिया। मुखिया भगत ने ग्रामीणों को हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया है?। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक बैजनाथ राम, तथा जिला व प्रखण्ड प्रशासन से तत्काल सड़क निर्माण का मांग किया है।

# छात्रवृत्ति के नाम पर अवैध रूप से पैसा वसूलने का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** ज़िले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुगिला गांव निवासी सुगन्ती कुमारी एवं मुनिता कुमारी ने रांची के ओरमान्झी स्तिथ पहाड़ी नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल प्रबंधन पर छात्रवृत्ति के नाम पर अवैध रूप से पैसा वसूलने का आरोप लगायी है।उन्होंने बताया कि वह 2022-2023 के द्वितीय वर्ष में,हरू की पढ़ाई कर रही हु जहाँ उसके खाता में रांची कल्याण विभाग के द्वारा साठ हजार रू छात्रवृत्ति का पैसा आया था।जिसमें से पन्द्रह हजार रू छात्रवृत्ति दिलाने के नाम पर पहाड़ी नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल में कार्य कर रही रेणु कुमारी एवं विजय प्रसाद के द्वारा वसुली किया गया है।उन्होंने बताया कि रेणु एवं विजय प्रसाद ने डरा धमका कर पैसा की वसुली की है।इतना ही नहीं बल्कि इसका विरोध करने के बाद उक्त दोनों लोगों के द्वारा सुगन्ति कुमारी एवं मुनिता कुमारी का द्वितिय वर्ष का रजिस्ट्रेशन फार्म भी भरने नहीं दिया जा रहा है।उक्त दोनों लोगों के द्वारा इस बात का हवाला देकर दबाव बनाया जा रहा है कि जो छात्रवृति त्हरू को मिलना चाहिए। वह दोनों महिलाओं को रेणु कुमारी एवं विजय प्रसाद के पैरवी के बाद मिला है। दोनों महिलाओं को धमकी दिया जा रहा है कि इस बात की जानकारी वह किसी से साझा करेंगे तो उनकी जिन्दगी बर्बाद कर देंगे।महिलाओं ने आरोप लगाया है कि विजय प्रसाद एवं रेणु कुमारी के द्वारा अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया जा रहा है। प्रबंधन के मनमानी से काफी परेशान हैं,महिलाओं ने बताया कि रेणु कुमारी के द्वारा प्रैक्टिकल में पास कराने के नाम पर 2000 रूपये है एवम छात्रवृत्ति दिलवाने के नाम पर भी 15000 रूपये ली थी।इसके आलावा परिक्षा में पास कराने के नाम पर भी पैसा मांगती है।उन्होंने बताया कि नामांकन के वक्त कुल 90000 हजार में पूर्ण पढ़ाई करने की बात तय हुई थी लेकिन अब एक लाख अड़तीस हजार रु लगने की बात कही जा रही है।उन्होंने बताया कि प्रबंधन के द्वारा अब तक अड़तालीस हजार फिस एवं 15000 हजार रु घूस के रूप में छात्रवृति का पैसा उनसे ठग लिया गया है।हालांकि दोनों ही आदिवासी महिलाओं ने इस बात की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री, रांची जिला कल्याण पदाधिकारी,रांची उपायुक्त को दे चुके हैं।इस पूरे मामले पर सरकार के अवर सचिव ने जांच कर कार्रवाई का भी आदेश दिया है।बावजूद अबतक कोई कार्रवाई नही हुई है। दोनों ही महिलाओं ने सरकार से पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# मनरेगा योजनाओं में गबन, कार्रवाई की मांग



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महत्वकांक्षी मनरेगा योजनाओं के निर्माण कार्य में भुगतान की प्रक्रिया जटिल होने के बावजूद भुगतान में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा तो हो ही रही है अब तो फर्जीवाड़े के साथ बड़ी राशि के गबन का मामले प्रकाश में आ रहे हैं। जहां सांसद प्रतिनिधि दिलीप यादव मनरेगा विभाग के द्वारा मनरेगा योजनाओं के जांच के क्रम में पाया कि प्रखंड अंतर्गत पंचायत बेतला में नाबार्ड और मनरेगा से कराए गए टीसीबी निर्माण कार्य एक ही भूमि (स्थल) पर महज दस प्रतिशत कार्य को दिखाकर राशि गबन किया गया है जिसमें मनरेगा अंतर्गत रामसेवक भुइंया राम सुभाष भुइंया भवनाथ भुइंया नान्हु भुइंया पुटन भुइंया वगैरह का टीसीबी, मेढबंदी निर्माण कार्य के नाम हजारों रुपए राशि का गबन कर लिया गया है। वहीं पुटन भुइंया, भवनाथ भुइंया का दो तीन क्यारी के आर का मेड़बंदी और नान्हु भुइंया का एक क्यारी के आर का मेड़बंदी कर हजारों रुपए फर्जी मजदूरों के खाते में भुगतान कर राशि का बंदरबांट कर लिया गया है। वहीं इस संबंध में दिलीप यादव ने बताया कि उक्त योजनाओं के फर्जीवाड़े में पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक कनीय अभियंता, सहायक अभियंता के साथ बिचौलिया उमेश रजक सह आवास मित्र की अहम भूमिका है। उक्त सभी योजनाओं में किन किन मजदूरों के खाते में राशि भुगतान किया गया है इसकी जांच और कार्रवाई की मांग जिले के नव पदस्थापित उपायुक्त हिमांशु मोहन से की है। बता दें कि बेतला पंचायत में नाबार्ड और मनरेगा योजनाओं में फर्जीवाड़े कर फर्जी मजदूरों के खाते से राशि का बंदरबांट किया गया है।

# ट्रक वाहन मालिक संघ कार्यालय का किया गया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** आम्रपाली से संचालित वाहन मालिक संघ के कार्यालय का उद्घाटन सिमरिया के विधायक किशून कुमार दास के द्वारा किया गया। उद्घाटन के पूर्व विधायक के द्वारा फलदार वृक्ष का रोपन किया गया। उसके बाद विधायक के द्वारा वाहन मालिको के बिच सभा को सम्बोधित किया गया। संबोधन मे श्री दास ने कहा की मै वाहन मालिक के साथ हूं, भाड़ा वृद्धि के लिए सभी वाहन मालिक एकजुट होकर आंदोलन करें, समाधान निश्चित निकलेगा। वही वाहन मालिक के समस्या का समाधान हेतु वाहन मालिक संघ के अधिकारीयों को विधायक के द्वारा कई महत्वपूर्ण दिशा- निर्देश भी दिया गया। इस मौके पर उपस्थित विधायक के जिला प्रतिनिधि अक्षेबट पांडे एवं महेश वर्मा ने भी वाहन मालिकों को एकजूट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की बाते कही। उद्घाटन स्थल पर संघ के संयोजक आशुतोष मिश्रा, आशीष चौधरी, विजय साहू, मुकेश यादव, शंकर चौधरी, बद्री साहू, रामप्रवेश दास, संतोष यादव, अरबिंद दास, कुलदीप वर्मा, संजीत यादव, रितेश चौधरी, हुलास यादव समेत सैकड़ो वाहन मालिक, लिफ्टर, शिफ्टर

# सूर्योदय फाउंडेशन की जिला स्तरीय बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** जिला स्तरीय भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सूर्योदय फाउंडेशन की बैठक चतरा में फाउंडेशन के जिला अधिकारी मुकेश कुमार दांगी की अध्यक्षता में की गई। जिसमें मुख्य रुप से प्रमंडलीय अधिकारी रंजीत यादव , सुपरवाइजर विनीता कुमारी गुड़िया कुमारी विकास कुमार यादव एवं चतरा जिले के सभी सुपरवाइजर उपस्थित थे। वहीं इस दौरान फाउंडेशन के तरफ से निशुल्क सिलाई मशीन वितरण हेतु करने के लिए फाउंडेशन की तरफ से पहल की गई। वहीं इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया की सूर्योदय फाउंडेशन से जुड़े तमाम सदस्यों को बहुत ही निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की जरूरत है। तभी और सभी जिलों के तरह चतरा जिले में भी सूर्योदय फाउंडेशन को लोग जानेंगे और जन जन तक इसका प्रचार प्रसार हो सकेगा और क्षेत्र के लोग इसका फायदा ले सकेंगे। और आनेवाले समय में कोडरमा जिले के सभी प्रखंडों के सभी पंचायतों और सभी गांवों के लोग मेडिकल सम्बंधित फायदे भी भरपूर मात्रा में ले सकेंगे।

# महुआडांड़ में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी बाबा गणिनाथ की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा गणिनाथ जयंती मनाने को लेकर स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर में अखिल भारतीय मध्य देशीय हलवाई समाज महुआडांड़ का बैठक श्री ओमप्रकाश गुप्ता के अध्यक्षता में किया गया।बैठक में सर्व प्रथम बाबा गणिनाथ जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं रिक्त पड़े महामंत्री के पद के लिए विकास प्रसाद (सोनी इलेक्ट्रॉनिक) को सर्वसम्मति से चुना गया।जयंती समारोह के लिए श्री कृष्णा प्रसाद (पूर्व अध्यक्ष) के द्वारा रूप रेखा तैयार किया गया। अगला बैठक दिनांक 05/08/2023 दिन शनिवार को किया जायेगा। बैठक में विजय प्रसाद(उपाध्यक्ष),बसंत प्रसाद, राजु प्रसाद (होटल राजश्री),उमेश प्रसाद, दिलीप प्रसाद, सतीस प्रसाद, आदित्य प्रसाद, सोती प्रसाद, रामसकल साव, संजीव प्रसाद, बिगन प्रसाद, राजु प्रसाद (मिलन), प्रयाग प्रसाद (श्रवण), पप्पू प्रसाद, संजीव प्रसाद, उत्तम कुमार, विकास कुमार (भोला), भोलु, अभिषेक समेत कई स्वजातीय बंधु मौजूद थे।

# एएनएम के भरोसे चलती है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रसव के लिए दर्द से तड़पती रही महिलाएं, कर दी गई रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** थाना क्षेत्र के हेसातू गांव के दो गर्भवती महिला मानती देवी पति ब्रजेश गंझु और किरण देवी पति विश्वनाथ गंझु प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचती है।दोनों गर्भवती महिला असहनीय दर्द से बेचैन थी।स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक नहीं रहते है इस स्थिति में एएनएम जांच करती है स्थिति बिगड़ने पर प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया।लेकिन असहनीय दर्द व बेचैनी के कारण परिजन के द्वारा प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र नहीं ले जाकर निजी क्लिनिक ममता नर्सिंग होम में भर्ती किया गया।जहाँ ग्रामीण चिकित्सक जितेंद्र कुमार ने दोनों महिलाओं की प्रसव करने के लिए उपचार किया जिसमें दोनों महिला के मृत अवस्था में नवजात बच्चें की जन्म हुवी।वहीँ कुछ ग्रमीणों का कहना है की निजी क्लिनिक हो या फिर सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हो दोनों में समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण दोनों नवजात की मौत हो गई। वहीँ इस मामले में गर्भवती महिला के परिजन संजय गंझु ने बताया कि पेट में ज्यादा दर्द होने के कारण हम तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुन्दा पहुंचे वहां डॉक्टर साहब नहीं थे एक नर्स चेकअप की और बोली दोनों बच्चे के पेट में ही मौत हो चुकी है। उसके बाद दोनो को प्रतापपुर रेफर कर दिया। संजय गंझु ने आगे बताया कि पेट में ज्यादा दर्द होने के कारण हम लोग आनन-फानन में डॉ जितेंद्र कुमार के पास चले गए वहां डॉक्टर जितेंद्र बोले आप लोग कहीं और ले जाइए लेकिन मरीज को ज्यादा ही स्थिति बिगड़ते देख कर हम लोग वही इलाज करने के लिए बोले जिसमें इलाज के दौरान मृत नवजात शिशु की प्रसव हुवा। वहीँ इस घटना में एएनएम ने बताया की दोनों गर्भवती महिला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आने में ज्यादा लेट कर दी जिसके कारण दोनों गर्भवती महिला के पेट में ही बच्चे की मौत हो गई थी।वही यहां समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण प्रतापपुर रेफर कर दिए थे।

**क्या कहती एएनएम :** एएनएम कुमारी अर्चना सिन्हा ने बताया की महिला की अत्यधिक वाटर डिस्चार्ज होने के कारण बच्चे की मौत हो चुकी थी।स्थिति को देखते हुवे एएनएम ने गर्भवती महिला को प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया।

# लातेहार में शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया मोहर्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय लातेहार के सभी प्रखंडों में रविवार को शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम त्यौहार सम्पन्न हुई।गदका का खेल भी खेला गया एवं कमेटी के द्वारा पगड़ी पोशी भी किया गया। इन्सपेक्टर सह थानेदार आशुतोष कुमार, और इनकी टीम के सार्थक प्रयास से मोहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण निकाला गया। मौके पर लातेहार थाना के पुलिस अवर निरीक्षक गौरव सिंह, राज रोशन सिन्हा, देव आनंद कुमार, दिवाकर धोबी शाहरुख, एसआई रोहित कुमार, सहायक अवर निरीक्षक कुबेर प्रसाद देव पुलिस मुस्तैद रहे। वहीं सरयू प्रखंड में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाजे बाजे के साथ शांतिपुर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ मोहर्रम पर्व मनाया गया। प्रखण्ड क्षेत्र के रोल, पतरातु एवं सरयू से ताजिया के साथ या अली या हुसैन के नारे लगाते हुये सरयू टीओपी के पास ताजिया धारियों ने ताजिया का मिलान कर निर्धारित मार्ग से होते हुये सरयू इमामबाड़ा पहुंचकर फातिहा खाने किया गया। साथ ही हजारों संख्या के बीच में खिलाड़ियों ने अनेकों तरह की खेल का प्रदर्शन किया। वही कर्बला में पहुंच कर पर्व को संपन्न किया गया। मोहर्रम पर्व को शांतीपुर्ण तरीके से सपन्न कराने को लेकर जगह-जगह पर पुलिस प्रशासन मौजूद थे। वहीं सरयू, रोल एवं पतरातु मोहर्रम के इंतजामिया कमेटी के द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं मुख्य अतिथि को पगड़ी पोसी कर स्वागत किया गया। इस मौके पर जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव, पुलिस अवर निरिक्षक शाहीद अंसारी, टीओपी प्रभारी धनश्याम उरांव, मजिस्ट्रेट दिलीप पाल, प्रमुख अमिता देवी, मुखिया अंकिता देवी, प्रमिला देवी, बीस सुत्री सदस्य उमेश प्रसाद, अब्दुल खुदुस, शोकत अली, मुसलिम अंसारी, शाबीर अंसारी, इजराईल खलिफा, कमरूद्दीन खलिफा, अख्तर हुसैन समेत अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मुस्लिम धर्वलम्बियों द्वारा ताजिया व बाजे गाजे के साथ निकाला गया जुलूस

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** त्याग और बलिदान का पर्व मोहर्रम को लेकर सेन्हा प्रखंड के सेन्हा ईदगाह मैदान में मुहर्रम कमिटी व अंजुमन इस्लामिया के संयुक्त तत्वाधान में मेला का आयोजन किया गया. आयोजित मेला में मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार तथा पण्डित चंद्रमोहन पाठक द्वारा लाठी और तलवार खेल कर खेल नुमाइसी प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया. मुहर्रम मेला में विभिन्न क्षेत्रों से लोग रविवार को ताजिया व बाजे गाजे के साथ मेला में शामिल हुए.वही सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन दण्डधिकारी के साथ तैनात रहे। विदित हो कि त्याग और बलिदान का त्यौहार मुहर्रम के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में ताजिया के साथ जुलूस निकाला गया था. इस के उपरान्त एक दिन बाद रविवार को सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित ईदगाह मैदान में मेला का आयोजन किया गया. वही इस दौरान मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा या अली या हुसैन के नारों से इलाका गूंज उठा मुहर्रम जुलूस में इस्लाम धर्मावलंबियों के साथ साथ विभिन्न धर्म के लोग भी शामिल हुए.जबकि मेला स्थल पर जुलूस पहुंचते ही बने अखाड़ा में लोगो ने तलवार,भाला,गड़ासा,लाठी सहित विभिन प्रकार के पारम्परिक हथियार से तरह का खेल करतब दिखाया और वही बताया जाता है. कि हजरत इमाम हुसैन अपने परिवार के साथ कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे. लेकिन झूठ के आगे अपने सिर नहीं झुकाया इस्लाम को मानने वाले लोग हजरत इमाम हुसैन के याद में जुलूस के साथ मैदान-ए-जंग का दृश्य बड़े ही आकर्षक और अनोखे अंदाज में पेश किया.सभी अखाड़ा कमेटियों का मिलन ईदगाह मैदान में हुआ.आयोजित मेला के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही में चित्रांश परिवार की बैठक संपन्न

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उप समिति, बरही की बैठक चित्रांश राजेंद्र प्रसाद रुखरियार के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता मनोज कुमार घोष व संचालन आशुतोष कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया। बैठक में पहुंचे वरिष्ठ चित्रांश उपेंद्र प्रसाद ने कई बिंदुओं पर चर्चा के दौरान महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिए। बैठक में संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान को तेजी लाने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही साथ चित्रांश परिवार का एक मिलन समारोह करने पर विचार किया गया। लेकिन उक्त बैठक में सदस्यों की उपस्थिति कम रहने के कारण इस पर पूर्ण निर्णय नहीं लिया गया। बैठक के उपरांत शोक सभा आयोजित किया गया। जिसमें स्वर्गीय मुरारी कतरियार के असामयिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया गया। साथ ही शोकाकुल उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में कष्ट सहने का भगवान से प्रार्थना किया गया। बैठक में उपेंद्र प्रसाद, राजेंद्र रुखरियार, श्याम सिन्हा, अध्यक्ष मनोज कुमार घोष, सचिव आशुतोष सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

### जिला स्तरीय ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा संपन्न

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के डिस्ट्रिक्ट मोड़ के समीप आयोजित हजारीबाग ताइक्वांडो संघ एवं नॉकआउट ताइक्वांडो के द्वारा जिला स्तरीय ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शहर के युवा समाजसेवी सह ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष सह एथलेटिक्स संघ के सचिव अजीत साहू एवं समाजसेवी राज वर्मा शामिल हुए। हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के द्वारा सभी अतिथियों को फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया। जिसके बाद ताइक्वांडो अभ्यास कर बच्चों ने अतिथियों के सामने पेश किया। झारखंड ताइक्वांडो संघ के निर्देशानुसार ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के विभिन्न ताइक्वांडो क्लब एवं एकेडमी स्कूल के 100 से भी अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। सभी खिलाड़ियों को अतिथियों के द्वारा कलर बेल्ट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### सुनी गई प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** देश भर में अंतिम रविवार को सुनी जाने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम मन की बात का 103 वां संस्करण रामगढ़ जिले के सभी शक्तिकेंद्रों पर सुना गया। इसी क्रम में वार्ड न.6 के अंतर्गत बूथ न.49,50,51 के बूथ अध्यक्षों ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह रामगढ़ भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय में इस कार्यक्रम को उनकी उपस्थिति में सुना। इस अवसर पर कुंटू बाबू ने बताया की प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के अंतर्गत कठिन परिस्थितियों पर भी जनता का सहयोग और सैनिक एवं अर्धसैनिक बलों की ताकत से देश लड़ने और उभारने में सक्षम है ऐसा बताने की साथ हीं उन्होंने अमरनाथ गुफा एवं स्वामी विवेकानंदजी का जिक्र कर देश की हजारों वर्ष पुरानी सनातन संस्कृति और उसकी प्रमाणिकता की ओर इशारा करते हुए अंतरराष्ट्रीय जगत में हमारी आस्था का बढ़ता दायरा भी बताने की कोशिश किया जो कबीले तारीफ थी। इस अवसर पर बूथ न.50 के अध्यक्ष सह जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,अरविंद सिंह,सुरजीत सिंह छाबड़ा,मुन्ना खटीक,मणिशंकर ठाकुर,मनोज इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### रामगढ़ में गाड़ी भाड़ा की अधिक वसूली को लेकर उपायुक्त से भाजपा नेता ने फोन पर बात की

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा नेता ऋषिकेश सिंह ने उपायुक्त चंदन कुमार से फोन पर बात कर रामगढ़ में चल रहा है मनमाने तरीका से बस भाड़ा की बात कही , छोटी बड़ी गाड़ी का किराया मनमाने तरीके से वसूला जा रहा ।इस अनाप-शनाप भाड़े से सभी वर्ग के लोग बस, ट्रैकर ,मिनी बस ,तथा छोटी टेम्पो गाड़ी से रामगढ़ हजारीबाग रांची बोकारो औरंगाबाद रामगढ़ के बस स्टैंड से गाड़ी खुलती है लेकिन बस भाड़ा इतना अधिक है कि लोग अपने परिवार को कहीं ले जाने से डरते हैं वही हमारे राज्य से सटे हुए वेस्ट बंगाल जहां पर 80 पैसा पर 1 किलोमीटर के दर से पैसा लिया जाता है और हमारे प्रदेश के रामगढ़ जिला में भाड़े के नाम पर अवैध वसूली किया जाता है जिसके कारण जनता त्रस्त है एक गाइडलाइन जारी करने की जरूरत है एक आवश्यक सूचना एक बोर्ड एक भाड़ा सभी जगह जाने के लिए निर्धारित दर तय किया जाए । इस पर उपायुक्त ने सकारात्मक पहल दिखाते हुए उन्होंने कहा अगले हफ्ते डीटीओ आ जाएंगे उनके साथ बैठक कर के नई गाइडलाइन जारी किया जाएगा जो उचित भाड़ा होगा । वही सवारी से लिया जाएगा यह विषय काफी गंभीर विषय है यह जनहित के लिए काफी जरूरी कार्य है जिसे करने का आश्वासन मिला है एक हफ्ते का समय में कार्रवाई किया जाएगा।

### रामगढ़ महाविद्यालय में पारा शिक्षक आकलन परीक्षा संपन्न

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ महाविद्यालय में सहायक शिक्षक पूर्व पारा शिक्षक के लिए झारखंड अधिविध परिषद के तत्वाधान में आयोजित आकलन परीक्षा आज पूर्ण रूप से कदाचार रहित शांतिपूर्ण और स्वच्छता पूर्ण रही। झारखंड अधिविध परिषद और जिला प्रशासन के गाइडलाइन का पालन करते हुए महाविद्यालय ने अपने कर्मचारियों और शिक्षकों के सहयोग से पूरा किया। परीक्षा में 330 परीक्षार्थियों उपस्थित होना था जिनमें 8 अनुपस्थित रहे।

## रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस को छाता व बरसाती उपलब्ध कराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बरसात के दिनों में यातायात पुलिस अपने ड्यूटी पर तैनात रहे एवं रामगढ़ पुलिस को रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वधान में शनिवार को शहर के सुभाष चौक में एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रोहित कुमार, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, यातायात प्रभारी सुरेश लिंडा को 100 से अधिक बरसाती व छाता उपलब्ध कराया। मौके पर चैंबर ऑफ कॉमर्स



के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने कहा कि बरसात के दिनों यातयात की समस्या काफी बढ़ जाती है। बाबजूद यातायात पुलिस लोगों की सहायता व शहर के यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटी रहती है। यातायात पुलिस की समस्या को देखते हुए रामगढ़ चैंबर ने बरसाती व छाता वितरण का काम किया है। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर विजय कुमार, प्रभात दास, एएसआई शंकर कुमार, बालेश्वर सिंह, चेंबर अध्यक्ष विनय अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनजी साहनी, कार्यक्रम संयोजक अमित साहू सचिव मानव चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष इंदरपाल सिंह सैनी, विमल बुधिया प्रदीप सिंह पंकज तिवारी मनोज अग्रवाल पप्पू जस्सल, तेजिंदर सिंह सोनी, मुरारी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## काली मंदिर के प्रांगण में वार्षिक विशाल भंडारा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ कैंट स्थित वार्ड नंबर 4 गढ़बांध अर्ध निर्मित काली मंदिर के प्रांगण में जय माता दी सेवा समिति के तत्वाधान में प्रत्येक शनिवार को चल रहे भंडारा कार्यक्रम के एक साल पूरे होने के अवसर पर वार्षिक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया । इस अवसर पर सेवा समिति के सदस्यों में मंदिर प्रांगण में पूड़ी सब्जी हलवा बुंदिया और सेव का वितरण किया गया जिसमें झारखंड के विभिन्न जगहों के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें रांची डालटेनगंज



हजारीबाग के अलावे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित किए और माता रानी का प्रसाद हर्षोल्लास पूर्वक ग्रहण किए साथ ही महिलाओं के द्वारा शिव चर्चा कर भजन एवं नृत्य प्रस्तुत किए मंदिर प्रांगण में पिछले एक वर्ष से प्रत्येक शनिवार को भंडारा खिचड़ी का वितरण किया जाता रहा है उसके एक वर्ष होने पर वार्षिक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## पंसस राधारानी ने बनासो में किया फुटबॉल का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत बनासो पंचायत के नावाटांड़ (खोगिया)फुटबॉल टीम के खिलाड़ियो के बीच बनासो पंसस राधा रानी ने फुटबॉल का वितरण किया। इस मौके पर पंसस राधारानी ने कहा बनासो पंचायत में कई युवा एवं प्रतिभावान खिलाड़ी है,जिनको अगर सही मार्गदर्शन मिले तो विष्णुगढ़ प्रखण्ड का नाम जरूर रौशन करेंगे,ऐसे में मेरी ओर से खिलाड़ियों को अपना नैतिक समर्थन देते हुए एक छोटी सी पहल की है ।इसमें अगर स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सहयोग मिले तो,प्रखण्ड से अनेको काबिल खिलाड़ी मिलेंगे जो आगे चलकर जिला,राज्य एवं देश मे अपना योगदान देने की क्षमता रखते है,बस इन्हें उचित मार्गदर्शन की जरूरत है।

## गुप्त सूचना के आधार पर सहायक आयुक्त उत्पाद द्वारा की गई छापेमारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड व उनकी टीम द्वारा गोला थाना के पुलिस बल के साथ गोला थाना अंतर्गत बंदा बाजारटांड़ क्षेत्र में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम के द्वारा बड़ी संख्या में अरुणाचल प्रदेश में बिकने वाली शराब की बोतलें, झारखंड में बिकने वाले नामी ब्रांड की शराब की खाली बोतलें, नकली होलोग्राम, क्यूआर कोड व लेबल आदि जप्त किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड ने बताया कि उनके द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर गोला थाना के सहयोग से बन्दा बाजार टांड क्षेत्र



में छापेमारी की गई थी। इस दौरान एक व्यक्ति के घर से बड़ी संख्या में अरुणाचल प्रदेश में बिकने वाली शराब यथा ब्लैक हॉर्स, नाइटगर्ल, झारखंड में बिकने वाले नामी ब्रांड की खाली बोतलों, नकली होलोग्राम, सील, क्यूआर कोड व होलोग्राम आदि जप्त किया गया। श्री गोंड द्वारा बताया गया कि स्थल पर सस्ती शराब को महंगी शराब की खाली बोतलों में भरकर नकली होलोग्राम, सील व लेबल लगाने के उपरांत बाजार में उतारने का कार्य किया जा रहा था। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि इस संबंध में विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब हो कि शराब की बोतलों पर क्यूआर कोड अंकित होता है अगर किसी व्यक्ति द्वारा क्यूआर कोड को अपने मोबाइल फोन से स्कैन किया जाए तो शराब के असली होने की जानकारी प्राप्त होती है पर नकली होलोग्राम पर अंकित क्यू आर कोड को स्कैन करने पर या तो क्यूआर कोड स्कैन नहीं होगा अथवा एरर का संदेश प्राप्त होगा।

## एनटीपीसी मजदूर यूनियन की साप्ताहिक बैठक हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** रविवार को एनटीपीसी मजदूर यूनियन(एटक)की सप्ताहिक बैठक यूनियन कार्यालय पीटीपीएस पतरातू में भाकपा अचंल सचिव सह एटक राज्य कार्यकारिणी सदस्य कामरेड मनोज कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई जिसमें यूनियन की सदस्यता बढ़ाने एवं मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा किया गया। वही मणिपुर में आदिवासी महिलाओं को निवस्त्र प्रेड कराकर उनसे गैंगरेप किए जाने के मामले के यूनियन के द्वारा निंदा की गई। वहीं कॉ मनोज कुमार महतो ने कहा कि मणिपुर में भाजपा




की सरकार है। भाजपा शासित राज्यों में आय दिन आदिवासियों के ऊपर अमानवीय व्यवहार किया जाता है मणिपुर 90 दिनों से जल रहा है केंद्र व राज्य की सरकार मौन धारण किए हुए है। मौके पर मनोज कुमार महतो, अभिमन्यु महतो,रमेश महतो,मनोज मुंडा,किशोर महतो,संतोष मुंडा,नरेश कुमार सिंह,जितेंद्र कुमार,प्रदीप सिंह विनय गुप्ता,विकास कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## भाजपा किसान मोर्चा बरही के अध्यक्ष बने दिनेश साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के युवा समाजसेवी व भाजपा नेता दिनेश साहू को बरही पश्चिमी भाजपा मंडल किसान मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है। मनोनीत कर उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष नवीन रंजन दुबे के द्वारा पत्र जारी कर दिया गया। पत्र के माध्यम से बतलाया गया कि उनके द्वारा संगठन के प्रति सेवा एवं निष्ठा को देखते हुए यह जिम्मेवारी दिनेश साहू को सौंपी गई है। वहीं उन्होंने बताया कि पूर्ण विश्वास है कि दिनेश साहू भाजपा किसान मोर्चा को



मजबूती व मान सम्मान बढ़ाएंगे। वहीं दिनेश साहू ने बताया कि पार्टी की ओर से मुझे जो जिम्मेवारी मिली है, मैं उसका निर्वाहन पूरी ईमानदारी से करूंगा। वहीं मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई दिया है। बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा के नवीन रंजन दुबे, उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, विधानसभा स्तरीय सांसद प्रतिनिधि भाजपा नेता अर्जुन साहू, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू, ओबीसी मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार साव, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, वार्ड सदस्य मनोज कुमार साव आदि शामिल हैं।

## खंडेलवाल वैश्य पंचायत ने किया सावन मेला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सावन का महीना आते ही लोगों में एक अलग उत्साह और उमंग आ जाता है खास तौर पर देखा जाता है कि सावन में महिलाएं हरी हरी चूड़ियां, हरी साड़ियां और हरी रंग से बने आभूषण से सोलह श्रृंगार करती है। वहीं महिलाओं के द्वारा सावन मेला का आयोजन भी किया जाता है शहर में विभिन्न संस्थाओं के द्वारा सावन मेला का आयोजन किया गया इसी क्रम में रविवार को खंडेलवाल वैश्य पंचायत के द्वारा पहली बार सावन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें समाज की कई महिलाएं शामिल हुई। मेले का बतौर उद्घाटन दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। समाज की वरिष्ठ महिला सदस्य गोदावरी ताम्बी, समाज के संरक्षक नरेश वैध, अध्यक्ष राहुल वैद्य एवं सचिव पवन रावत खंडेलवाल के द्वारा किया गया। तत्पश्चात समाज की महिला सदस्यों के द्वारा समाज के पदाधिकारियों को पौधा देखकर सम्मानित किया गया वहीं महिलाओं के द्वारा समाज की वरिष्ठ महिला सदस्य गोदावरी ताम्बी को मोती की माला पहना कर उनका सम्मान किया गया।

**तत्पश्चात सावन मेला विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ :** सावन मेले में विभिन्न प्रकार की खेल को आयोजित किया गया। वहीं महिलाओं के लिए स्वादिष्ट व्यंजन की व्यवस्था की गई थी। तत्पश्चात महिलाओं के द्वारा 5 महिला सदस्यों को चयनित कर सिंघारा का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम देर शाम 6ः00 बजे तक चलता रहा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने मेले का खूब आनंद लिया। मेले में प्रवेश करने से पूर्व महिला सदस्यों के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया जा रहा था। मौके पर खंडेलवाल वैश्य पंचायत के सचिव पवन रावत खंडेलवाल ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी हर चीजों में बढ़-चढ़कर हो रही है हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आने वाले समय में महिलाएं अन्य कार्यक्रमों को भी बेहतर तरीके से संपन्न करेंगी। खंडेलवाल वैश्य पंचायत हर वक्त और हर समय महिलाओं के साथ खड़ा है। मौके पर समाज की महिला सदस्यों ने कहा कि पहली बार यह आयोजन समाज के द्वारा किया गया काफी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ हम विशेष धन्यवाद देते हैं समाज के वरिष्ठ जनों का जिन्होंने हम महिलाओं पर विश्वास जताया। हम उन्हें पूर्ण विश्वास दिलाते हैं कि आने वाले समय में हम इससे भी और बेहतर तरीके से कार्यक्रम को संपन्न करेंगे बस आप सभी का साथ और विश्वास हमें चाहिए।

## हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट जूनियर ट्रेनिंग कैंप व सिलेक्शन ट्राइल का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स बॉक्सिंग एसोसिएशन के द्वारा हजारीबाग डिस्टिक जूनियर ट्रेनिंग कैंप एवं सिलेक्शन ट्रायल के एक दिवसीय आयोजन शहर के आकाशदीप होटल में किया गया। जिसमें बतौर अतिथि के रूप में शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अजीम मॉडल स्कूल के प्राचार्य तामीरुद्दीन शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित के साथ हुई। जिसके बाद हजारीबाग डिस्टिक स्पोर्ट्स बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष के द्वारा मुख्य अतिथि को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। जिसके उपरांत सदस्यों के द्वारा मोमेंटो देकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। इसके बाद पदाधिकारियों ने अन्य अतिथियों का स्वागत किया जिसके उपरांत अतिथियों ने आयोजित कार्यक्रम का आनंद लिया। जिसके पश्चात डेमो किक बॉक्सिंग का अभ्यास कराया गया जिसके उपरांत प्रतियोगिता का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सबसे पहले दो युवाओं ने अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया। कार्यक्रम में ट्रेनर के रूप में प्रवीण कुमार रामगढ़ निवासी किक बॉक्सिंग में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं। कार्यक्रम में कुल 75 से भी अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। कार्यक्रम में कुल 10 टेक्निकल सदस्यों के द्वारा खिलाड़ियों को चयनित किया गया। सफल खिलाड़ियों को झारखंड स्टेट किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट के द्वारा आयोजित 6 अगस्त को रांची स्थित खेल गांव जाएंगे। मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि मैं आप सभी के साथ सदैव खड़ा हूं। किक बॉक्सिंग झारखंड में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए महिला थाने में ग्रामिणों ने जमकर काटा बवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही थाना अंतर्गत धनवार गांव की एक पीड़ित महिला को न्याय दिलाने की गुहार लेकर धनवार गांव व आसपास के ग्रामीण रविवार को भारी संख्या में गोलबंद होकर बरही महिला थाना पहुंचे। ग्रामीण पीड़िता के साथ एवं धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में थाना पहुंचे थे। जहां पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए ग्रामिणों ने जमकर हल्ला काटा। पीड़िता व ग्रामीणों के मांग के समर्थन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, केसरवानी वैश्य महासभा के प्रदेश महामंत्री भगवान केशरी,

मेवालाल केशरी सहित बरही के कई गणमान्य लोग भी पहुंचे। जहां पीड़िता के लिए न्याय का गुहार





लगाया।ग्रामीणों ने बताया कि पीड़ित महिला के साथ काफी अन्याय हुआ है, वहीं पुलिस के संज्ञान में मामला आने के बाद भी अब तक कोई करवाई नहीं हुई है। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण बात है। वहीं ग्रामीण महिला को न्याय दिलवाने को लेकर नारेबाजी भी किए। थाना परिसर में नारेबाजी और हो - हल्ला सुनने के बाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह अपने कार्यालय कक्ष से बाहर आकर पीड़िता व ग्रामीणों से वार्ता किया। वहीं सभी को शांत करते हुए कहा कि वे लोग पुलिस पर भरोषा रखें, पुलिस त्वरित प्राथमिकी दर्ज करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई जरूर करेगी। वहीं मामले को गंभीरता से लेते हुए इस संबंध में बरही थाना प्रभारी ने बरही महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी से बात कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। महिला थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें आज ही आवेदन मिला है। आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज किया जा रहा है। विधि सम्मत कार्रवाई किया जाएगा। महिला का 164 का भी बयान करवाया जाएगा। वही पीड़िता को आवेदन की रिसिविंग कॉपी भी दिया। पुलिस द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद सभी ग्रामीण वापस लौट गए। इस बीच करीब दो घंटे तक ग्रामीण बरही महिला थाना में डटे रहे। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि बरही थाना वर्तमान विधायक के इशारे पर काम नही करे और किसी के दबाब में बिना जांच किए पुलिस किसी भी निर्दोष को जेल नहीं भेजे। वहीं धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि पीड़ित महिला के साथ अन्याय हुआ है, दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस किसी के दबाव में काम नहीं करें बल्कि विधि सम्मत कार्रवाई करें। भगवान केशरी ने कहा कि पीड़ित महिला के साथ न्याय होना चाहिए।

**क्या है आरोप :** पीड़ित महिला ने बरही महिला थाना में आवेदन देते हुए बताया कि पिछले 25 जुलाई की सुबह करीब 4ः45 बजे शौच के लिए घर के पीछे खेत तरफ जा रही थी। सुनसान जगह पर पहले से घात लगा कर बैठे धनवार निवासी राहुल अंबेडकर उर्फ रामू रविदास व लक्ष्मण रविदास दोनों मिलकर मेरे साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। साथ ही ब्लाउज फाड़ दिया। हो -हल्ला करने पर मेरे साथ दुर्व्यवहार एवं मारपीट किया और किसी को बोलने पर जान से मारने की धमकी दिया। भय व इज्जत के डर से किसी को घटना के संबंध में नहीं बता रही थी। इधर दोनों आरोपी खुद को निर्दोष बता रहे हैं, बताया कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। बरहाल पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर केस नम्बर 12/23 दर्ज किया गया। धारा 376/511, 354 बी,323,341,506/34, भादवी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# चलती ट्रेन में आठ साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़, पुलिसकर्मी पर लगा आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** चलती ट्रेन में आठ साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. आरोप ट्रेन में सवार पुलिसकर्मी पर लगा है.पोक्सो एक्ट के तहत जीरो एफआईआर दर्ज होने के बाद मामले को कोडरमा जीआरपी में ट्रांसफर कर दिया गया है.बताया जाता है कि पीड़ित बच्ची की मां ने रांची जीआरपी में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करते हुए बताया था कि वो पटना से रांची 18623 डाउन पटना-हटिया एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रही थीं.इसी दौरान कोडरमा स्टेशन पहुंचने पर जब उनकी नींद खुली तो एक सुरक्षाकर्मी रायफलधारी को उनकी बेटी के साथ गलत हरकत करते पाया. मामला कोडरमा से जुड़े होने के कारण छानबीन और कार्रवाई के जीरो एफआईआर को कोडरमा जीआरपी के पास स्थानांतरित कर दिया गया है. पीड़ित बच्ची की मां ने रांची जीआरपी में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करते हुए बताया था कि वो पटना से रांची 18623 डाउन पटना-हटिया एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रही थीं. इसी दौरान कोडरमा स्टेशन पहुंचने पर जब उनकी नींद खुली तो एक सुरक्षाकर्मी रायफलधारी को उनकी बेटी के साथ गलत हरकत करते पाया.इस दौरान महिला ने ट्रेन में सवार टीटीई से भी मदद मांगी, लेकिन कोई मदद नहीं मिलने पर उन्होंने रेलवे सुरक्षा के एप पर शिकायत करने की कोशिश की तो वहां से भी कोई सहयोग नहीं मिल सका. बहरहाल पीड़ित परिवार डर के साए में रांची तक सफर पूरा करने के बाद उन्होंने पूरी घटना की शिकायत डीआरएम से भी, तब जाकर रांची जीआरपी में जीरो एफआईआर दर्ज किया गया. इधर, कोडरमा जीआरपी में मामला स्थानांतरित होने के बाद जांच शुरू हो गई है. इधर जीआरपी थाना प्रभारी उपेंद्र पासवान ने बताया कि जिस सुरक्षाकर्मी पर छेड़छाड़ का आरोप है. वह गया जंक्शन से स्काट पार्टी के साथ ट्रेन में सवार हुआ है. मामला दुसरे राज्य से जुड़े होने के कारण जांच के लिए मुख्यालय से आदेश मांगा गया है. उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर कोडरमा से लेकर रांची तक जितने भी स्टेशन पर ट्रेन रूकी है, वहां के सीसीटीवी फुटेज इकठ्ठा किए गए है और आरोपित सुरक्षा कर्मी की पहचान की जा रही है. उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर संबंधित एसी कोच के टीटीई और कोच अटेंडेंट के अलावे अन्य यात्रियों से भी पूछताछ की जाएगी, जिसके अलग-अलग टीम बनाई जा रही है।

# रामगढ़ में महागठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक हुई




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रविवार को अपराह्न 1:00 बजे से झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यालय में I.N.D.I.A. गठबंधन की एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में की अध्यक्षता झामुमो रामगढ़ जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू एवं संचालन कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान के द्वारा किया गया। इस बैठक में मणिपुर की अमानवीय घटना के विरोध में 1अगस्त 2023 को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना के संबंध में एवं इसकी तैयारी पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। बैठक में झामुमो जिला सचिव बिनोद कुमार महतो , आरजेडी जिला अध्यक्ष मोहम्मद गुलजार ,भाकपा माले जिला अध्यक्ष हीरा गोपी , जेडीयू जिलाध्यक्ष जयोतिंदर प्रसाद साहू , आदि थे ।

## मुहर्रम जुलूस में मृत लोगों के लिए मौन रख श्रद्धांजलि दी गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोकारो के खेतको गांव के मुहर्रम ताजिये के जुलूस में 11 हजार वोल्टेज तार के चपेट में आने से 4 लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गये।सभी मृतक मुस्लिम भाइयों को मौन धारण करके विनम्र श्रद्धांजलि दी गयी। मांडू चट्टी पंचायत मे जिसमे उपस्थित मांडू चट्टी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि छोटे लाला भुइयाँ मोहम्मद राजीव आलम मोहम्मद समीम, महताब, मौलाना महफूज़ आलम, जैनुल कुरैशी,मोहम्मद शमीम, मोहम्मद कुमैल आलम आदि उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री की मन की बात रामगढ़ कैंट मांडल के आठो 8 वार्ड में सुनी गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ कैंट मंडल में सभी शक्ति केंद्र के 8 वार्ड में मन की बात सुनी यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा महीने के आखरी रविवार को मन की बात करते हैं और हम भारतवासी भाजपा परिवार उनके द्वारा मन की बात की सभी बातों को सुनकर अपने जीवन में आत्मसात करते हैं प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात अति सराहनीय है जिसे लोगों ने पसंद किया करते हैं मोदी जी ने कहा मन की बात कार्यक्रम के 103 वें एपिसोड में पीएम नरेन्द्र मोदी ने कई अहम विषयों पर बात की। मानसून से लेकर अमृत महोत्सव, सावन के पवित्र महीने से लेकर भारत को अपनी प्राचीन कलाकृतियाँ वापस पाने तक, पीएम ने कई विषयों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने ड्रग एब्यूज के खिलाफ देश भर में अभियानों के साथ-साथ भारत के बलिदानी नायकों को सम्मानित करने के लिए जल्द ही शुरू किए जाने वाले %मेरी माटी मेरा देश% अभियान पर भी बल दिया। इस मौके पर ?8 वार्ड के प्रभारी की मौजूदगी में सभी 62 बूथों के अध्यक्ष ने अपने शक्ति केंद्र में कार्यक्रम किया गया। यह जानकारी ऋषिकेश सिंह महामंत्री भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल के द्वारा दी गई। उन्होंने सभी शक्ति केंद्र के सभी प्रभारी को धन्यवाद दिया ।

## मणिपुर के वीभत्स घटना की निंदा एवं विरोध मार्च करते हुए मणिपुर के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का पुतला दहन करते हुए इस्तीफा दो की मांग की गई

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रामगढ़ :** भारत जगत मांझी परगना महल,बेदिया विकास परिषद् और आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने मणिपुर की आदिवासियों एवं महिलाओं पर वीभत्स घटना की भुरकुंडा में विरोध मार्च और घुटूवा में निंदा की गई और मणिपुर में तत्काल शांति बहाल करो की मांग की गई। सर्वप्रथम भुरकुंडा में मणिपुर के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री का पुतला लिए हाथों में झंडा - बैनर, पोस्टर लेकर एक विरोध मार्च निकाला गया, नारेबाजी करते हुए अतं में दोनों का पुतला जलाया गया। मार्च में आदिवासी संघर्ष मोर्चा झारखंड राज्य के नेता नरेश बडाईक,सरजू मुंडा, भाकपा-माले के नेता देवानंद गोप,भारत जगत मांझी परगना महल के मनोज मांझी एवं सैकड़ों युवा, महिला-पुरुष शामिल थे।बेदिया विकास परिषद् के संरक्षक-देवकी नंदन बेदिया सह आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक, कचनार पत्रिका के संपादक-सुरेन्द्र कुमार बेदिया,लोक संस्कृति मंच के कलाकार-मोतीलाल बेदिया, बेदिया महिला जागृति समिति के एवं ऐपवा नेत्री-नीता बेदिया, बाल विकास विद्यालय के शिक्षिका- हेमंती देवी, आंगनबाड़ी के सहायिका- सुजाता देवी, आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नागेश्वर मुंडा, बेदिया विकास परिषद् के धनमति देवी,इलाचो देवी, रंजना देवी, रामेश्वर बेदिया आदि उपस्थित लोगों ने हाथों में पोस्टर लेकर नारेबाजी की और देवकीनंदन बेदिया ने बताया कि मणिपुर की घटना सरकार के द्वारा प्रायोजित है इसलिए दो महीने बीतने के बाद भी मणिपुर में आग जल ही रही है ।

# मुहर्रम के मौके पर बरकाकाना में शानदार अस्त्र-शस्त्र मुकाबला संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** बरकाकाना एरिया के तमाम अखाड़ा का मिलन थाना चौक नया नगर, बरकाकाना में पिछले वर्षो की तरह इस वर्ष भी हुआ।जहां मिल्लत -ए-इस्लामिया मरकज, बरकाकाना एरिया के जानिब से पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र मुकाबला हुआ। मुकाबले के बाद विजय प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। एरिया कमेटी (मरकज)की जानिब से अस्त्र शस्त्र मुकाबले के और अनुशासन दोनों पर पुरस्कार देने के लिए अलग-अलग निर्णायक मंडली बनाई गई थी। अस्त्र-शास्त्र मुकाबले का निर्णायक क्षेत्र के बाहर जाने-माने उस्ताद को बुलाया गया था। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों को अनुशासन का निर्णायक की जिम्मेवारी दी गई थी। अस्त्र-शास्त्र मुकाबले में प्रथम स्थान दयानत मोहल्ला, दुर्गी द्वितीय स्थान घुटुवा तथा तृतीय स्थान चौकीदार मोहल्ला, दुर्गी को प्राप्त हुआ। जबकि अनुशासन पर प्रथम स्थान घुटुवा, द्वितीय स्थान केलहुवा पतरा और तृतीय स्थान पर चौकीदार मोहल्ला दुर्गी को प्राप्त हुआ। अखाड़ों को मुख्य अतिथि एसडीपीओ पतरातु, विशिष्ट अतिथि दंडाधिकारी रंजीत कुमार और बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश और सम्मानित अतिथियों क्रमशः रमेश प्रसाद यादव, देवकी नंदन बेदिया, हाजी मो खलील, सफीउल्लाह अंसारी, आदि थे।

## झारखंड को सूखाग्रस्त घोषित करे राज्य सरकार : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने राज्य में कम बारिश को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं कृषि मंत्री बादल पत्रलेख को झारखंड को सूखाग्रस्त घोषित करने वा किसानों के लिए विशेष घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा की श्रावण मास में भी बारिश नही होने से किसान काफी चिंतित है। खेतों में बिचड़े सुख गए है, खेतों में पानी नही है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की झारखण्ड में ज्यादातर किसान धान की खेती कर निर्भर है। झारखंड की जनता का मुख्य भोजन चावल है। धान की फसल नही होने से किसानों को आर्थिक काफी क्षति रूप से काफी पहुंचेगी। जिसको लेकर उन्होंने झारखंड अविलंब सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की है। जल्द ही कृषि मंत्री से मिलेंगे।

## दो मुन्ना भाई हिरासत में जेजे कॉलेज में दें रहे थे आकलन परीक्षा, परीक्षार्थी के बदले दूसरे दें रहे थे परीक्षा

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा जिले के जेजे कॉलेज में रविवार को दो मुन्ना भाई को पकड़ा गया है. बताया जाता है कि जेजे कॉलेज में रविवार को पूरे कोडरमा जिला के सहायक अध्यापकों के लिए हो रहे आकलन परीक्षा में एक परीक्षार्थी के बदले दूसरे परीक्षार्थी परीक्षा देते हुए गिरफ्तार होने का मामला प्रकाश में आया है।बताया जाता है की सतगावां प्रखंड के मध्य विद्यालय शिवपुर के सहायक अध्यापक शंभू पासवान ने अपने बदले परीक्षा में अपने साढ़ू के बेटा को स्कॉलर के रूप में बैठाया था।परीक्षा के दौरान ज़ब संदेह होने की स्थिति में उसे पूछताछ के बाद पकड़ा गया जिसका नाम पिंटू बताया जाता है ओर वें बिहार के गया के रहने वाला बताया जाता है । उसके अलावे मूल परीक्षार्थी सहायक अध्यापक शंभू पासवान को पकडे जाने की सूचना है. बताया जाता है कि इसको लेकर जेजे कॉलेज के प्राचार्य सह केंद्र अधीक्षक के बयान पर कोडरमा थाना में आवेदन दिया गया है. हलांकि खबर भेजे जाने तक आगे मामला दर्ज कराने की प्रकिया चल रही थी. बहरहाल परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षा केंद्र पर चर्चा का विषय बना हुआ था की एक शिक्षक ने शिक्षक की गरिमा को तार तार कर दिया।वहीं स्कॉलर के रूप में परीक्षा दे रहे लड़का को गिरफ्तार कर लिया गया । इस बाबत कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम ने घटना की पुस्टि करते हुए उन्होंने कहा कि मामले को लेकर आवेदन आया है जिसे आगे की कार्यवाई की जा रही है।

## चौपन एक्सप्रेस से आरपीएफ ने तीन नाबालिक एक बालिक और एक 19 वर्ष से लड़के का रेस्क्यू किया गया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ के बरकाकाना रेलवे स्टेशन में चौपन एक्सप्रेस ट्रेन का तीन नाबालिक लड़की एक बालिक और एक 19 वर्ष की लड़के को रेस्क्यू किया है उनके साथ एक मानव तस्कर को भी डिटेन किया गया है जिसके आधार पर सभी को जीआरपी को सौंप दिया है बता दे की बरकाकाना रेलवे स्टेशन में चौपन एक्सप्रेस ट्रेन मुरी से डालटेनगंज मानव तस्करी कर ले जाया जा रहा है तीन नाबालिक लड़की, एक बालिग और एक 19 वर्ष लड़के को ट्रेन में आरपीएफ ने देखा उन्हें कुछ संदिग्ध प्रतीत हुआ जब उनसे पूछताछ की गई तो मानव तस्करी का मामला लगा इसके बाद उन पांचो को ले जा रहे शख्स के साथ बरकाकाना रेलवे स्टेशन उतार दिया इसके बाद इनको आरपीएफ पोस्ट में ले जाया गया पूछताछ के पास जीआरपी को सौंपा किया गया । जानकारी के अनुसार प्लेटफार्म नंबर 3 पर रांची चौपन एक्सप्रेस जनरल बोगी में सफर कर रहे थे तीन नाबालिक समेत चार लड़कियों के साथ एक 19 साल से लड़के को शक के आधार पर पूछताछ की गई उन लोगों ने बताया कि सभी को साहिबगंज के रहने वाले हैं युवक द्वारा काम दिलाने के नाम पर साहिबगंज से वनांचल एक्सप्रेस से मुझे बुलाया गया और फिर रांची चोपन एक्सप्रेस में हम लोगों को बैठ कर डाल्टेनगंज ले जाया जा रहा है युक्ति ने बताया कि हम लोगों के काम के लिए बाहर ले जाए जा रहा है इसी दौरान बरकाकाना रेलवे स्टेशन पर उतार दिया गया।

## जनता दल यूनाइटेड की बैठक में पंचायत गिद्दी क, ख कमेटी का हुआ गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिददी :** युवा जनता दल यूनाइटेड के द्वारा पंचायत गिद्दी क के पत्रकार चौक स्थित पत्रकार भवन में पंचायत स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता दिनेश महतो एवं संचालन युवा जिलाध्यक्ष प्रदीप रजक ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रुप में मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से गिद्दी क पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विजय सिंह, सचिव राकेश रजक, कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता रहे। जबकि जदयू पंचायत गिद्दी ख के अध्यक्ष आदित्य सिंह, सचिव संतोष पासवान, कोषाध्यक्ष विकास प्रसाद को बनाया गया। अवसर पर मांडू प्रभारी दुष्यंत पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जदयू की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इंडिया गठबंधन के तहत देश में मोदी सरकार को उखाड़ फेकेंगे। इसके लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जदयू नेता नीतीश कुमार के आदर्शो को जन जन तक पहुंचाते हुए पंचायत से लेकर प्रखंड तक सभी कमेटियों को मजबूत करें। जदयू युवा प्रतिनिधि प्रदीप रजक ने अपने संबोधन में बताया कि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो जिस तरह से पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत किया हैं। इससे निश्चित है कि मांडू विधानसभा में एक बार फिर से जदयू का झंडा बुलंद होना तय माना जा रहा हैं।

## कोयलांचल अरगड्डा-सिरका से सहायक शिक्षक आंकलन परीक्षा में हुए शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस, हेसला, मनुवां आदि क्षेत्रों से रविवार को शिक्षा विभाग(जैक) द्वारा आयोजित आंकलन परीक्षा में दर्जनों सहायक शिक्षकों(पारा) ने भाग लिया। शिक्षकों ने बताया कि हम सभी शिक्षक बीते 15 से 20 सालों से अपने विद्यालयों में कार्य करते आए हैं। सरकार आंकलन के माध्यम से आगे स्थाई का मार्ग खोलने का सपना दिखाया हैं। लेकिन परीक्षा के प्रश्नो से हमें संतुष्टी नहीं मिली। बताया कि परीक्षा सेंटरों में एडमिट कार्ड के अलावे और भी परिचय पत्र मांगे जा रहे थे। जिससे कई परीक्षार्थियों को परेशानियां हुई। शामिल परीक्षार्थियों में सहायक शिक्षक संजय प्रसाद, विद्यापति, सुरेन्द्र तिवारी, मोहम्मद खालिद, काशीनाथ बेदिया, गीता कुमारी, बच्ची, सविता कुमारी आदि हैं।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार की सुबह नवाडीह के समीप ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई मृतक की पहचान आशीष कुमार उम्र लगभग 20 साल पिता कारू सिंह उर्फ भगत सिंह ग्राम ढेबुआडीह कोडरमा के रूप में हुई है, मृतक ट्रैक्टर चालक भी है, मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर में बालू भारने जयनगर जा रहा था। जो नवाडीह के समीप ट्रैक्टर मे एक युवक बैठे नीचे गिर गए हैं और ट्रैक्टर उस पर चढ़कर पार हो गया इसके बाद युवक की मौके पर ही मौत हो गई इसके बाद इसकी सूचना जयनगर पुलिस को मिलने के बाद पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को 25-25 वर्ष कारावास, 25-25 हजार रुपये जुर्माना

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की अदालत ने आरोपी सतगावां दोनैया निवासी मुख्तार अली (पिता मो मुस्लिम) और सतगावां करचैता निवासी आदेश कुमार (पिता किशोरी प्रसाद यादव) को धारा 376ष्ठ एक्ट में दोषी पाते हुए 25-25 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही दोनों आरोपियों पर 25-25 हजार का आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है. जुर्माने की राशि नहीं देने पर दोनों को 2-2 वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

जूते-चप्पल से लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने की इकाइयों में खट रहा बचपन

# ट्रैफिकिंग से मुक्त कराए गए 80 प्रतिशत बच्चे 13 से 18 वर्ष के बीच

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बाल श्रम और ट्रैफिकिंग से मुक्त कराए गए बाल मजदूरों में 80 फीसद हिस्सा 13 से 18 वर्ष की उम्र के किशोरों का है। इसके अलावा 13 प्रतिशत बच्चे नौ से 12 वर्ष के थे जबकि मुक्त कराए गए बच्चों का एक छोटा सा समूह ऐसा भी था जिनकी उम्र पांच साल से भी कम थी। चौंकाने वाले ये तथ्य गेम्स24×7 और नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित संगठन कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन (केएससीएफ) द्वारा संयुक्त रूप से जारी एक रिपोर्ट में उजागर हुई हैं। यह रिपोर्ट चाइल्ड ट्रैफिकिंग इन इंडिया - इनसाइट्स फ्राम सिचुएशनल डाटा एनालिसिस एंड द नीड फॉर टेक-ड्रिवेन इंटरवेंशन स्ट्रेटजी 30 जुलाई को विश्व मानव दुर्व्यापार निषेध दिवस के मौके पर जारी की गई। गेम्स24×7 ने देश में 2016 से 2022 के बीच देश के 21 राज्यों और 262 जिलों में केएससीएफ और इसके सहयोगी संगठनों द्वारा जुटाए गए आंकड़ों का विश्लेषण कर इस रिपोर्ट को तैयार किया है। इस समग्र रिपोर्ट को तैयार करने और तमाम आंकड़े जुटाने के पीछे मकसद ट्रैफिकिंग के मौजूदा रुझानों और तरीकों के बारे में एक स्पष्ट तस्वीर पेश करने का था ताकि इसके आलोक में सरकारें और कानून प्रवर्तन एजेंसियां ट्रैफिकिंग को रोकने के लिए ठोस और प्रभावी रणनीतियां बना सकें। केएससीएफ और इसके सहयोगी संगठनों के प्रयासों से 2016 से 2022 के बीच 18 वर्ष से कम आयु के 13,549 बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया। इनमें अकेले लुधियाना से ही 563 बच्चे बाल मजदूरी के चंगुल से मुक्त कराए गए। बाल मजदूरी के शिकार बच्चों की हालत पर प्रकाश डालते हुए रिपोर्ट बताती है कि 13 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चे ज्यादातर दुकानों, ढाबों और उद्योगों में काम करते हैं लेकिन सौंदर्य प्रसाधन एक ऐसा उद्योग है जिसमें पांच से आठ साल तक के बच्चों से भी काम लिया जाता है। इससे भी कहीं ज्यादा रिपोर्ट में बाल मजदूरों का इस्तेमाल कर रहे उद्योगों का वीभत्स चेहरा भी सामने आया है। इसके अनुसार बाल मजदूरों का सबसे बड़ा हिस्सा होटलों और ढाबों में बचपन गंवा रहा है जहां 15.6 फीसद बच्चे काम कर रहे हैं। इसके बाद आटोमोबाइल व ट्रांसपोर्ट उद्योग में 13 फीसद और कपड़ा व खुदरा दुकानों में 11.18 फीसद बच्चे काम कर रहे हैं।

# पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका में सम्मान समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता




**बरकट्ठा(हजारीबाग):** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट करने वाले विद्यार्थी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद, प्रिंसिपल दिनेश कुमार भारती , प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र प्रसाद , प्रबंधक राजेश कुमार यादव एवं अभिभावकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया । दसवीं कक्षा से प्रथम स्थान मनीषा कुमारी , द्वितीय स्थान मुस्कान खातून , तृतीय स्थान शाहजहां खातून। आठवीं कक्षा से प्रथम स्थान अनु कुमारी, द्वितीय स्थान परमानंद प्रसाद, तृतीय स्थान रिया मंडल । सातवीं कक्षा से प्रथम स्थान अनिल कुमार , द्वितीय स्थान चंदन कुमार , तृतीय स्थान हसनैन अंसारी। छठी कक्षा से प्रथम स्थान सूरज राना ,द्वितीय स्थान गुलाम मुस्तफा ,तृतीय स्थान मोनु कुमार। पांचवी कक्षा से प्रथम स्थान श्वेता कुमारी, द्वितीय स्थान सूरज कुमार, तृतीय स्थान कुलसुम खातून। चौथी कक्षा से प्रथम स्थान शिल्पी कुमारी ।द्वितीय स्थान आयुष कुमार , तृतीय स्थान पलक कुमारी । तीसरी कक्षा से प्रथम स्थान प्रियांशु कुमार राज, द्वितीय स्थान अनंद कुमार, तृतीय स्थान अभिजीत गोस्वामी। दूसरी कक्षा प्रथम स्थान सिद्धांत कुमार ,द्वितीय स्थान राधिका कुमारी ,तृतीय स्थान सत्यम कुमार राज। कक्षा प्रथम से प्रथम स्थान पवन कुमार , द्वितीय स्थान प्रिंस कुमार , तृतीय स्थान साहेब अंसारी ।तथा अन्य सभी कक्षा के प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया। संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को पुरस्कृत करने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है हम सदैव अपने बच्चों को सही राह दिखाने का प्रयास करते हैं ताकि आगे जाकर एक बेहतर नागरिक बनकर बेहतर राष्ट्र का निर्माण कर सकें। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक , शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## घटवार आदिवासी युवा महासभा की बैठक

**डोमचांच(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटवार आदिवासी युवा महासभा की बैठक डोमचांच के नेरपुर में किया गया. जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष किशुन सिंह व संचालन प्रखंड अध्यक्ष गणेश सिंह ने किया. वही मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश के महिला नेत्री सोनिया देवी, महादेव सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र सिंह उपस्थित थे. बैठक में सोनिया देवी ने कहा कि हमारे घटवार समाज के हर एक युवाओं को संगठन से जोडना और सामाजिक चेतना और राजनीतिक चेतना के बारे में जागरूक करना ताकि आने वाले हमारे समाज के कोई भी युवा ठगा महसुस ना हो और अपना अधिकार के लिए संघर्ष करें और अपने समाज को हक दिलाने का काम करें. महेंद्र सिंह घटवार ने कहा कि हमारे समाज के हर एक युवाओं को यह संकल्प लेना होगा कि जितने भी आने वाले बच्चों एंव बच्चीयां को हर एक गांव गांव जाकर अभिभावक के साथ साथ बच्चों एंव बच्चियों के साथ बैठक कर शिक्षा के बारे में जागरूक करें और उनको पढ़ने को लेकर प्रेरित करें ताकि हमारा समाज उत्थान हो. किशुन सिंह घटवार ने कहा की संगठन को मजबूत कर कोष राशि जमा करें ताकि हमारे समाज में वैसे व्यक्ति को हम सभी लोग मदद कर पाए। बैठक में जिला सचिव भागीरथ सिंह घटवार, कोषाध्यक्ष महेश सिंह घटवार, मीडिया प्रभारी शंभू सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मुकेश सिंह, शिव कुमार सिंह,प्रखंड सचिव रौसन सिंह, सिकेंदर सिंह, संगठन मंत्री राजेश सिंह, विनोद सिंह,हरी लाल सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, शिवकुमार सिंह,शंकर सिंह,राजू सिंह,अर्जुन सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## रेलवे क्वार्टर में घुसे तीन नकाबपोश अपराधी, गहने-रुपए लेकर फरार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शहर में अपराधी बेखौफ व बेलगाम होते जा रहे हैं। उन्हें ना कानून का भय है और ना पुलिस का खौफ। ऐसे में सदर थाना क्षेत्र के रेलवे अस्पताल कॉलोनी पम्पू तालाब के समीप शनिवार की देर रात अपराधियों ने घर में घुसकर लूट की घटना को अंजाम दिया। बताया जाता है कि शनिवार की देर रात जब मूसलाधार बारिश और बिजली गरज रहे थे। उसी वक्त सदर थाना क्षेत्र के रेलवे हॉस्पिटल कॉलोनी पम्पू तालाब के समीप एक क्वार्टर की चाहरदीवारी फांद कर तीन नकाबपोश अपराधी घर में घुस गए। उस वक्त घर में एक महिला अपने बच्चे के साथ थी। महिला के पति ड्यूटी गए हुए थे। अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर कीमती गहने और अलमारी में रखे 6-7 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। भुक्तभोगी प्रियंका देवी ने बताया की तीन नकाबपोश अपराधी घर में घुस पिस्तौल की नोक पर उन्हें कब्जा में कर लिये। अपराधियों ने उनके कान और नाक के सोने के जेवर तथा अलमारी से रुपए लेकर फरार हो गए। जाते समय अपराधियों ने महिला को धमकी दिया कि अगर हल्ला करोगी तो उसके पति को ड्यूटी जाते वक्त जान से मार देंगे। महिला की माने तो तीन की संख्या में अपराधी घर के अंदर घुसे थे, जबकि तीन और लोग घर के बाहर मौजूद थे।

## इंडियन नेशनल डेवलपमेंट एलांयस की हुई बैठक

### मणिपुर घटना को लेकर 1 अगस्त को देंगे धरना



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को गिरिडीह के नए परिसदन भवन में इंडियन नेशनल डेवलपमेंट एलांयस की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने की । बैठक में मुख्य रूप से मणिपुर राज्य की बदतर हालात के पिछले दिनों महिलाओं पर हुए अत्याचार पर केन्द्र सरकार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जाना एवं उदासीन रवैया के विरोध में 1 अगस्त को गिरिडीह उपायुक्त समक्ष एक दिवसीय धरना के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौपने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान INDIA गठबंधन में शामिल सभी दलों के नेताओ और कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया। बैठक में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सतिश केडिया, भाकपा माले के विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा, आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा, झामुमो नेता शहनवाज अंसारी, रॉकी सिंह सहित कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झारखंड एकता संघ कोलकाता ने कांवरियों के लिए लगाया सेवा शिविर



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड एकता संघ कोलकाता ने तारकेश्वर में जा रहे कांवरिया के लिए एक सेवा शिविर लगाकर हजारों कांवरियों को पानी, फरूटी, माजा, बिस्कुट और चॉकलेट बांटे। इसमें झारखंड एकता संघ कोलकाता के अध्यक्ष सुखदेव महतो, धनेश्वर वर्मा, अशोक वर्मा,मनोज सिंह ,प्रकाश वर्मा, रमेश वर्मा, मुकेश वर्मा, सब्यसाची घोष, उमेश वर्मा, रामचंद्र वर्मा, मेघलाल वर्मा, पंकज वर्मा,संजय वर्मा, सुनील वर्मा, संजय मंडल, रमेश कुशवाहा, रंजीत वर्मा के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। झारखंड एकता संघ कोलकाता की स्थापना साल 2019 में झारखंड के परवाशि मजदूरों के द्वारा बनाया गया है,और कोलकाता में रह रहे परवाशि लोगों के साथ झारखंड एकता संघ के सदस्य हमेशा सुख दुख में एक दूसरे के मदद करते रहते हैं। और इस साल बोलबम जा रहे कांवरियों के सेवा के लिए तारकेश्वर(बंगाल) के पास में एक केम्प लगा कर हजारों कांवरियों के सेवा किये,और अब हर साल ऐसै ही सेवा करने के लिए संघ के सदस्य तैयार हो रहे हैं ,साथ मे कोलकाता में भी पूरे विश्व की तरह यहाँ भी छठ पूजा मनाई जाती है, तो उसमें भी अब झारखंड एकता संघ कोलकाता सेवा करेंगे। और इस साल से पूरे भारत से गंगासागर मेला में आने वाले सर्द्धालुयों के लिए कोलकाता से गंगासागर के लिए बस सेवा भी आररम्भ करने वाले हैं, ताकि हमारे झारखंड से याने वाले सर्द्धालुयों को कोई तरह की कोई समस्या ना हो । बंगाल में एक समस्या हमेशा रहता है, कि यहाँ के भाषा को हर कोई जल्दी से समझ नही पाते है,इसके लिए अब झारखण्ड एकता संघ अब गंगासागर मेला में भी सेवा देने के लिए पूरी तरह तैयार हो चुका है।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पांच जोड़े ने थामा एक दूसरे का हाथ




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शक्ति मंदिर प्रांगण बाबुल के आंगन की तरह सज धज कर एतिहासिक पांच जोड़ों की सामूहिक विवाह कार्यक्रम का गवाह बना जहां रविवार को पांच बेटियां की शादी और विदाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। श्रीश्री भगवती जागरण कमेटी के द्वारा पांच जोड़े की सामूहिक विवाह संपन्न कराई गई। माता रानी के मंदिर मे पांच बेटियां दुल्हन बनी तथा सिंदूर दान के बाद अपने अपने पिया संग आँखों में सतरंगी सपने लिए ससुराल को विदा हुई। मौके पर उपस्थित लोगों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया तथा उनके वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की। एक दूजे के हुए यह जोड़े ~ लाल बाबू बाउरी संग अनीता कुमारी, शिव कुमार तांती संग तुलसी कुमारी, जितेन बाउरी संग पूजा बाउरी, दीपक बाउरी संग संगीता, सुरजीत बाउरी संग पायल बाउरी।

## मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

# या अली या हसन या हुसैन की सदाओं से गूंजा धनबाद






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** या अली या हसन या हुसैन की सदाओं के साथ शनिवार को कोयलांचल में मातमी त्योहार मुहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। ताजिया और निशान के साथ निकली गई जुलूस में सैकड़ों मुस्लिम अकीदतमंदों ने भाग लिया। जुलूस में शामिल लोग या अली या हसन या हुसैन की सदा बुलंद कर रहे थे।

इस दौरान विभिन्न चौक चौराहों में लाठी, फरसा, भाला, तलवार व अन्य पारंपरिक हथियारों से हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन किया गया। कई अखाड़ों में दोनों समुदाय के लोगों ने अपने हुनर का प्रदर्शन कर शांति और मिल्लत का पैगाम दिया। वहीं लोगों ने अमन, चैन, एकता, भाईचारा, सौहार्द के लिये दुआएं भी की।

**डीसी, एसएसपी ने सुरक्षा का लिया जायजा**

उपायुक्त, एसएसपी ने धनबाद, झरिया, जोरापोखर, कतरास सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों का दौरा किया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। उपायुक्त वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार को लोयाबाद में अखाड़ा दल ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। उपायुक्त ने कहा कि त्योहार को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त किया है। सभी जगह पर ड्रोन से एवं वीडियोग्राफी कराकर पैनी निगाह रखी जा रही है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला प्रशासन विभिन्न थाना क्षेत्रों में जुलूस का निरीक्षण कर रहा है। सभी जगह शांतिपूर्ण तरीके से लोग त्योहार मना रहे हैं। सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

### जुलूस में शान से लहराया तिरंगा, कई संगठनों ने लगाया शिविर

शहर के कई अखाड़ा जुलूस में शान से तिरंगा लहराता देखा गया। जुलूस मे शामिल खिलाड़ी तिरंगा लेकर आगे आगे चल रहे थे। जुलूस शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर बैंक मोड़ स्थित कर्बला पहुंचा। वहीं धनबाद कर्बला वेल्फेयर कमिटी सहित शहर के कई सामाजिक संगठनों के द्वारा श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। साथ ही कमिटीयों के द्वारा जगह जगह शीतल पेयजल, शर्बत, फ़र्स्ट ऐड आदि की भी व्यवस्था की गई थी। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार द्वारा अतिथियों एवं अखाड़ा कमिटी के स्वागत के लिए भव्य मंच बनाया गया था जहां अतिथियों को साफा प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया।

## टुंडी : विभिन्न क्षेत्रों में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न, पुलिस का रहा सराहनीय योगदान



**दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े ही भाईचारे एवं सौहार्द पूर्ण माहौल में मोहर्रम पर्व संपन्न हो गया प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी प्रखंड के कमारडीह, लछुरायडीह, महाराजगंज, रामपुरमोड़, सहित कई क्षेत्रों में मोहर्रम पर्व पर ताजिया एवं अखाड़ों का आयोजन किया गया एवं युवाओं के द्वारा कई आकर्षक करतब दिखाए गए टुंडी थाना के थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल कुजुर स्वयं मुस्तैदी के साथ देखे गए कहीं से कोई अप्रिय घटना नहीं घटी इस मुहर्रम पर्व पर टुंडी पुलिस की काफी सराहनीय योगदान रहा है कमारडीह के अखाड़ा में कई दिग्गजों ने युवाओं द्वारा दिखाए जाने वाले करतबों का लुफ्त उठाया मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता रतीलाल टू डू ,अब्दुल रशीद अंसारी ,अंसारी अनवर अंसारी, नौशाद अंसारी, निसार अंसारी, जनहित मोर्चा के माना पाठक ,मुरारी सिंह, सीआईडी के मोहम्मद जाहिद मोहम्मद सफी, समेत कई दिग्गजों मौजूद थे।

## बाल कावड़ यात्रा में सैकड़ों बच्चे बने कांवरिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** राउंड टेबल इंडिया एवं मारवाड़ी युवा मंच चिरकुंडा शाखा द्वारा रविवार की सुबह बाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के सैकड़ो बच्चों ने हिस्सा लिया। यात्रा का शुभारंभ बराकर नदी घाट से पुरोहित द्वारा पूजा अर्चना एवं कावड़ में जल भरकर किया गया। यात्रा में बच्चों के साथ साथ माता पिता भी काफी संख्या में जुटे। सभी भगवान शिव की भेषभूषा मे नजर आए। जैसे ही यात्रा बराकर नदी से निकली सभी बोल बम के नारे लगाते हुए आगे बढ़ने लगे। सवा किलोमीटर चलकर बच्चों ने चिरकुंडा ठाकुरबाड़ी शिव मंदिर में चल चढ़ाया। चिरकुंडा क्षेत्र कुछ समय के लिए देवघर में तब्दील हो गया। मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के चिरकुंडा अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, प्रणव गढ़याण, प्रतीक चौधरी, विपुल शर्मा, मोहित खरकिया, तुषार अग्रवाल और राउंड टेबल इंडिया आसनसोल अध्यक्ष आकाश बंसल, अनुराग गढ़याण, अंकित अग्रवाल, उमंग अग्रवाल, राहुल खरकिया, अभिषेक अभिषेक गाढ़याण आदि लोग मौजूद रहे।

## सिंदरी की जन समस्याओं को लेकर सांसद से मिला प्रतिनिधिमंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** संयुक्त मोर्चा सिंदरी का प्रतिनिधि मंडल ने धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह से मिल कर सिंदरी की समस्याओं से अवगत कराया। संयुक्त मोर्चा सिंदरी के बैनर तले सभी राजनीतिक दल के लोग, चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं सिंदरी में निवास करने वाले सभी झुग्गी-झोपड़ी और गणमान्य लोगों के साथ सभी समस्याओं को बताकर सिंदरी को उजाड़ने से बचाने के लिए एक स्वर में गुहार लगाई। सांसद ने सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए अपनी तरफ से सार्थक प्रयास करने का आश्वासन दिया। सांसद ने एफसीआईएल के प्रबंध निदेशक से दूरभाष पर वार्ता कर सिंदरी के लोगों के साथ न्यायोचित कार्य करने का आग्रह किया और जो भी नोटिस लोगों में बांटा जा रहा है, उसे अविलंब रोक लगाने की मांग की। संयुक्त मोर्चा सिन्द्री के प्रतिनिधि मंडल में सिंदरी विधायक पत्नी तारा देवी, शैलेश सिंह, कुमार महतो, दिनेश सिंह, कौशल सिंह, अजय सिंह, प्रशांत दुबे, मनोज मिश्रा, अरविंद खत्री, पुरनेन्दु सिंह, विजय सिंह, दिलीप रीलिया, संजय प्रसाद, बासुकी सिंह, पवन शर्मा, मनी सिंह, भरत शर्मा, पन्नू लाल यादव, सूरज प्रसाद, राजू पांडे, सत्यदेव सिंह, कामरान अख्तर, रूपेश कुमार आदि थे।

## पेट्रोल व डीजल की कीमत रु20 प्रति लीटर हो कम : ब्रजेंद्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एआईसीसी के सदस्य सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को पत्र लिखकर कहा है की देश में 35 प्रतिशत कच्चे तेल की भाव में कमी आई है। इससे पेट्रोलियम कंपनियों के मालिक मालामाल हो रहे हैं और पूंजीपतियों को एक तरह से बढ़ावा दिया जा रहा है। उनको और ज्यादा कमाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा की 2014 में कच्चे तेल और पेट्रोलियम पदार्थों में उत्पाद शुल्क बहुत कम था जबकि उत्पाद शुल्क बढ़ाकर भाजपा सरकार पेट्रोल और डीजल का दाम को आसमान छूने के लिए छोड़ रखा है। श्री सिंह ने आरोप लगाया मोदी सरकार अपने पूंजीपति साथियों को कमाने के लिए खुली छूट दे रखी है, जो बंद होना चाहिए। साथ साथ सरकार से मांग किया की पेट्रोल और डीजल पर कम से कम अविलंब ?20 प्रति लीटर की कटौती की जाए ताकि जनता को उसका लाभ मिल सके।

## महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सेल्फ डिफेंस कोर्स का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखण्ड समेत पूरे देश मे जिस तरह से महिलाओं और लड़कियों के साथ अत्याचार हो रहा है, उस अत्याचार पर रोक लगाने के लिए संस्था, सेवा और समर्पण ने सेल्फ डिफेंस कोर्स निःशुल्क करने की योजना बनाई है। सेवा और समर्पण के द्वारा निःशुल्क श्री गौरी शंकर प्रसाद सेल्फ डिफेन्स कोर्स महिलाओं और बच्चों को देने की योजना बनाई है। ये सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग 6 महीने का कोर्स है। ट्रेनिंग के बाद आत्म विश्वास के साथ महिलाओं में अपना बचाव करने की क्षमता आ जाएगी।

## श्री राजपुत करणी सेना ने किया संगठन विस्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** राज्य में राजपूत समाज में एकजुटता लाने के लिए श्री राजपूत करणी सेना ने रविवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें संगठन के संगठनात्मक विस्तार को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में राज्य भर से प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मौके पर श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि समाज का छोटे छोटे टुकड़ों में बंट जाना दुखदाई है। मौके पर श्री सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों के अध्यक्ष का मनोनयन किया जाएगा। वहीं संगठन के विस्तार एवं रचनात्मक कार्यक्रमों को शुरू कराने के लिए रणनीति तय की जा रही है।

## बारिश नहीं होने से किसानों में मायूसी, मानसून के रूठने से धान की फसल लगाने में हो रही देरी से किसान परेशान



**पप्पू कुमार वर्मा@प्रभात मंत्र**

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले में मानसून ऐसे रूठ गई है कि वर्षा होने का नाम ही नहीं हैं। इसके कारण धान की फसल लगाने वाले किसानों के माथे पर पसीना निकल रहा है। प्रमुख फसल धान नहीं लगने से किसान परेशान हैं। किसानों को समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर धान की फसल नहीं होगी, तो साल भर परिवार का खाना-पीना का क्या होगा।

बेंगाबाद के किसान रामप्रसाद महतो कहते हैं कि चूंकि धान की फसल हो जाने से किसान खाने की चिंता नहीं रहती है। इसके अलावा अन्य खर्च के लिए सब्जी की खेती करते हैं। हालांकि पटमदा के कुछ किसानों का कहना है कि यदि दो-चार दिनों में वर्षा नहीं होती है तब सब्जी फसल की ओर अपना पूरा ध्यान देंगे।

**क्या कहते हैं किसान :-** पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण धान की फसल के लिए बहुत ही बेकार समय है। यदि जल्द ही वर्षा नहीं हुई तो किसानों का प्रमुख फसल धान नहीं हो पाएगा। यदि वर्षा नहीं हुई तो सब्जी की फसल लगाने का कार्यक्रम है।

**सुखदेव महतो किसान विझैया :-** वर्षा नहीं होने से हम सब किसान मायूस हैं। खेत में धान का बिचड़ा पड़ा हुआ है, लेकिन वर्षा नहीं होने के कारण उसे खेत में लगा नहीं पा रहे हैं। थोड़ी बहुत वर्षा हुई भी तो किसान छींटा धान लगाया, लेकिन उसे भी अब पानी की जरूरत है।

**सुरेश वर्मा, किसान केन्दुआगढ़ :-** मानसून का यही हाल रहा तो धान का फसल प्रभावित हो सकती है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार वर्षा होने की संभावना जतायी गई है। यदि कुछ दिनों में वर्षा हो जाती है तो भले हम थोड़ा पीछे हो जाएंगे, लेकिन काफी हद तक किसान धान की फसल लगा सकते हैं।

## दामोदर नदी के टासरा घाट से बालू का अवैध खनन व तस्करी जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिंदरी :** दामोदर नदी के टासरा घाट से बालू का अवैध रूप से खनन तथा तस्करी खुलेआम हो रहा है। जिसको अंकूश लगाने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन मुकदर्शक बन कर चढ़ावा लेने में मशगूल है। बालू तस्करी की लगातार शिकायत किए जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन मौन है। यह आम जनता के समझ से परे है। बालू का अवैध खनन तथा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए झरिया सीओ प्रमेश कुशवाहा लगातार प्रयासरत हैं। सीओ ने पिछले महीने कान्ड्रा बस्ती में बालू लदे ट्रेक्टर को जप्त किया था। तब बालू माफियाओं ने जबरन ट्रेक्टर छुड़ाने का प्रयास किया था। उस मामले में सीओ ने दो बालू माफियाओं को पकड़कर जेल की हवा खिलाए थे। झरिया सीओ प्रमेश कुशवाहा ने स्पष्ट शब्दों में कहा बालू एवं कोयला तस्करी को रोकने के लिए थानेदारों को हिदायत दी गई है। उन्होंने कहा कि यदि गौशाला ओपी क्षेत्र में बालू तस्करी हो रहा है तो कार्रवाई होगी। यदि बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा जाता है तो इसकी जिम्मेवारी ओपी प्रभारी की होगी तथा ओपी प्रभारी के खिलाफ आला अधिकारियों से लिखित शिकायत भी की जाएगी।

## वज्रपात की चपेट में आया युवक, हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत सुगियाडीह में शनिवार की देर रात वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक का नाम चन्दन यादव था। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शनिवार की देर रात बारिश शुरू होने के कारण पानी चंदन यादव के घर में घुसने लगा। जिसके बाद घर में जमा हो रहे पानी को निकालने के लिए वह बाहर निकला था। इसी दौरान तेज आवाज के साथ वज्रपात हुआ। जिससे चंदन यादव का शरीर बुरी तरह झुलस गया। आनन-फानन में परिजन और स्थानीय लोग चंदन यादव को एसएनएमएमसीएच लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जलडेगा के टिनगिना में फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

# सिमडेगा जिले को सभी खेल के क्षेत्र में आगे लाने का किया जाएगा पूरा प्रयास : संदेश एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड के टिनगिना में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मौजूद रहे। इस दौरान सिहरजोर एवं टिनगिना के बीच निर्णायक मैच खेला गया। इस मौके पर शानदार खेलते हुए सिहरजोर की टीम 2-0 से जीत दर्ज की। मौके पर विजेता एवं उपविजेता टीम को संदेश एकता के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में कहा कि सिमडेगा खेल की नगरी के रूप में जाना जाता है और यहां के खिलाड़ी देश विदेश में जाकर अपना परचम लहरा रहे हैं झारखंड पार्टी का प्रयास रहा है कि क्षेत्र में खेल को बढ़ावा दें जब मेरे पिता राज्य में मंत्री थे तब हजारों हजार खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने का काम किया था झारखंड पार्टी का उद्देश्य रहा है कि सभी खेलों में क्षेत्र का विकास किया जाए ।उन्होंने कहा कि सभी लोग इसी प्रकार लग्न मां के साथ खेल को खेल भावना के साथ ही खेले ताकि यहां से आगे खेलते हुए देश विदेश में जाकर नाम रोशन कर सकें। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष बालेश्वर नाग उपाध्यक्ष दीपक डुंगडुंग, सचिव अनूप सोरेंग, सदस्य विनोद कुल्लू, अनुज नाग, अजीत कीड़ों, गणेश नाग वहीं इसके अलावा रवि बड़ाईक, आशीष सिंह, आकाश साहू, गोसनर डांग, रंजीत एक्का, रसाल खलखो उपस्थित रहे।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 59 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल एवं समाजसेवी गोपाल सिंह ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। सभी ने भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किए, आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 36 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने डॉ कुमुद एवं गोपाल सिंह जी को सेवा भारती की पुस्तिका देकर सम्मानित किया। समाजसेवी गोपाल सिंह ने कहा कि मैं इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पर कई बार चेकअप करा कर काफी संतुष्ट हूं,और मैं देखता हूं कि शिविर में काफी दूर-दूर से भी लोग आकर अपना स्वास्थ्य चेकअप एवं इलाज करवा रहे हैं, दीपक सर्राफ के द्वारा शुरू से ही अपने तन-मन-धन से कई सामाजिक कार्य करते रहते हैं इनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है, जरुरतमंदो एवं असहायों का सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि एक जून 2022 से लगातार प्रत्येक रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है।

## सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का मिल रहा है जरुरतमंदो को लाभ



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा प्रखंड के अंतर्गत मुन्दो ग्राम में बिना महिला मंडल के तहत रविवार को संचालक संगीता देवी के नेतृत्व में धोती साड़ी तथा लुंगी का वितरण किया गया। वही प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानो मे सोना-सोबरन साड़ी धोती योजना के अंतर्गत कार्डधारियो के बीच साड़ी,धोती,व लुंगी का वितरण किया गया। इस वितरण अवसर पर पंचयात पीडीएस दुकानदार बिना महिला मंडल के सदस्य मौजूद रहे। संचालक ने लाभुको से कहा कि सरकार की इस कल्याणकारी योजनाओं का जरूरतमंदो को मिल रहा है। वही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी पीडीएस दुकानदारों से उक्त योजना मे वितरण प्रणाली को युद्ध स्तर पर शत प्रतिशत कार्डधारियों के बीच वितरण करने का निर्देश प्रखंड के सभी दुकानदारों को दी है। प्रखंड के पीडीएस दुकानदारों के दुकान मे किया गया धोती साड़ी का वितरण लाभुकों के लिए बहुत ही कल्याणकारी योजना है।

## तारीक मंसुर व अब्दुल्ला कुट्टी को भाजपा द्वारा राष्ट्र उपाध्यक्ष मनोनीत करने पर दिया बधाई


मौलाना अब्दुर रकीब मौलाना जियाउलहक अशरफी

**किस्को-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सह संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ के मौलाना जियाउल हक अशरफी एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी सह मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलमा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मौलाना अब्दुर रकीब अंसारी ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया नारा सबका साथ सबका विकास बिल्कुल सही मायने में काम कर रही है। भारतीय जनता पार्टी पासमांदा एवं पिछडे समुदाय के लोगों को तरजीह दे रहे हैं वही ओबीसी से एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और आदिवासी समाज से आशा अलकड़ा जी को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है यह शुभ संकेत है एमआरएम उलेमा टीम और पसमांदा समाज दिल की गहराइयों से मुबारकबाद पेश करती है। आगे मौलाना ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा केरल के अब्दुल्लाह कुट्टी एवं उत्तर प्रदेश के विधान परिषद सदस्य तारीक मंसुर को मेन कमेटी में उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बहुत-बहुत बधाई जिन्होंने पासमांदा लोगों के प्रति विश्वास जताया। उम्मीद करते हैं कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है वह संपूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वाहन करने के प्रयास करते रहेंगे उन्हें पुनः एक बार और शुभकामनाएं और मुबारकबाद देते हैं।

## मन की बात भारत की धरोहर को संजोने और देश के प्रति हमारी दायित्वों के लिए करता है प्रेरित : ओमप्रकाश सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा द्वारा विभिन्न बूथों पर मन की बात कार्यक्रम आयोजित की गई उसी में से एक मन की बात कार्यक्रम बूथ क्रमांक 289 अंतगर्त टेनी टास्क विधालय प्रागंण पर भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु के नेतृत्व में आयोजित की गई जिसमें लगभग 60 युवाओं के साथ भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल होकर प्रधानमंत्री मनकी बात कार्यक्रम प्रोजेक्टर के माध्यम से सुना। इस मौके पर मुख्य रुप से भाजपा कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष राजमोहन राम, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विश्वजीत शाहदेव शामिल थे। प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के 103 वां संस्करण सुनने के पश्चात ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम हमारे भारत की धरोहर एवं देश के प्रति हमारे दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रेरित करता है। आज भारतीय धरोहर से जुड़ी अंश को प्रधानमंत्री जी के द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखते हुए लौटा रहे हैं उसके माध्यम से एक कुशल कौशल का अद्भुत उदाहरण दिख रहा है। देश में विपरीत परिस्थितियों में सहयोग की भावना समाज में जगाने का कार्य करता है। अजातशत्रु ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी। इस कार्यक्रम के माध्यम से एक आवाहन पूरे देश में एक ऊर्जा भर देती है जिसमें आम जन भागीदारी सुनिश्चित हो जाती है जैसे स्वतंत्रता दिवस पर हर घर झंडा लगाना, जल संरक्षण, जल स्वच्छता रखाव, पर्यावरण रक्षा हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम स्वयं आयोजित करते है। आज जिस प्रकार खेल से प्रेरित कर युवा को नशा छोड़ खेल मैदान को जोड़ने आवाह्न भी एक नयी क्रांति से जोड़ेगा और देश सशक्त होगा। कार्यक्रम में मौके पर पशुपति नाथ पारस, बाल्मीकि कुमार, मिथुन तमेड़ा, सचिन सिंह, एसके झा, पवन कुमार, निशांत सिंह, नीरज गुप्ता, दीपक गुप्ता, रवि खत्री, सुमित्रा कुमारी, आरती कुमारी, विनिता कुमारी सहित अन्य युवा शामिल थे।

## किसानों का बिछड़ा तैयार, बारिश नही होने से किसान चिंतित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** दुनिया भर के अन्नदाता कहे जाने वाला किसान बारिश नही होने से काफी परेशान है। जुलाई माह समाप्ति के ओर हैं, बारिस नही होने से किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए है,किसानों के खेतों में बिचड़ा तैयार है,जरूरत है तो बरसात की, जैसे ही मूसलाधार बारिश हो जाए उसके इंतजार में किसान धान रोपनी का कार्य में लग जायेंगे। प्रखण्ड में लगभग हजारो हेक्टेयर में धान की खेती होती है,जिसमे अभी तक मात्र 15 प्रतिशत रोपनी हुई है,वो भी किसानों द्वारा सिंचाई के सहारे की गई है। प्रखंड के गांव का तालाब पहली बारिस में लबालब भरे हुए थे,बारिस नही होने के कारण बिचड़ा तैयार होने के बाद लगातार दिन रात पटवन का सहारा लेकर कुछ किसानों द्वारा रोपनी की गई,वही लगातार सिंचाई होने से तालाब भी पूरी तरह सूख चुके हैं, ऐसे में किसानों के लिए बारिश ही एकमात्र विकल्प बचा है,ऐसे में किसानों की चिंता बढ़ना स्वभाविक है। प्रखण्ड क्षेत्र में बीते एक सप्ताह में मात्र 06 एम एम बारिस हुई है, बूंद-बूंद पानी के लिए भी किसानों को तरसना पड़ रहा है। बारिस नही होने से अब धान के बिचड़े खेतो में लहलहाने के बजाय मुरझाने के कगार पर पहुंच चुके हैं,धान के बिचड़े की खेतो में पौधे तैयार हो गए हैं। लेकिन कई जगहों पर पौधों की पत्तियां पीली होने लगी है। बारिश नहीं होने से प्रखण्ड में अकाल कि स्थिति बन गई है,किसानों का कहना है कि सावन माह का एक महीना लगभग बीतने वाली है,सावन महीने में जमकर बारिश होती थी, लेकिन इस वर्ष बारिस नही होना किसानों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। सभी किसानों के धान के बिचड़े लगभग तैयार हो चुके हैं, लेकिन बारिश की कमी से किसान धान की रोपाई शुरू करने की हिम्मत नही दिखा पा रहें है, जुलाई माह में बारिश नहीं होने कि वजह से धान के खेतों की यह स्थिति देख किसान चिंतित होने लगे हैं,जिन किसानों को पटवन के अपने साधन हैं, वैसे किसान पौधों की सिंचाई कर रोपनी कार्य में जुटे हैं, वहीं कुछ किसान पैसे लगाकर दूसरे किसानों की बोरिंग से पटवन कर धान रोपनी के प्रयास में लगे हुए हैं, गौरतलब हो कि प्रखण्ड के अधिकतर किसान बरसात पर निर्भर हैं, नदी तालाब में पानी भरा लेकिन वह अब सुख गया है, किसानों की माने तो महंगे दामों पर बीज खरीदकर खेतों मे धान की बिचड़ा तैयार की गई है,और मौसम धोखा दे रहा है और पटवन के अभाव में किसानों के सपने चकनाचूर हो रहे हैं, पानी की कमी से खेतों में दरारें पड़ रही है किसान भी संभावित सुखाड़ को लेकर हताश हैं। किसानों ने बताया की प्रतिदिन बूंदाबांदी बारिस हो रही है,सिर्फ धूप व बादल के बीच लुका छिपी का खेल पूरे दिन चलता रहता हैं। किसान आसमान के ओर ये नजारा देख बारिस की आस में रहते हैं, लेकिन बारिश नहीं होती है।

## पंतजलि योग समिति संरक्षक शिव शंकर सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा स्थित सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान की बैठक राज्य कार्यकारिणी सदस्य जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। योग कक्षा के उपरांत आयोजित इस बैठक में आगामी 4 अगस्त को आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण जी के जन्मदिवस पर लोहरदगा में जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाई जाएगी। जिसमें आस-पास मौजूद औषधीय पौधों एवं जड़ी बूटी के बारे में लोगों को पौधों के औषधीय गुणों के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही साथ औषधीय पौधों का वितरण भी किया जाएगा। जड़ी-बूटी दिवस के दौरान लोहरदगा मुख्यालय में वनवासी कल्याण आश्रम परिसर में वृक्षारोपण कार्य किया जाएगा। प्रखंडों में भी पतंजलि योग समिति के कार्यकर्ता गण औषधीय पौधों का वितरण करेंगे। बैठक में वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, समाजसेवी सतीश जायसवाल, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती, योग शिक्षक सह पतंजलि के कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति, किरण देवी एवं काफी संख्या में योग शिक्षक, योग प्रशिक्षु, अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## भाजपा नगर अध्यक्ष अमरेश भारती की अध्यक्षता में सुना गया मन की बात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारत के सम्मानित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की 103 वां मन की बात कार्यक्रम नगर अध्यक्ष अमरेश भारती की अध्यक्षता में नगर के विभिन्न बूथों पर सुना गया।हटिया गार्डेन स्थित आवासीय परिसर में स्वयं नगर अध्यक्ष और अतिथि के रुप में श्री राजकिशोर महतो जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत कार्यकर्तओं के साथ विचार विमर्श किया गया। जिसमें मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम मे मोदी जी ने पर्यावरण पर विस्तृत विचार दिया।नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने कहा कि जिस देश के प्रधानमंत्री भारत के साथ पूरे विश्व की चिंता करते हैं।क्योंकि भारत को विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।वहीं विपक्ष तांग खिंचने पर लगा हुआ है।लेकिन वे कभी कामयाब नहीं हो सकते। कार्यकर्तओं से कहा कि सिर्फ हमें निश्छल और निःस्वार्थ संगठन का कार्य करते रहना है। श्री राजकिशोर महतो ने कहा कि नगर का कोई भी कार्यक्रम सफलता पूर्वक हमेशा किया जता है। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव में अपनी पूरी ताकत लगाना पड़ेगा।केंद्र सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को घर घर तक नहीं बल्कि जन जन तक पहुंचाना होगा।

## कालजयी हैं प्रेमचन्द की रचनाएं : अलीरजा अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** हिन्दी और उर्दू के महान लेखक मुंशी प्रेमचन्द की रचनाएं अमर और कालजयी हैं।वे एक संवेदनशील लेखक, कुशल वक्ता, सचेत नागरिक और विद्वान संपादक थे। उपन्यास सम्राट के नाम से मशहूर मुंशी प्रेमचन्द ने हिन्दी कहानी और उपन्यास की एक ऐसी परंपरा का विकास किया जिसने पूरी सदी के साहित्य का मार्गदर्शन किया।उपर्युक्त बातें कैरो प्रखंड मुख्यालय निवासी रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने आज प्रेमचन्द की 143 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहीं।प्रेमचंद की जीवनी की संक्षिप्त चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि उनका असली नाम धनपत राय था।उनका जन्म उप्र के बनारस शहर से 4 मील दूर लमही नामक गांव में 31 जुलाई 1880 ईस्वी को हुआ था।6 साल की आयु से ही प्रेमचंद एक मौलवी साहबस के घरसजाकर उर्दू और फारसी की शिक्षा ग्रहण करते थे। हालांकि बचपन में उनकी ख्वाहिश वकील बनने की थी लेकिन, अभाव और गरीबी की वजह से उनका यह सपना पूरा नहीं हो पाया। अलीरजा अंसारी ने मुंशी प्रेचंद की रचनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मुंशी प्रेमचन्द का लेखन हिन्दी साहित्य की अनमोल विरासत है जिसके बिना हिन्दी के विकास का अध्ययन पूरा नहीं हो सकता।हालांकि उनकी प्रारंभिक शिक्षा उर्दू में हुई, लेकिन हिन्दी साहित्य की समस्त विधाओं यथा कहानी, उपन्यास, नाटक, लेख, समीक्षा, संपादकीय, संस्मरण में उनकी रचनाओं ने भारतीय जनमानस में अमिट छाप छोड़ी। सेवासदन, गोदान,गबन, प्रेमाश्रम, रंगभूमी, निर्मला, कर्मभूमी आदि उनके द्वारा लिखित उपन्यासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मुंशी प्रेमचन्द की इन कृतियों में सच्चे भारतीय ग्रामीण जीवन की झलक दिखाई पड़ती है।

## राष्ट्र पुनर्निर्माण का मंत्र है मन की बात कार्यक्रम : अमित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री कुमार अमित ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्वच्छता मित्रों के साथ शिव मंदिर परिसर, सेक्टर-3 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 103 वाँ संस्करण को सुना। इस दौरान शहर की स्वच्छता में योगदान देने वाले दर्जनों स्वच्छता मित्रों एवं उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री अमित ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम राष्ट्र के पुनर्निर्माण का मंत्र है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्र की जनशक्ति को जगात करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। यह विशुद्ध रूप से ग़ैर राजनीतिक कार्यक्रम है। मन की बात कार्यक्रम के इस संस्करण में प्रधानमंत्री ने देश के लोगों से जल संरक्षण और वृक्षारोपण में अपना योगदान सुनिश्चित करने की अपील की है। उनके इस अपील से प्रेरित होकर वहाँ उपस्थित लोगों ने अगस्त माह में एक पौधा लगाने और उसके रख रखाव करने का संकल्प भी लिया है। इस कार्यक्रम में पार्टी के शक्ति केंद्र संयोजक श्री अशोक सिंह,बोकारो नगर उपाध्यक्ष एवं प्रभारी कुमार राहुल, सह संयोजक लालबाबू, कृष्णा कालिन्दी, बूथ अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश, विनायक सिंह, जीतेन्द्र कालिन्दी, किशोर पाण्डेय, अजीत सिंह, उपेन्द्र सिंह, जेपी सिंह, मनोज राय, श्री राम कालिन्दी, आदित्य सिन्हा, दीपक कुमार, कुन्दन कालिन्दी, पवन बाउरी, रंजीत कालिन्दी, सुजीत कालिन्दी, डब्लू कालिन्दी, अजय कालिन्दी, सुरज कालिन्दी आदि उपस्थित थे।

## बीमार महिला के साथ किया दुष्कर्म, कैरो थाना में मामला दर्ज, गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा जिले के कैरो थाना क्षेत्र में मानसिक रूप से बीमार एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर पीड़िता के पति ने कैरो थाना में आरोपित के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना विगत 28 जुलाई 2023 की है। बताया जा रहा है कि विगत 28 जुलाई को कैरो थाना क्षेत्र के रहने वाली पीड़िता का पति जब खेत में काम करने के लिए गया हुआ था, तभी गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा पीड़िता के पति को बताया गया कि उसकी पत्नी के साथ सढाबे डूमरटोली गांव निवासी रोजना उरांव के पुत्र सोमरा उरांव द्वारा उसके घर में घुसकर दुष्कर्म किया जा रहा है। जिसके बाद महिला का पति भागकर घर पहुंचा। तब तक आरोपी सोमरा घर के पिछले दरवाजे से निकल कर भाग चुका था। जिसके बाद पीड़िता के पति ने कैरो थाना में आवेदन देकर सोमरा उरांव के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त लिखित आवेदन के आधार पर कैरो थाना पुलिस ने कांड संख्या 33/23 में भादवि की धारा 376 के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर 30 जुलाई रविवार को मंडल कारा लोहरदगा भेज दिया गया है।

## कोलेबिरा के पोगलोया जीईएल चर्च में आयोजित बैठक में शामिल हुए पूर्व मंत्री एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री रहे एनोस एक्का रविवार को क्षेत्र दौरा के दौरान कोलेबिरा के जीईएल पोगलोया चर्च में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मंत्री के आगमन पर हर्षोल्लास के साथ ग्रामीणों ने माला पहनाकर तथा ढोल नगाड़े की ताल में उनका स्वागत किया गया मौके पर युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का, बाबूराम लकड़ा, नुवेल हेरेंज, आशीष सिंह, ध्यानचंद तोपनो, मलाकि डाँग उपस्थित रहे। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री ने कहा किसी भी क्षेत्र का विकास तभी संभव है जब वहां के जनता के प्रति जनप्रतिनिधि सजग लेकिन इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सोया हुआ है जिसकी वजह से आप का विकास नहीं हो पा रहा है आज भी क्षेत्र में मूलभूत समस्याओं की कमी है । इसे नजरअंदाज करते हुए सत्ता का सुख भोगने में जनप्रतिनिधि मस्त है। झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है और हमेशा लोगों से जुड़ कर काम किया है और लगातार काम कर रही है चाहे बिजली हो सड़क हो पानी हो सभी चीजों को प्राथमिकता के तौर पर दूर करवाने का प्रयास जारी है उन्होंने इसी प्रकार झारखंड पार्टी का सहयोग करने की बात कही ताकि आगामी चुनाव में झारखंड पार्टी जीत दर्ज करें और लोगों का पूर्व की भांति सहयोग कर सकें। सन्देश एक्का ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और युवा अभी जाकर काम करेगा तो भविष्य बदल कर समाज की तरक्की कर सकेगा इसलिए, शराब, अंधविश्वास जैसी कुप्रथा से बाहर निकलकर समाज उत्थान में अभी से ही जुट जाएं। मौके पर सुदर्शन बूढ, सुनील तोपनो, हर्षन तोपनो, बसंत बूढ, पुष्पलता तोपनो, मुनुरेन डाँग, रीना कंडुलना आदि उपस्थित थे।

# भाजपा पार्टी ने विधिवत रूप से नए ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत शाहपुर पंचायत के कनजोगा ग्राम में विगत 3 महिना से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीण काफी परेशान थें । कही पर भी उनकी समस्या सुनी नही जा रही थी जिसका खामियाजा कनजोगा ग्राम वासियों को भुगतना पड़ रहा था। बिजली के समस्या से जूझ रहें कनजोगा के ग्रामीणों ने तंग आकर इसकी सूचना भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अशोक इंदवार और मंडल सांसद प्रतिनिधि चिंतमणी कुमार को दी तत्पश्चात कोलेबिरा विधान सभा के पुर्व प्रत्याशी सुजान मुंडा को समस्या से अवगत कराया। अनके प्रयास और सहयोग से आज कनजोगा ग्राम में ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिससे कनजोगा के ग्रामीणों मे काफी हर्ष देखा गया और इस विशेष सामाजिक कार्य के लिए कनजोगा ग्रामवासी भाजपा के पुर्व प्रत्याशी सुजान मुंडा प्रखंड अध्यक्ष अशोक इंदवार सांसद प्रतिनिधि का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। गांव के वरिष्ठ गणमान्य लोगो के साथ मिलकर भाजपा कोलेबिरा विधान सभा के पुर्व प्रत्याशी सुजान मुंडा प्रखंड अध्यक्ष अशोक इंदवार सांसद प्रतिनिधि चिंतमनी कुमार के साथ विधिवत रूप से उद्घाटन भी किया गया। मौके श्ङ्क्ष मोर्चा जिला उपाध्यक्ष भोला साहु , रणधीर प्रसाद सिंह, मनोज कुमार, अभिषेक कुमार, कृति राज ,रवि गोप,प्रफुल्ल साहु, संत कुमार सिंह, तुलेमबर सिंह ज्योति कुमार, किशोर साहु, बबलू सिंह, बीरबल सिंह, गुरू साहू, दुर्योधन साहु, सुबोध साहू, जनेश्वर साहू, महाबीर महतो के अलावे काफी संख्या में कनजोगा ग्राम् वासी उपस्थित हुए।

## पीएम ने 103 वें एपिसोड मे आगामी मेरा माटी मेरा देश अभियान को लेकर किया चर्चा



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 30 जुलाई रविवार को प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम का 103 एपिसोड का लाईव प्रखंड भाजपायीईयो के द्वारा आम लोगो के साथ विभिन्न बूथों पर सुनी गई। प्रखंड के सढाबे बूथ मे मंडल अध्यक्ष लखन उराँव, नगजूवा बूथ मे जिला उपाध्यक्ष सुरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन,कैरो बूथ मे नजीर आलम खान, महुवरी बूथ मे शिवचरण तुरी,हनहट बूथों मे मोहन साहू इत्यादि बूथों पर भाजपायीईयो ने 103 एपिसोड का लाईव आम लोगो के साथ सुना। इस अवसर पर लाईव सुनने के उपरांत भाजपा जिला उपाध्यक्ष साहू ने पत्रकारो से कहा की पीएम ने 103 वें एपिसोड मे कई समाजिक चर्चाएं देश के लोंगो से किया। उन्होने मानसून के समय वृक्षारोपण व जल संरक्षण के क्षेत्र मे देश के लोगो के द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना कीया,वही प्राकृतिक सम्पदाओं से पैदा हुई भु-स्खलन एवं बाढ़ से हूई क्षति पर भी चिंता जताई। उन्होने सावन के महिने मे विभिन्न तीर्थस्थलो मे तीर्थयात्रियों से रोजगार के क्षेत्र मे बृद्धि को लेकर भी चर्चाएं की। उन्हौंने कहा कि 15 अगस्त अब पास ही है,और इस अवसर पर देश एक और बड़े अभियान ÷मेरा माटी,मेरा देश÷ अभियान की शुरुआत करने जा रहा है। इस अभियान मे देश के कोने कोने से 75000 हजार अमृत कलश यात्रा देश की राजधानी दिल्ली पहुचेगी।

## चलते चलते एक नजर

### बोकारो के एसपी व डीसी को निलंबित किया जाए : फिरोज अंसारी



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने होटल ज्योति लोक में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि बोकारो जिला में मोहर्रम जुलूस के दौरान बिजली करंट की चपेट में आने से 4 लोगों की मृत्यु एवं 9 व्यक्तियों के घायल होने की घटना झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन की अक्षमता को दर्शाता है। किसी भी धर्मावलंबी के द्वारा निकाले जाने वाले जुलूस को देखते हुए बिजली काट दी जाती है। पूर्व में भी इस तरह की घटना हो चुकी है। श्री अंसारी ने कहा कि बोकारो जिला के एसपी एवं डीसी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए एवं मृतक के आश्रितों एवं घायलों को उचित मुआवजा दिया जाए। पलामू जिला अल्पसंख्यक मोर्चा इस घटना की घोर निंदा करता है। शहर डाल्टनगंज पलामू में सौहार्द शांतिपूर्ण भाईचारा एवं गंगा जमुनी तहजीब के तहत रामनवमी कमेटी एवं मोहर्रम कमेटी ने मिलकर हसन हुसैन का शहादत दिवस मनाया, जो बहुत ही शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। भाजपा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा पलामू जिला मोहर्रम कमेटी के जनरल सैयद शहरयार अली एवं भाजपा कार्यसमिति सदस्य अंजुमन इस्लामिया के सदर गुलाम गौस उर्फ गुड्डू खान को बधाई दी। कॉन्फ्रेंस में समीम खान भूपेंद्र सिंह होरा, अमजद खान, सलाहुद्दीन अंसारी, सोनू खान एवं शान खान उपस्थित थे.

### भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने मप्र का चहुंमुखी विकास किया : केन्द्रीय मंत्री तोमर

**इंदौर :** केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं मध्य प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है। मध्य प्रदेश का किसान आज खुशहाल है, बहन आज लाड़ली बहन बन गई है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा है, सिंचाई के अवसर सृजित हुए हैं। भाजपा की सरकार ने मध्य प्रदेश में आमूलचूल परिवर्तन करने की कोशिश की है। हम सब जानते हैं कि जब केन्द्र में हमारी सरकार नहीं थी तो विकास का काम भाजपा सरकार को अकेले करना पड़ता था, लेकिन आप सबके आशीर्वाद से केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार आने के बाद शिवराज सरकार लगातार विकास के आयाम स्थापित कर रही है।केन्द्रीय मंत्री तोमर रविवार को इंदौर में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में इंदौर में आयोजित बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## नौडीहा बाजार में हुआ झामुमो युवा मोर्चा का विस्तार

# हेमंत सरकार गरीबों के द्वार तक पहुंच कर करती है कार्य : सन्नी शुक्ला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** नौडीहा बाजार के सरईडीह पंचायत में झामुमो युवा मोर्चा की विस्तारित बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने की। कार्यक्रम का संचालन अमन कुमार ने किया। झामुमो युवा मोर्चा की कमिटी का मजबूती से विस्तार लगातार सभी प्रखंडों में किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश राम जी को अध्यक्ष और उप प्रमुख पति संजीत कुमार मुंडा जी को बनाया गया। सन्नी शुक्ला ने कहा ÷नौडीहा बाजार में आज प्रखंड कमिटी का निर्माण हुआ है, इससे झामुमो पार्टी को काफी मजबूती मिली है, साथ ही नौडीहा बाजार के समस्याओं का भी समाधान किया जा सकेगा। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी की लोकप्रियता आज हर गांव में हैं। युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी लगातार गांवों का दौरा कर रहे हैं और तेजी से युवाओं को पार्टी से जोड़ रहे हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जन मानस तक पहुंचाना है जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक सुधार हो सके। नौडीहा बाजार प्रखंड, पलामू के सबसे पिछड़े प्रखंडों में से एक है। यहां के भाजपाई



सत्ताधारी जनता के हित में ना आवाज उठाते हैं और ना ही विकास का एक भी कार्य कर पा रहे हैं द्य वहीं हेमंत सरकार के पदाधिकारी गरीबों के द्वार पर आ कर काम करते हैं। आज छतरपुर विधानसभा में विकास का किरण आम लोगों तक पहुंचाने का कार्य सिर्फ झामुमो की सरकार ही कर रही है। उपाध्यक्ष डा. जशवंत सिंह ने बताया ÷नौडीहा बाजार का अध्यक्ष सुरेश राम जी, सचिव संजीत कुमार उर्फ मुंडा जी, उपाध्यक्ष बबन कुमार, मनोज सिंह, और कोषाध्यक्ष जितेंद्र उरांव जी को बनाया गया है। सभी लोग पार्टी हित में कार्य करेंगे और सदस्यता अभियान को तेजी से चलाएंगे, साथ सरकार द्वारा चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को दिलाने का कार्य आप सब युवा मोर्चा द्वारा किया जाएगा। सभी नए पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष उदय कुमार पासवान, संयुक्त सचिव अंकित सिंह, हरिहर सिंह, अजीत तिवारी, अशोक सिंह, कृष्ण प्रजापति, रवि कुमार भारती, प्रवेश कुमार, चंदन कुमार, सुरेंद्र राम, डोमन सिंह सहित दर्जनों को उपस्थित थे।

### बस में लगी आग,बाल-बाल बचे यात्री

**मुंबई :** ठाणे शहर के सेंट्रल मैदान के पास रविवार को सुबह ठाणे नगर परिवहन (टीएमटी) की एक बस में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग लगते बस के पिछले दरवाजे से 50 यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। फायर ब्रिगेड ने बस में लगी आग पर काबू पाया। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन सेल के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि 50 यात्रियों को लेकर ठाणे नगर परिवहन (टीएमटी) की बस भिवंडी शहर के नारपोली से चेंदणी कोलीवाड़ा की ओर जा रही थी। बस जैसे ही ठाणे के सेंट्रल मैदान के पास पहुंची, उसी समय बस के इंजन में आग लग गई। आग लगने की भनक लगते ही बस चालक और कंडक्टर ने तुरंत यात्रियों को पिछले दरवाजे से बाहर निकाला।

## एसडीपीओ अजित कुमार को आईपीएस मिलने पर बालूमाथ में खुशी का माहौल



दिलीप कुमार @ प्रभात मंत्र

**बालूमाथ :** बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार का आईपीएस में परमोशन होने पर बालूमाथ के लोगों ने इनके कार्यकाल की सराहना की है।

यहां अजीत कुमार ने 1 सितंबर 2020 को अपना योगदान दिया था। लगभग 3 वर्ष के कार्यकाल में वे उग्रवाद व अपराध पर शिकंजा कसने में पूरी तरह से सफल रहे। इनके कार्यकाल में एक भी निर्दोष व्यक्ति जेल नहीं गया और कोई भी दोषी अभियुक्त को छोड़ा नहीं गया। बालूमाथ खनिज संपदा से भरा पूरा होने के बावजूद इस क्षेत्र में अपराध,उग्रवाद,चोरी, सड़क दुर्घटना, समेत कई चुनौतियां होने के बाद भी सारी चुनौतियों को स्वीकार करते हुए उन्होंने बेदाग होकर आईपीएस का प्रमोशन लिया। इनके द्वारा अभी तक जो उपलब्धि हासिल की गई है उसमें बालूमाथ थाना कांड संख्या 226/ 20 में पीएलएफआई के दो उग्रवादियों को एके-47 के साथ गिरफ्तार करना, कांड संख्या 234/20 तेतरिया खाड गोली कांड का उद्भेदन करते हुए 7 आरोपी को गिरफ्तार करना, बालूमाथ थाना कांड संख्या 22/21 पिस्टल के साथ एक उग्रवादी को गिरफ्तार करना, थाना कांड संख्या 96 /21भारी मात्रा में अफीम बरामद व राकेश साव को गिरफ्तार कर जेल भेजना, एरिया कमांडर रमेश गंझु की गिरफ्तारी, फरार माओवादी बालक गंझू को गिरफ्तार कर जेल भेजना, बालूमाथ में चर्चित जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष दिलशेर खान हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए 6 अभियुक्त को गिरफ्तार करना एवं भारी मात्रा में हथियार एवं कारतूस बरामद करना,उग्रवादि राकेश को एके 47 के साथ गिरफ्तार करना, मासियातू सुनीता देवी हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजना, बालूमाथ थाना कांड संख्या 47/23 माओवादी के जोनल कमांडर शीतल मोची को गिरफ्तार कर जेल भेजना शामिल है।साथ ही प्रखंड में होने वाले रामनवमी,दुर्गा पूजा मोहर्रम, समेत सभी पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराना, अफीम तस्करों के खिलाफ अभियान चलाकर कई अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजना एवं हजारों एकड़ में लगे पोस्ता की फसल को नष्ट करना, बालूमाथ में शांति व्यवस्था को बहाल रखने को लेकर सद्भावना कमेटी का गठन करवाना भी शामिल है।

इनके कार्यकाल की सराहना करते हुए लोगो ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुवे बधाई दी हैं। बधाई देने वाले लोगों में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव,भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, कॉन्ग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव, सद्भावना कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू ,सचिव हाजी शब्बीर ,उपेंद्र यादव ,अरविंद यादव ,मोतिउर रहमान ,मोहम्मद जुबेर ,रवि रजक, मनान कुरैशी, रवि सिंह, शैलेश सिंह ,मुखिया नरेश लोहरा, प्रयाग साहू ,अर्जुनकुमार ,नामेश्वर कुमार ,समेत कई लोग शामिल है।

## प्रदेश में दो तिहाई से अधिक बहुमत लाकर बनाएंगे सरकार : कैलाश विजयवर्गीय

एजेंसी

**भोपाल :** पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यहां पर मौजूद सभी कार्यकर्ता हमारे पोलिंग बूथ के सिपाही, प्रहरी व सेनापति हैं।

यह कार्यकर्ताओं का महासम्मेलन है, विजय सम्मेलन है। आज 2023 के विजय महासंकल्प अभियान की शुरुआत हो रही है। इसलिए मित्रों आज हम संकल्प लेंगे कि आने वाले विधानसभा चुनाव में और 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएंगे।

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को हमें इस मंच से संदेश देना है कि प्रदेश में भाजपा की दो तिहाई बहुमत से सरकार बनने वाली है। कांग्रेस ने बहुत झूठ फैलाया है, बोगस सर्वे कराकर सोशल मीडिया पर भेजे हैं कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने वाली है, अब यह सम्मेलन देखने के बाद जनता तय कर देगी कि कांग्रेस की 50 सीटें भी नहीं आने वाली हैं।

उन्होंने कहा कि 2018 में कांग्रेस झूठे वादे करके सत्ता में आई थी लेकिन जब किसान, युवा, महिलाओं से किए गए वादे पूरे करने की बात आई तो इन वादों से मुकर गई।

प्रदेश की जनता इसके लिए कभी माफ नहीं करेगी। भाजपा सरकार ने गरीब कल्याण की योजनाओं के सहारे, अनुसूचित जाति, जनजाति व गरीबों के आंसू पोछने का काम किया है। हर गरीब का पक्का मकान हो इस सपने को साकार करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है।

# नेहरू ने आदिवासियों को दिलाया जल जंगल-जमीन का अधिकार: कन्हैया कुमार

एजेंसी




**इंदौर :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, राज्यसभा सदस्य व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार रविवार को इंदौर में आदिवासी युवा महापंचायत में शामिल हुए। कार्यक्रम में कन्हैया कुमार ने युवाओं में जोश भरते हुए भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमारी जो पहचान है, उसे छुपाने का प्रयास किया जा रहा है। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी आदिवासी हैं लेकिन बड़े जोर से कांग्रेस पार्टी पर कीचड़ उछाला गया। इस देश का इतिहास उठाकर देख लीजिए, पंडित जवाहरलाल नेहरू पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने संविधान सभा में आदिवासियों के लिए जल-जंगल-जमीन का अधिकार दिलाया। जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ने वाले हमारे महामानव हैं।कन्हैया कुमार ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मप्र के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा पर भी जमकर तंज कसा। उन्होंने चैलेंज करते हुए कहा कि हम सच बोलते हैं और सच के लिए लड़ते हैं। दोनों गृह मंत्री आज इंदौर में हैं। अगर मैं गलत हूं तो हमें जेल में डालें, बिना मतलब के बयान देकर लोगों को गुमराह न करें।उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री अपने बेटे को विदेश भेज सकते हैं तो हमारा भी अधिकार है कि हमारे बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिले। हम भी टैक्स देते हैं, आपके पैसे से हमने पीएचडी की है। हमने आपका नमक खाया है। इसका कर्ज अदा करेंगे। हम महात्मा गांधी की पार्टी से हैं। एमपी में रोज नए घोटाले पैदा हो रहे हैं। नया घोटाला पटवारी घोटाला है, जिसमें टॉपर ने बताया कि एमपी की राजधानी दिल्ली है।उन्होंने नरोत्तम मिश्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि आपके राज्य में सबसे ज्यादा महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है, अपने राज्य को चला लीजिए, फिर दूसरे पर बयान दीजिए। सच बोलिए, क्योंकि जब चुनाव आता है तो दिल्ली इंदौर में घूमना शुरू कर देती है। आजकल दिल्ली इंदौर में घूम रही है। अब चुनाव आया है तो राजा का बेटा राजा नहीं होगा, आप सभी आदिवासी भाइयों को यह अहसास कराना होगा।

कन्हैया कुमार ने कहा कि देश में पंडित जवाहरलाल नेहरू, भगत सिंह, बाबा साहब अंबेडकर नहीं होते तो आगनबाड़ी सेविका का बेटा दो-दो मुख्यमंत्री के सामने भाषण नहीं दे रहा होता। यह लोकतंत्र की ताकत है।

## प्रधानमंत्री की अपील पर तीर्थयात्री खरीद रहे हैं भोजपत्र का उत्पाद : धामी



एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के प्रथम गांव माणा में की गई अपील का ही परिणाम है कि आज यहां आने वाले तीर्थयात्री भोजपत्र के उत्पादों सहित अन्य स्थानीय उत्पादों को अच्छे दामों पर खरीद रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से आज मन की बात कार्यक्रम में जनपद चमोली की नीती-माणा घाटी की महिलाओं के लिखे गए पत्र का जिक्र किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पीएम स्वनिधि लाभार्थियों के साथ मन की बात को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में सुना। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी ने एक ट्वीट कर कहा कि भोजपत्र देवभूमि उत्तराखण्ड की प्राचीन विरासत का हिस्सा है। हमारी सरकार प्रदेश की समस्त सांस्कृतिक विरासतों को संरक्षित और संवर्धित करने की दिशा में निरन्तर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड से प्रधानमंत्री मोदी का विशेष लगाव है,आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखंड के नीती-माणा घाटी की महिलाओं के लिखे गए भोजपत्र का जिक्र करना प्रदेश के लोगों के लिए खुशी की बात है। प्रधानमंत्री जब चमोली आए थे तो लोकल फॉर वोकल का भी जिक्र किया था। इसके बाद चमोली के नीती-माणा घाटी की महिलाओं ने भोजपत्र में एक पत्र लिखकर प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया था।कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 103 वां संस्करण को सुना। इसके बाद मंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम लोगों को नए कार्य करने एवं समाज के लिए अनेक कार्य करने की प्रेरणा देता है। अनेक प्रकार की विभिन्न जानकारी मिलती है।मंत्री जोशी ने कहा फुटबॉल को लेकर भी मन की बात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिक्र किया है। वह शीघ्र ही देहरादून में फुटबॉल मैच का एक आयोजन किया जाएगा और फुटबॉल के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### उत्तराखंड : यूजेवीएन लिमिटेड ने जल विद्युत उत्पादन का बनाया रिकार्ड

**देहरादून :** यूजेवीएन (उत्तराखंड जल विद्युत निगम) लिमिटेड ने एक बार फिर से एक दिन में 25.912 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर रिकार्ड बनाया है। स्थापना के बाद से अब तक का एक दिन का जल विद्युत गृहों का उत्पादन सर्वाधिक है। यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संदीप सिंघल ने बताया कि यूजेवीएन लिमिटेड की जल विद्युत परियोजनाओं द्वारा दिनांक 28 जुलाई को 25.912 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया गया जो कि निगम की स्थापना के बाद से अब तक का किसी भी एक दिन का सर्वाधिक विद्युत उत्पादन है। इससे पूर्व निगम की परियोजनाओं द्वारा किसी भी एक दिन का सर्वाधिक विद्युत उत्पादन 25.434 मिलियन यूनिट था जो कि 19 सितंबर 2022 को किया गया था। सिंघल ने कहा अतिवृष्टि एवं बाढ़ आदि से उत्पन्न विषम परिस्थितियों में भी परियोजनाओं की ओर से रिकार्ड उत्पादन निगम कार्मिकों के दृढ़संकल्प को प्रदर्शित करता है।

